

राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

10 गडकरी ने बयान ने उड़ा दी टाटा, महिंद्रा की नींद, हुआ तगड़ा नुकसान ...

त्योहार का मजा किरकिरा, केजरीवाल सरकार के पटाखा बैन वाले फैसले ... 12

वर्ष : 11 | अंक : 125 | पटना, गुरुवार, 14 सितंबर, 2023 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मौसम

अधिकतम तापमान 36°C

न्यूनतम तापमान 29.0°C

हां	30%
नहीं	50%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना	59,340
चांदी	55,350
सेंसेक्स	63,327
निफ्टी	18,816

संक्षिप्त खबरें

मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश सरकार के राहत कोष में दिए 5 करोड़ रुपये

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को पत्र लिखकर हिमाचल प्रदेश में मानसून अवधि के दौरान भारी बारिश से हुए जानमाल की क्षति पर दुःख और चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि मैं इससे काफी व्यथित हूं। मुख्यमंत्री ने सभी पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश सरकार को प्रभावित क्षेत्रों में राहत और पुनर्वास कार्य हेतु मुख्यमंत्री राहत कोष, बिहार से 5 करोड़ रुपये की सहायता राशि भेजी है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि मुझे पूर्ण विष्वास है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के योग्य और कुशल नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश इस विपदा से बाहर निकल जाएगा।

सत्र से पहले नए संसद भवन पर फहराया जाएगा तिरंगा

नई दिल्ली। अमृत काल को लेकर मोदी सरकार द्वारा बुलाए गए संसद के विशेष सत्र से एक दिन पहले नए संसद भवन पर देश का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेंगे। सरकार ने 18 से 22 सितंबर के दौरान संसद का यह विशेष सत्र बुलाया है। इससे एक दिन पहले 17 सितंबर को नए संसद भवन पर तिरंगा फहराए जाने की तैयारी की जा रही है। आपको बता दें कि, 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा का भी दिन है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भी है। बताया जा रहा है कि 17 सितंबर को उपराष्ट्रपति एवं राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ एवं लोक सभा स्पीकर ओम बिरला संसद के नए भवन के गजद्वार पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराएंगे। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेंगे।

विशेष सत्र में पांच दिन शेष, लेकिन एजेंडे की जानकारी नहीं : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने संसद के विशेष सत्र के लिए एजेंडे की सूचना नहीं होने को लेकर बुधवार को एक बार फिर सवाल उठाया और कहा कि सत्र आरंभ होने में केवल पांच दिन शेष है, लेकिन शायद एक व्यक्ति को छोड़कर एजेंडे के बारे में किसी के पास जानकारी नहीं है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने अतीत में हुई संसद की कुछ विशेष बैठकों का उल्लेख भी किया और कहा कि विशेष बैठकों से पहले कार्यसूची की जानकारी उपलब्ध होती थी। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना एक्स पर पोस्ट किया, आज 13 सितंबर है। संसद का पांच दिवसीय विशेष सत्र पांच दिन बाद शुरू होगा और एक व्यक्ति (शायद दूसरे को भी) को छोड़कर किसी को भी एजेंडे की जानकारी नहीं है। पिछले प्रत्येक अवसर पर जब भी विशेष सत्र या विशेष बैठकें आयोजित की जाती थीं, तो कार्यसूची के बारे में पहले से जानकारी होती थी। संसद का विशेष सत्र 18 से 22 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। रमेश ने कहा, 26 नवंबर, 2019 को संविधान की 70वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में केंद्रीय कक्ष में विशेष बैठक हुई। 30 जून, 2017 को जीएसटी लागू करने के लिए आधी रात को केंद्रीय कक्ष में संयुक्त विशेष सत्र हुआ। 26 और 27 नवंबर, 2015 को संविधान दिवस मनाने के लिए विशेष बैठक आयोजित हुई।

प्रत्येक परिवार स्वस्थ रहेगा तभी स्वस्थ भारत के निर्माण का संकल्प होगा पूरा : मुर्मु

राष्ट्रपति ने की आयुष्मान भव अभियान की शुरूआत

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रव्यापी आयुष्मान भव अभियान की औपचारिक शुरूआत करते हुए बुधवार को कहा कि जब प्रत्येक व्यक्ति और प्रत्येक परिवार स्वस्थ रहेगा तभी स्वस्थ भारत के निर्माण का संकल्प पूरा होगा। श्रीमती मुर्मु ने गुजरात के गांधीनगर के राजभवन से आयुष्मान भव अभियान का ओनलाइन शुरूआत करते हुए कहा कि आयुष्मान भव का लक्ष्य प्रत्येक व्यक्ति और प्रत्येक गांव को इसमें शामिल करना है। उन्होंने कहा, यह हमारे देश में सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा के उद्देश्य को प्राप्त करने में सफलता हासिल करेगा। जब प्रत्येक व्यक्ति, प्रत्येक परिवार स्वस्थ रहेगा तभी स्वस्थ भारत के निर्माण का संकल्प पूरा होगा। इस अवसर पर राष्ट्रपति के साथ राजभवन में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र भाई पटेल, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रो एस पी सिंह बघेल और डॉ.भारती प्रवीण पवार भी उपस्थित रही। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ऑनलाइन रुप से कार्यक्रम में शामिल हुए। राष्ट्रपति ने कहा कि सभी का सहयोग इतने

विशाल लक्ष्यों को हासिल करने में सहायक होगा। सभी लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराना, ग्रामीणों को स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण के बारे में जागरूक करने के लिए आयुष्मान बैठकें आयोजित करना, आयुष्मान मेलों का आयोजन और आयुष्मान आपके द्वार पहल के अंतर्गत सप्ताह में एक बार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेषज्ञ चिकित्सकों के दौरे की व्यवस्था करना सराहनीय कदम हैं। उन्होंने कहा कि भारत कई क्षेत्रों में नई तकनीक और कार्य पद्धतियों को अपनाने में बहुत उत्साह के साथ आगे बढ़ रहा है और भारत अन्य क्षेत्रों की तरह स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भी डिजिटल समावेशन का उदाहरण स्थापित करेगा। आयुष्मान भव अभियान केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की एक व्यापक राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य सेवा पहल है जिसका उद्देश्य देश के हर गांव और कस्बे तक स्वास्थ्य सेवाओं की अंतिम छोर तक पहुंचना करना है। यह अभियान 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक सेवा पखवाड़े के रुप में होगा।

राज्यपाल ने वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के जरिए कार्यक्रम में लिया भाग

पटना। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने आयुष्मान भव अभियान एवं आयुष्मान भव पोर्टल के शुभारंभ कार्यक्रम में राजभवन से वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के जरिए भाग लिया। अभियान का शुभारम्भ भारत के महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने किया।

इस अभियान का उद्देश्य विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की संतृप्ति कवरेज करना है। यह केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य सेवा पहल है, जिसके तहत देश के हर गाँव और कस्बे के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं का कवरेज प्रदान किया जाना है। इस अवसर पर राजभवन, पटना में राज्यपाल के प्रधान सचिव रॉबर्ट एल चोंग्थू एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

डीएसपी स्तर के 33 अधिकारियों का तबादला

काम्या मिश्रा बनी अपराध अनुसंधान विभाग में सहायक पुलिस अधीक्षक

प्रात : किरण

पटना। राज्य सरकार ने बड़े पैमाने पर पुलिस अधिकारियों का तबादला किया है। 2 आईपीएस और 64 डीएसपी का तबादला किया गया है। बुधवार को गृह विभाग ने जो पहली लिस्ट जारी की गयी थी उसमें दो आईपीएस अधिकारी और 33 डीएसपी का तबादला किया गया था। दूसरी लिस्ट में 31 डीएसपी का नाम शामिल है। इसके साथ ही गुरूवार को कुल 64 डीएसपी के ट्रांसफर-पोस्टिंग की लिस्ट जारी की गयी। प्रदेश के डीएसपी स्तर के 33 अधिकारियों को ट्रांसफर किया गया। पटना सदर की अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी काम्या मिश्रा को अपराध अनुसंधान विभाग में सहायक पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। औरंगाबाद के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी स्वीटी सहरावत का भी नाम है। काम्या मिश्रा की जगह पटना सदर का अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बनाया गया है। मधेपुरा के उदाकिशनगंज एसडीपीओ सतीश कुमार को गया में वजीरगंज का एसडीपीओ बनाया गया है। शिवहर के डीएसपी हेडक्वार्टर शशि शंकर कुमार को कटिहार सदर का अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बनाया गया है। पटना में विधि व्यवस्था के डीएसपी की भूमिका देख रहे नुरुल हक को नालंदा में बिहार शरीफ का अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बनाया गया है। बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस 17 बोधगया में डीएसपी मोहम्मद अनवर जावेद अंसारी को कटिहार में बारसोई का एसडीपीओ बनाया गया है। गया में बोधगया के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रहे अजय प्रसाद को नवादा का अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बनाया गया है। वहीं खगड़िया सदर के अनुमंडल

पुलिस पदाधिकारी सुमित कुमार को नालंदा के हिलसा अनुमंडल के पुलिस पदाधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। मद्य निषेध के वरीय पुलिस उपाधीक्षक मोहम्मद अमानुल्लाह खान को औरंगाबाद अनुमंडल के पुलिस पदाधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। पूर्णिया के धमदाहा अनुमंडल के पुलिस पदाधिकारी रमेश कुमार को खगड़िया के गोगरी अनुमंडल का पुलिस पदाधिकारी बनाया गया। नालंदा के हिलसा अनुमंडल के पुलिस पदाधिकारी कृष्ण मुरारी प्रसाद को पटना में पुलिस उपाधीक्षक विधि व्यवस्था बनाया गया है। पटना के यातायात पुलिस उपाधीक्षक प्रवेंद्र भारती को मधेपुरा सदर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के पद पर तैनात किया गया है। पटना के विशेष कार्य बल में तैनात पुलिस उपाधीक्षक रहमत अली को खगड़िया के सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। मुजफ्फरपुर के यातायात पुलिस उपाधीक्षक धीरज कुमार को बक्सर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के पद पर तैनात किया गया है। भागलपुर के पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय 1 प्रकाश कुमार को गया के नीमचक बथानी अनुमंडल का पुलिस पदाधिकारी बनाया गया है। लखीसराय के पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय अमित कुमार को गया के इमामगंज अनुमंडल का पुलिस पदाधिकारी बनाया गया है। रेल कटिहार के पुलिस उपाधीक्षक कुमार देवेंद्र को बगहा अनुमंडल का पुलिस पदाधिकारी बनाया गया है। सीतामढ़ी के पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय दो राकेश कुमार रंजन को सीवान का महाराजंगज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बनाया गया है। शेखपुरा के पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय संदीप गोल्डी को पूर्णिया के धमदाहा अनुमंडल का पुलिस पदाधिकारी बनाया गया है। रेल कटिहार के पुलिस उपाधीक्षक अविनाश कुमार को मधेपुरा के उदाकिशुनगंज अनुमंडल का पुलिस पदाधिकारी बनाया गया है। मोतिहारी के पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय सतीश सुमन को जमुई में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के पद पर तैनात किया गया है। गया के यातायात पुलिस उपाधीक्षक अशोक कुमार को मधुबनी के झंझारपुर अनुमंडल के पुलिस पदाधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। मुजफ्फरपुर के पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय सुधीर कुमार को मधुबनी के फुलपरास अनुमंडल का पुलिस पदाधिकारी बनाया गया है। आर्थिक अपराध इकाई के पुलिस उपाधीक्षक दिलीप कुमार को सासाराम के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के पद की जिम्मेदारी की गई है। सीतामढ़ी के पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय 1 में तैनात पुलिस उपाधीक्षक राम कृष्णा को सीतामढ़ी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी का पद सौंपा गया है। सारण के पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय सौरभ जायसवाल को बोधगया का अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के पद की जिम्मेदारी दी गई है।

दरभंगा के यातायात उपाधीक्षक राज किशोर कुमार को बेलहर अनुमंडल की जिम्मेदारी

पटना के आर्थिक अपराध इकाई में तैनात पुलिस उपाधीक्षक नवल किशोर को सारण के सोनपुर का अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बनाया गया है। दरभंगा के यातायात उपाधीक्षक राज किशोर कुमार को बांका के बेलहर अनुमंडल का पुलिस पदाधिकारी बनाया गया। सीतामढ़ी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुबोध कुमार को मोतिहारी के पकड़ीदयाल अनुमंडल का पुलिस पदाधिकारी बनाया गया है। वैशाली के पुलिस उपाधीक्षक रक्षित जयप्रकाश सिंह को बेतिया के नरकटियागंज अनुमंडल का पुलिस पदाधिकारी बनाया गया है। बेतिया के पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय आलोक कुमार को सुपौल अनुमंडल का पुलिस पदाधिकारी बनाया गया है। पटना में मध्य निषेध विभाग में तैनात पुलिस उपाधीक्षक सिंधु शेखर सिंह को मुंगेर के तारापुर अनुमंडल का पुलिस पदाधिकारी बनाया गया है। रोहतास के पुलिस उपाधीक्षक रक्षित ओम प्रकाश अरुण को नवगछिया अनुमंडल का पुलिस पदाधिकारी बनाया गया है। विशेष शाखा के पुलिस उपाधीक्षक विनय कुमार राय को बेगूसराय के बलिया अनुमंडल का पुलिस पदाधिकारी बनाया गया है।

जी20 के सफल आयोजन की पूरे विश्व में हो रही चर्चा: अनुराग

मंत्रिमंडल ने सफल आयोजन पर पीएम को बधाई देने वाला प्रस्ताव किया पारित

प्रात : किरण

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को एक प्रस्ताव पारित किया जिसमें हाल ही में सम्पन्न हुए जी20 शिखर सम्मेलन की बड़ी सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व की सराहना की गई और देशवासियों की ओर से उन्हें बधाई दी गई। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने यह जानकारी दी। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने संवाददाताओं को बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यह प्रस्ताव पेश किया। उन्होंने बताया कि इस प्रस्ताव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता और भारत के नेतृत्व में जी20 शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन पर देशवासियों की ओर से उन्हें (प्रधानमंत्री को) बधाई दी गई। उन्होंने बताया कि प्रस्ताव में कहा गया है कि जी20 का सफल आयोजन प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व और दृढ़ इच्छा शक्ति का प्रतीक है और इसके सफल आयोजन की चर्चा न केवल भारत, बल्कि पूरे विश्व में हो रही है। ठाकुर के अनुसार, इसमें कहा गया है कि नई दिल्ली घोषणापत्र पर आम सहमति भारत की बढ़ती ताकत और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दुनिया के देशों को एक मंच पर लाने का परिचायक है। उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट होता है कि भारत आज दुनिया में एजेंडा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रस्ताव में कहा गया है कि भारत ने हमेशा समावेशी विकास और समावेशिता की बात की है और जी20 समूह में अफ्रीकी संघ को शामिल किया जाना, इसे सिद्ध करता है। सूचना प्रसारण मंत्री ने बताया कि भारत आज वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ) की आवाज बनकर उभरा है। ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल अक्सर विकासशील और अल्प विकसित देशों के लिए किया जाता है, जो मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका में स्थित हैं। ठाकुर ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा पेश किया गया प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय समन्वय बैठक पुणे में आज से

मुंबई/एजेंसी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय समन्वय बैठक पुणे में गुरुवार (14 सितंबर) से शुरू हो रही है। इस बैठक में 36 संगठनों के 266 प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। इस बैठक में पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली, जीवन मूल्यों पर आधारित पारिवारिक व्यवस्था, समरसता पर जोर, स्वदेशी आचरण और नागरिक कर्तव्यों का पालन इन पांच मुद्दों पर चर्चा होगी। यह जानकारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आम्बेकर ने बुधवार को दी। सुनील आंबेकर ने पुणे में पत्रकार वार्ता में बताया कि इस बैठक में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्णगोपाल, डॉ. मनमोहन वैद्य, अरुण कुमार, मुकुंद और रामदत्त चक्रधर सहित सभी प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। इस बैठक में विद्या भारती, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, सक्षम, वनवासी कल्याण आश्रम, सेवा भारती, विश्व हिंदू परिषद, राष्ट्र सेविका समिति, भारतीय जनता पार्टी, भारतीय मजदूर संघ, भारतीय किसान संघ और अन्य सहयोगी संगठनों के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे। आंबेकर ने कहा कि संघ के स्वयंसेवक शाखा कार्य के माध्यम से निरंतर राष्ट्र सेवा कर रहे हैं। दैनिक शाखा कार्य के अलावा संघ के कार्यकर्ता सामाजिक जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में लगे हुए हैं।

संसद सत्र से पहले सरकार ने 17 को बुलाई सर्वदलीय बैठक

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। सरकार ने 18 सितंबर से शुरू होने जा रहे संसद के पांच दिवसीय विशेष सत्र से पहले 17 सितंबर को एक सर्वदलीय बैठक बुलाई। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट किया, इस महीने 18 सितंबर से शुरू होने वाले ससंद के सत्र से पहले 17 सितंबर को शाम साढ़े चार बजे सभी दलों के सदन के नेताओं की बैठक बुलाई गई है। उन्होंने कहा, इस संबंध में आमंत्रण संबंधित नेताओं को ई मेल से भेज दिये गए हैं। पत्र भी भेजे जायेंगे।

लोकसभा एवं राज्यसभा सचिवालय ने हाल ही में अपने बुलेटिन में बताया था कि संसद का विशेष सत्र 18 सितंबर से शुरू होगा और सरकार के कामकाज को देखते हुए यह 22 सितंबर तक चलेगा। इसमें कहा गया है कि सत्र आमतौर पर पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर एक बजे और फिर अपराह्न दो बजे से शाम छह बजे तक चलेगा। सचिवालय सूत्रों के अनुसार विशेष सत्र के दौरान दोनों सदनों में प्रश्नकाल और गैर सरकारी कामकाज नहीं होगा। सरकार ने सत्र का एजेंडा अभी जाहिर नहीं किया है। विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) ने इस सत्र को लेकर कहा है कि वह 18 सितंबर से बुलाए गए संसद के पांच दिवसीय विशेष सत्र में देश से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर सकारात्मक सहयोग करना चाहता है, लेकिन सरकार को यह बताना

चाहिए कि कि बैठक का विशेष एजेंडा क्या है। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर आग्रह किया था कि 18 सितंबर से शुरू होने वाले संसद के विशेष सत्र के दौरान देश की आर्थिक स्थिति, जातीय जनगणना, चीन के साथ सीमा पर गतिरोध और अडाणी समूह से जुड़े नए खुलासों की पृष्ठभूमि में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने की मांग समेत नौ मुद्दों पर उचित नियमों के तहत चर्चा कराई जाए। कांग्रेस ने संसद के विशेष सत्र के लिए एजेंडे की सूचना नहीं होने को लेकर बुधवार को एक बार फिर सवाल उठाया और कहा कि सत्र आरंभ होने में केवल पांच दिन शेष है, लेकिन शायद एक व्यक्तिह्न को छोड़कर एजेंडे के बारे में किसी के पास जानकारी नहीं है। इससे पहले, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा था कि संसद सत्र से संबंधित संवैधानिक प्रावधानों और संसदीय प्रक्रियाओं के बारे में तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश किया है।

संदिग्ध तरीके से प्रशिक्षण दे रहे केंद्र पर छापेमारी, कई लोग हिरासत में

प्रात : किरण

गोपालगंज। बिहार के गोपालगंज में आयुर्वेद दवा बेचने के नाम पर संदिग्ध तरीके से युवाओं के ट्रेनिंग देने के मामले में पुलिस और जिला प्रशासन ने तीन स्थानों और छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने हालांकि किसी भी संदिग्ध बात सामने आने से इंकार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि खुफिया विभाग की इनपुट के बाद गोपालगंज शहर के तीन ठिकानों पर छापेमारी की गई है। छापेमारी के दौरान पुलिस कई युवाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इन स्थानों से पुलिस ने मोबाइल, लैपटॉप समेत कई कागजात को जब्त कर लिया है। पुलिस हिरासत में लिए युवाओं से पूछताछ कर रही है। बताया जाता है कि यहां एक निजी आयुर्वेद कंपनी को दवा बेचने की ट्रेनिंग दी जा रही थी। पुलिस के अधिकारी पूरे मामले की छानबीन कर रहे हैं। जिला पुलिस द्वारा बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि मंगलवार की शाम में सूचना मिली कि नगर थाना अंतर्गत साधु चौक के समीप स्थित एक दुकान में अवैध दवा की बिक्री नेटवर्क बनाकर बेचा जा रहा है। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी और एसडीपीओ के नेतृत्व में ड्रग इंस्पेक्टर, नगर थानाध्यक्ष, जादोपुर थानाध्यक्ष की टीम के द्वारा सूचना का सत्यापन किया गया तथा सैम्पल की ड्रग टीम से जांच कराई गई। जांच में पाया जाता कि यह हर्बल प्रोडक्ट है जिसे विभिन्न शहरों के युवकों को बेचने के लिए पहले ट्रेनिंग दी जाती है। जांच में सेल्समैन और प्रोपराइटर से भी पूछ-ताछ की गई। जांच के क्रम में अब तक कोई संदिग्ध बात सामने नहीं आई है। ड्रग टीम के द्वारा दवाओं की जांच और प्रशासन पुलिस की टीम के द्वारा ट्रेनिंग लेने वाले युवकों का स्थानीय थाना से सत्यापन और अग्रतर जांच की जा रही है।

जी-20 का आयोजन वैश्विक शक्ति के रुप में भारत की मान्यता :धनखड़

नई दिल्ली/ एजेंसी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संवैधानिक संस्थाओं को कलंकित और अपमानित करने की साजिशों को बेअसर करने का आह्वान करते हुए बुधवार को कहा कि जी -20 का भव्य आयोजन एक वैश्विक शक्ति के रुप में भारत की मान्यता थी। श्री धनखड़ ने आज यहां सप्रू हाउस में विश्व मामलों की भारतीय परिषद (आईसीडब्ल्यूए) के अनुसंधान संकाय को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की जी-20 की अध्यक्षता एक बड़ी उपलब्धि थी। एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभरते हुए भारत की सभी पक्षों में वैध और उचित मान्यता थी और इससे वैश्विक सहमति बनी। उन्होंने ने जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत की भूमिका की व्यापक सराहना की और जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन की सफलता का उल्लेख किया। वैश्विक मंच पर भारत के बढ़ते प्रभाव का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने फ्रैजाइल फाइव का हिस्सा बनने से लेकर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने तक की भारत की यात्रा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भारत में हो रही कुछ उपलब्धियां एक समय दुनिया के लिए कल्पना से परे लगती थीं। उन्होंने कहा कि दुनिया कभी सोच भी नहीं सकती कि धर्म, जाति, पंथ और भाषा की विविधता वाले देश में ऐसा हो सकता है। श्री धनखड़ ने कहा कि भारत के बारे में समय-समय पर फैलाई जाने वाली खतरनाक, भयावह कहानियों का मुकाबला करने में सबसे आगे रहने चाहिए।

सौदा एयर चीफ ने स्पेन में उड़ाया विमान, 25 सितंबर को हवाई बेड़े में शामिल होगा

फ्रांस ने दिया पहला सी-295 परिवहन विमान, वायु सेना प्रमुख को सौंपी चाबी

फ्रांस से 16 विमान फ्लाइंग मोड में आएंगे, 40 विमान भारत में ही बनाएगा टाटा

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारतीय वायु सेना के लिए स्पेन में तैयार किया गया पहला सी-295 सैन्य परिवहन विमान बुधवार को मिल गया। एयरबस कंपनी ने भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी को स्पेन के सेविले में सी-295 विमान की चाबी सौंपी। भारतीय वायु सेना प्रमुख ने सी-295 में स्पेन के सेविले हवाई क्षेत्र से उड़ान भरी। ग्रुप कैप्टन पीएस नेगी माल्टा, मिस्र और बहरीन में रुकते हुए भारत के वडोदरा हवाई अड्डे पर उतरेंगे। यह विमान 25 सितंबर को हिंडन एयरबेस पर एक समारोह में आधिकारिक तौर पर भारत के हवाई बेड़े में शामिल किया जाएगा। फ्रांसीसी कंपनी एयरबस डिफेंस एंड स्पेस के साथ पिछले साल 24 सितंबर को 56 सी-295 सैन्य परिवहन विमानों का सौदा फाइनल हुआ था। इसी सौदे के तहत यह पहला विमान स्पेन में ही तैयार किया है। भारत को पहला विमान मिलने के साथ ही अन्य 15 विमानों के ह्यफ्लाइंग मोडह्न में आपूर्ति होने का रास्ता साफ हो गया है। समझौते के मुताबिक कंपनी को 16 विमान स्पेन में तैयार करके भारत को फ्लाइंग मोड में आपूर्ति करना है, जबकि अन्य 40 विमानों का निर्माण दस वर्षों के भीतर टाटा कंसोर्टियम भारत में ही करेगा।

एयरबस डिफेंस एंड स्पेस ने पहला सैन्य परिवहन विमान तैयार करके 5 मई को तीन घंटे की उड़ान का परीक्षण स्पेन के सेविले में किया था। सुरक्षा संबंधी कैबिनेट

समिति ने 08 सितंबर को भारतीय वायु सेना के लिए 56 ट्रांसपोर्ट विमानों की खरीद को मंजूरी दी थी। यह अपनी तरह की पहली परियोजना है, जिसमें निजी कंपनी गुजरात के वडोदरा में टाटा-एयरबस संयुक्त उद्यम में सैन्य परिवहन विमान का निर्माण करेगी। सभी 56 विमानों को स्वदेशी इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सूट के साथ स्थापित किया जाएगा। विमान को हल्के पीले रंग में पेंट किया गया और इसके बाद भारतीय वायु सेना के पारंपरिक रंग ग्रे की कोटिंग की गई है। पेंटिंग होने के बाद विमान के दोनों और हिंदी और अंग्रेजी में भारतीय वायु सेना और इंडियन एयर फोर्स लिखा गया है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह कार्यक्रम भारत सरकार के आत्मनिर्भर भारत अभियान को बड़ा बढ़ावा देगा, क्योंकि इससे भारतीय निजी क्षेत्र को प्रौद्योगिकी गहन और अत्यधिक प्रतिस्पर्धी विमानन उद्योग में प्रवेश करने का मौका मिलेगा। यह परियोजना घरेलू विमानन निर्माण को बढ़ावा देगी, जिसके परिणामस्वरूप विदेशों से आयात पर निर्भरता कम होगी और निर्यात में वृद्धि होगी। इससे 600 उच्च कुशल रोजगार सीधे और 3000 से अधिक अप्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध होंगे। यह कार्यक्रम स्वदेशी क्षमताओं को मजबूत करने और ह्यमेक इन इंडियाह्न को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार की एक अनूठी पहल है।

पूर्वी सर्किल के संरक्षा आयुक्त (रेलवे) रेलखंड का करेंगे निरीक्षण

पटना। गढ़वा रोड-पतरातू तीसरी लाईन परियोजना के अंतर्गत चियांकी-रजहरा रेलखंड का आज गुरूवार को रेल संरक्षा आयुक्त पूर्वी परिमंडल कोलकाता द्वारा निरीक्षण किया जायेगा। इसके साथ ही चियांकी से रजहरा स्टेशन तक तीव्र गति से स्पेशल ट्रेन द्वारा स्पीड ट्रायल भी किया जायेगा। इस दौरान किसी के भी रेलवे लाईन के निकट रहना असुरक्षित होगा। रेलवे लाईन के निकट नहीं आने और मवेशियों को भी दूर रखने का निर्देश दिया गया है। इसकी अवहेलना करने पर यदि किसी प्रकार की दुर्घटना होती है तो इसके लिए रेल प्रशासन जिम्मेवार नहीं होगा। उक्त जानकारी पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेन्द्र कुमार द्वारा दी गई है।

भाजपा के खिलाफ देशभर में एक प्रत्याशी उतराने की योजना : श्रवण

चुनाव नजदीक है इसलिए विपक्षी नेताओं को टारगेट कर रही भाजपा : जयंत

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

ग्रामीण विकास विभाग मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि भाजपा के खिलाफ समूचे देशभर में एक उम्मीदवार उतारने को लेकर जल्द ही फैसला लिया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी इस बात से अब घबराहट में है लेकिन 2024 में इंडिया गठबंधन भाजपा को सत्ता से बेदखल कर उनकी घबराहट को दूर कर देगी। मंत्री शुक्रवार को जदयू कार्यालय में आयोजित सुनवाई कार्यक्रम के दौरान उक्त बातें कही। मंत्री ने कहा कि सीट शेयरिंग को लेकर इंडिया गठबंधन का शीर्ष नेतृत्व उचित समय पर उचित फैसला लेगा। जो निश्चित ही सबको स्वीकार होगा। अभी इंडिया गठबंधन का एकमात्र लक्ष्य है देश में महंगाई को खत्म करना, बेरोजगारी को खत्म करना और देश की सरकारी संपत्तियों को जो लोग आने-पौने दामों में बेच रहे हैं उनसे देश को मुक्ति दिलाना। इस अवसर पर लघु एवं जल संसाधन मंत्री जयंत राज ने कहा कि मौजूदा सरकार को केंद्र सत्ता से अपदस्थ करने के लिए सभी दलों के लोग अपने-अपने हितों से वाजिब समझौते करने के लिए तैयार है। यह बात सच है कि कोई भी राजनीतिक दल अधिक से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ना चाहता है लेकिन मौजूदा परिस्थितिया ऐसी है कि आज हम सभी को सबसे पहले देश हित में सोचने की आवश्यकता है।

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव पर सीबीआई द्वारा शिकंजा कसे जाने एवं जदयू के एमएलसी राधा चरण सेठ पर ईडी की छापेमारी को लेकर मंत्री जयंत राज ने कहा कि चुनाव नजदीक है इसलिए भारतीय जनता पार्टी विपक्ष के नेताओं को बिना वजह परेशान कर रही है। भ्रष्टाचार पर भाजपा के दौहरे चरित्र को अब जनता भी समझ पहचान चुकी है। जो भी भ्रष्टाचारी भाजपा के गोद में बैठ जाता है उसे भाजपा शिष्टाचारी का सर्टिफिकेट थमा देती है और जो लोग भाजपा के खिलाफ होते हैं उन्हें केन्द्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर तंग किया जाता है। जनसुनवाई कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सह विधान परिषद रविंद्र प्रसाद सिंह एवं प्रदेश महासचिव अरुण कुमार सिंह उपस्थित थे।

रघुवंश बाबू ने ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का बिछाया जाल : जगदानंद

- राजद कार्यालय में में मनी पूर्व केन्द्रीय मंत्री की पुण्यतिथि

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राजद प्रदेश कार्यालय में समाजवादी नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ रघुवंश प्रसाद सिंह की पुण्यतिथि प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह की अध्यक्षता में मनायी गई। इस अवसर पर डॉ सिंह के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह ने कहा कि डॉ रघुवंश प्रसाद सिंह संस्थापक पार्टी के वरिष्ठ नेता थे। उनका जन्म वैशाली जिला के शाहपुर में 06 जून, 1946 को हुआ था। वे डॉ राममनोहर लोहिया, जननायक कपूर्री ठाकुर तथा जय प्रकाश नारायण के साथ काम किये। वे लोकनायक जयप्रकाश नारायण के आन्दोलन में सक्रिय रहें। वे 1977 से 1979 तक बिहार के उर्जा मंत्री रहे। वे लोकदल के अध्यक्ष बनें। वे 1985 से 1990 तक लोक लेखा समिति के अध्यक्ष रहे। वे पांच बार लोकसभा के सदस्य रहें। ठेठ और गवई अंदाज से डॉ रघुवंश प्रसाद सिंह की पहचान थी। उनकी राजनीति के केन्द्र में गरीब, पिछड़े और ग्रामीण वर्गों के लोग रहें। वे केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री के रूप में मनरेगा मैन कहलाए और ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का जाल बिछाकर विकास की एक नई अध्याय लिखी। इस अवसर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुलबारी सिद्दीकी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक, भोला यादव, बिनू यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष वृषिण पटेल, डॉ अनिल सहनी, मंत्री इसराईल मंसुरी, समीर कुमार महासेठ, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, प्रदेश महासचिव डॉ कुमार राहुल सिंह, प्रमोद कुमार राम, मदन शर्मा, फैयाज आलम कमाल, बल्ली यादव, खुर्शीद आलम सिद्दीकी, डॉ प्रेम कुमार गुप्ता, संजय यादव, भाई अरूण कुमार, अभिषेक कुमार सिंह, प्रदेश सचिव प्रमोद कुमार सिन्हा, विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्षों में अरविन्द कुमार सहनी, अशोक कुमार गुप्ता, विजय कुमार यादव, रीतू जायसवाल, कुमर राय, महेन्द्र प्रसाद विद्यार्थी, संतोष भारती, गोपाल कुमार गुप्ता, आयुष अग्रवाल, विनोद यादव, उपेन्द्र चन्द्रवंशी, जेम्स कुमार यादव, मनोज यादव, राजेन्द्र यादव सहित सैंकड़ों नेता कार्यकर्ता शामिल थे।

महिला सशक्तिकरण के मामले में रोल मॉडल हैं नीतीश : राजीव

पटना। पटना के पहाड़ी में पूर्व उप महापौर प्रत्याशी सीमा पटेल तथा अखिल भारतीय धानुक महासंघ की महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती पिंकी देवी के नेतृत्व में अतिपिछड़ा समाज की महिलाओं का सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जदयू के राष्ट्रीय महासचिव व प्रवक्ता राजीव रंजन सम्मिलित हुए। इस अवसर पर अखिल भारतीय धानुक महासंघ के अध्यक्ष व जदयू के वरिष्ठ नेता शंकर प्रसाद, उपाध्यक्ष विजय कुमार राय समेत लगभग एक हजार से अधिक महिलाओं की मौजूदगी रही। जदयू के राष्ट्रीय महासचिव ने नीतीश कुमार को महिला सशक्तिकरण के मामले में पूरे देश का रोल मॉडल बताया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के समग्र विकास व सशक्तिकरण के लिए मुख्यमंत्री ने जितने काम किये हैं वह पूरे देश में एक मिसाल है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में महिलाओं के जन्म से लेकर शिक्षा तक भी विशेष ध्यान दिया गया है। मुख्यमंत्री बालिका साइकिल व पोशाक योजना लड़कियों की शिक्षा के क्षेत्र में गेम चेंजर योजना साबित हुई। इससे स्कूलों में लड़कियों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। आज स्कूल जाने वाली लड़कियों की संख्या लड़कों के बराबर हो चुकी है। राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि लड़कियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के लिए बिहार में इंटरमीडिएट पास अविवाहित लड़कियों को 25 हजार रुपये और स्नातक पास लड़कियों को 50 हजार रुपये दिए जाने का प्रावधान किया है। इसके अलावा मेडिकल, इंजीनियरिंग और प्रस्तावित स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी में नामांकन में 33 प्रतिशत सीट लड़कियों के लिए कर दिया गया है। ऐसा करने वाला बिहार देश का पहला राज्य है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त सरकार महिलाओं की उद्यमिता को निखारने के लिए भी प्रयासरत है। सरकार की महिला उद्यमी योजना के तहत 10 लाख रुपये तक की मदद की जा रही है, जिसमें से पांच लाख अनुदान के रूप में मिलेगा और बाकी पांच लाख लोन होगा। इसमें किसी भी प्रकार ब्याज नहीं लगेगा(यही नहीं सरकार जीविका योजना के तहत महिलाओं को सामाजिक स्तर पर भी सशक्त कर रही है। अभी तक कुल 10.45 लाख स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जा चुका है, वहीं एक करोड़ 30 लाख परिवारों की महिलाओं को इन समूहों से जोड़ा जा चुका है। 62 अस्पतालों में दीदी की रसोई, अनुसूचित जाति/जनजाति, आवासीय विद्यालयों एवं अन्य संस्थानों में 14 दीदी की रसोई का संचालन जीविका दीदियों द्वारा किया जा रहा है। वास्तव में नीतीश सरकार के कार्यों की गूंज अब देश के साथ दुनिया में भी सुनाई पड़ रही है।

महंगाई के चलते 47 फीसदी लोगों ने लौटा दी जीवन बीमा पॉलिसी : भाकपा

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि मोदी सरकार की जनविरोधी आर्थिक नीति के चलते एक आम परिवार का घर चलाना मुश्किल हो गया है। जानलेवा महँगाई का परिणाम यह है कि जरूरी जीवन बीमा पॉलिसी भी लोग सरेंडर करने पर मजबूर हो गये हैं। पिछले 5 सालों में 47 फीसदी लोगों ने जीवन बीमा पॉलिसी लौटा दी है। भाकपा राज्य सचिव ने बयान जारी कर कहा कि मोदी सरकार के पिछले नौ वर्षों के कार्यकाल में महंगाई आसमान छूने लगी है। इसका असर लोगों के जीवन यापन पर पड़ने लगा है। लोग अपनी भोजन जैसी महत्वपूर्ण आवश्यक आवस्यकताओं के सामानों में कटौती कर जीवन बीमा का पॉलिसी कराते हैं, लेकिन मोदी सरकार की विनाशकारी आर्थिक नीतियों के कारण जीवन बीमा कराने वाले 47 फीसदी लोगों ने अपना किस्त जमा करना बंद कर दिया है या पॉलिसी लौटा दी है। मोदी सरकार में पूंजीपतियों की संपत्ति दिन दूनी रात चौगूनी बढ़ रही है वहीं गरीब और गरीब होते जा रहे हैं। खाद्य वस्तुओं की कीमत में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। खाद्य वस्तुओं के साथ साथ मशाले की कीमत में भी बेतहासा वृद्धि हुई है। भोजन की थाली 65 फीसदी महंगी हो गई है। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि महंगाई पर रोक लगाने के नारे के साथ केंद्र में आई मोदी सरकार महंगाई रोकने में फिसड्डी साबित हुई है। महंगाई का मार से सबसे ज्यादा गरीब और मध्यम वर्ग त्रस्त है। गरीबों को घर चलाना मुश्किल हो गया है। महंगाई रोकने में विफल मोदी सरकार को देश की जनता 2024 के लोकसभा चुनाव में सबक सिखाने का कार्य करेगी।

मोदी सरकार को श्रमिकों की नहीं, बड़े उद्योगपतियों की चिंता : उमेश

- मुख्यमंत्री के प्रयास से पलायन करने वाले श्रमिकों की संख्या में कमी आई : श्रवण
- कोरोना काल में भी श्रमिकों का सहारा बनें नीतीश कुमार : सुनील
- श्रम प्रकोष्ठ के कंधे पर है पार्टी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी : जयंत

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा बिहार के आधुनिक विश्वकर्मा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार द्वारा राज्य एवं राज्य के बाहर कार्य करने वाले सभी श्रमिक भाई-बहनों के कल्याण की कई योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। उनकी सरकार ना केवल श्रमिकों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाती है, बल्कि विपरीत परिस्थितियों में उन्हें अथवा उनके परिजनों को तत्परता के साथ सहायता भी पहुंचाती है। प्रदेश अध्यक्ष बुधवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित जदयू श्रम एवं तकनीकी प्रकोष्ठ के प्रशिक्षण सह कार्यकर्ता सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए उक्त बातें कहीं। श्री कुशवाहा ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र में बैठी मोदी सरकार को देश के श्रमिकों के बजाय बड़े उद्योगपतियों एवं पूंजीपतियों की विशेष चिंता है। देश की गरीब श्रमिकों की आमदनी भले ही न बढ़े लेकिन मोदी सरकार के करीबी उद्योगपतियों एवं पूंजीपतियों की आमदनी बढ़ती रहनी चाहिए, यही भाजपा की पहली प्राथमिकता है। श्री कुशवाहा ने कहा कि कोरोना काल में भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार ने श्रमिकों को उनके दयनीय स्थिति में छोड़ दिया था तब माननीय मुख्यमंत्री जी ने स्वंय के साधन और संसधान से श्रमिकों बिहार लाया और उनके समस्याओं को दूर करने के लिए तमाम तरह की व्यवस्था भी की। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सत्ता संभालने के बाद सबसे अधिक बिहार के श्रमिकों की फिक्रमन्दी की। मुख्यमंत्री के प्रयास से आज बिहार से पलायन करने वाले श्रमिकों की संख्या में व्यापक कमी आई है। मद्य निषेध मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री ने अपने कार्यक्षमता और दूरदृष्टि से बिहार की तकदीर और तस्वीर बदलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के दौरान मुख्यमंत्री ने अन्य प्रदेशों में काम कर रहे श्रमिक भाईयों के लिये बिहार में रोजगार का अवसर प्रदान किया, उस विकट परिस्थितियों में भी मुख्यमंत्री ने अपने श्रमिकों का साथ नहीं छोड़ा बल्कि श्रमिकों सहारा बनने का काम किया। लघु जल संसाधन मंत्री जयंत राज ने कहा कि श्रम प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। आप सभी अपने-अपने क्षेत्र में जाकर मुख्यमंत्री जी के द्वारा किए गए विकासकार्यों को आम जनता तक पहुंचाएं। आपकी यह पहल 2024 आगामी लोकसभा चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाएगी। भाजपा को 2024 में केंद्र की सत्ता से निष्कासित करने के लिए हमें एकजुट होने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सह विधानपार्षद रविन्द्र प्रसाद सिंह, विधानपार्षद संजय कुमार सिंह गांधी जी, श्रम एवं तकनीकी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ई रामचरित्र प्रसाद, पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा, मुख्यालय प्रभारी अरुण कुमार सिंह, प्रकोष्ठ प्रभारी सह मुख्यालय प्रभारी सुनील कुमार सुशील उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रम एवं तकनीकी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ई रामचरित्र प्रसाद ने किया एवं संचालन श्रम एवं तकनीकी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष नागमणि कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम में मौजूद ई अशोक कुमार, ई आंनद मोहन, वीरेंद्र कुमार सिंह, ई. शिवरत्न कुमार, नवल कुमार सिंह, चांदनी सिंह कुशवाहा, कुंती कुमारी, राधा पटेल, ई. शशिभूषण सिंह, हरिओम कुशवाहा, सुरेंद्र मिश्रा, गणेश शंकर कुशवाहा, जिला अध्यक्ष शंकर सिंह, कुमारी पलवी पटेल, मनोज सिंह कुशवाहा, चंद्रवंशी कुमार पटेल सहित तमाम जिलों के जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण मौजूद थे।

गोपाल प्रसाद गुप्ता बने राजद व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष

पटना। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने गोपाल प्रसाद गुप्ता को बिहार प्रदेश राजद व्यवसायिक प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष तथा आयुष अग्रवाल को राजद व्यवसायिक प्रकोष्ठ का प्रदेश प्रधान महासचिव मनोनीत किया है। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक, बीनू यादव, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहु और मंत्री समीर कुमार महासेठ, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद की उपस्थिति मे प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने मनोनयन पत्र दिया। इस आशय की जानकारी देते हुए प्रदेश राजद के प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष ने 15 दिनों के अंदर राज्य एवं जिला कमिटी का गठन करने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर इन दोनो के मनोनयन पर राजद के वरिष्ठ नेता सह बिहार सरकार के मंत्री समीर कुमार महासेठ, प्रदेश राजद के प्रधान महासचिव रणविजय साहू, विधायक संजय गुप्ता, राजेश गुप्ता, मंजू अग्रवाल, प्रदेश महासचिव डॉक्टर प्रेम कुमार गुप्ता, राजद आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पी के चैधरी, राजद महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष रितू जायसवाल, राजद व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता सुरेश कुमार साहू एवं दीपक साह सहित अन्य नेताओं ने बधाई देते हुए कहा कि इनके नेतृत्व में राष्ट्रीय जनता दल राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद के विचारों और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए और व्यवसायियो के बीच ले जाने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करेगें, साथ ही व्यवसायियों के समस्याओं का निराकरण की दिशा में पार्टी नेतृत्व को भी गुप्ता जी अवगत कराते रहेगे।

अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, 52,600 वसूला गया जुर्माना

पटना। प्रमंडलीय आयुक्त कुमार रवि के निदेश पर पटना शहर में अतिक्रमण उन्मूलन मल्टी-एजेंसी विशेष अभियान चलाया गया। कंकड़बाग अंचल में कॉलोनी मोड़ ओल्ड बाईपास से बहादुरपुर तक अतिक्रमण हटाया गया। अभियान के दौरान अतिक्रमण में प्रयुक्त दो ठेला जप्त किया गया। साथ ही 6,800 जुमार्ना वसूला गया। अभियान अंतर्गत इस अंचल में अबतक कुल वसूली 18,700 रुपये हुई है। बांकीपुर अंचल में दिनकर चौक से कदमकुआँ तक अतिक्रमण हटाया गया। अभियान के दौरान 40 अवैध बैनर एवं 04 होर्डिंग हटाया गया तथा अतिक्रमण में प्रयुक्त बास-बल्ला जप्त किया गया। साथ ही 22 हजार जुमार्ना वसूला गया। अभियान के तहत इस अंचल में अबतक कुल वसूली 33,900 रुपये हुई है। नूतन राजधानी अंचल में कौशल नगर दोनों तरफ, कुक्कुट अनुसंधान प्रशिक्षण केन्द्र के नजदीक से अतिक्रमण हटाया गया। इन अंचलों में आज के अतिक्रमण हटाओ अभियान में कुल रुपया 28,800 दैनिक दण्ड के रूप में वसूली की गई। अभियान अंतर्गत इन अंचलों में अभी तक कुल रुपया 52,600 की वसूली हुई है। आयुक्त श्री रवि के निदेश पर यातायात पुलिस द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त श्री रवि ने निदेश दिया कि एन्टी-इंक्रोचमेंट ड्राईव आगे भी जारी रहेगा। आयुक्त श्री रवि के निर्देश पर संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों के नेतृत्व में फॉलोअप टीम लगातार सक्रिय है। जहां-जहां अतिक्रमण हटाया गया है वहां यह टीम पुनः अतिक्रमण की घटना से सख्ती से निपटेगी। आयुक्त श्री रवि ने अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में व्यवधान डालने वालों से सख्ती से निपटने का निर्देश दिया है। उन्होंने आवश्यकतानुसार कानूनी कार्रवाई भी करने का निर्देश दिया है। निदेशों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध सख्त-से-सख्त कार्रवाई की जाएगी।

साहित्य सम्मेलन में आयोजित हुई संभाषण-कार्यशाला

पटना। सभाओं में यह प्रायः ही देखा जाता है कि व्याख्यान देने वाले वक्ता, किसे और कैसे संबोधन करें यह भी नहीं जानते। सौ में निन्यानवे वक्ताओं को, व्याख्यान का व्याकरण नहीं पता होता। किसी भी सभा में व्याख्यान का आरंभ करते हुए, वक्ताओं को सब से पहले सभा के अध्यक्ष को ही संबोधित करना चाहिए, भले ही वह कोई कनीय व्यक्ति ही क्यों न हो। अध्यक्ष ही प्रथम संबोध्य होते हैं। यदि सभा में महामहिम राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति अथवा राज्यपाल की उपस्थिति हो, तो अपवाद स्वरूप महामहिम को प्रथम-संबोधन प्राप्त होता है। यह बातें बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन द्वारा आहूत हिन्दी पखवारा के 13 वें दिन बुधवार को आयोजित संभाषण-कार्यशाला में अपना व्याख्यान देते हुए सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने श्याम-पट पर विधिवत कक्षा लेते हुए, व्याख्यान-कौशल के विविध पक्षों, उच्चारण, भाषा, पुनरावृति-दोष, स्वर, गति-यति, समय-नियोजन आदि पर विस्तारपूर्वक और सोदाहरण चर्चा की और बताया कि किस प्रकार व्याख्यान को रोचक और श्रवणीय बनाया जा सकता है। कार्यशाला में सम्मेलन की उपाध्यक्ष डा मधु वर्मा, डा कल्याणी कुसुम सिंह, डा पूनम आनन्द, डा ध्रुव कुमार, आराधना प्रसाद, डा पुष्पा जमुआर, डा नागेश्वर प्रसाद यादव, विभा रानी श्रीवास्तव, डा मनोज गोवर्द्धनपुरी, कृष्ण रंजन सिंह, तलत परवीन, चंदा मिश्र, ई अशोक कुमार, कृष्ण रंजन सिंह, सदानन्द प्रसाद, मीरा श्रीवास्तव, अनुभा गुप्ता, नीरव समदर्शी, दिगम्बर जायसवाल, बाँके बिहारी साव, डौली कुमारी, कुणाल कौशल आदि प्रतिभागी उपस्थित थे ।

इंडिया गठबंधन को अपनी नीति स्पष्ट करने की जरूरत : चिराग

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने इंडिया गठबंधन पर तंज कसा है। बुधवार को अपने आवास पर मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि बार-बार हम लोगों ने इस बात को कहा है कि सीट शेयरिंग से ज्यादा जरूरी है अपनी नीति स्पष्ट करने की। क्योंकि अलग-अलग विचारधाराओं के दल इस गठबंधन में एक साथ आए हैं। इनको अपने नीति स्पष्ट करने की जरूरत है। कहा कि क्या आज की बैठक में यह लोग इस बात को स्पष्ट करेंगे कि जो एंटी सनातन सोच इस गठबंधन की तरफ से जो सामने आई है क्या उस सोच से तमाम घटक दल सहमत हैं। जितने भी घटक दल इस विपक्षी गठबंधन में है, जिसमें कई ऐसे दल हैं जो इस सनातन का नाम लेते हैं हिंदू धर्म के अग्रणी लोग में से हैं, यह लोग संरक्षक बने फिरते हैं। शिवसेना जैसी पार्टी है ,कई ऐसे दल हैं तो क्या वे लोग उस सोच से सहमत हैं जो उदयनिधि के तरफ से सनातन धर्म के बारे में जो सोच रखी गई। मुझे लगता है जब तक आप अपने नीति को स्पष्ट नहीं करेंगे आप सीट का बंटवारा करके क्या कीजिएगा। इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन पासवान ने दिया।

हरिओम कुशवाहा तीसरी बार बने जदयू श्रम एवं तकनीकी प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव

पटना। जदयू प्रदेश कार्यालय में पदाधिकारियों का प्रशिक्षण सह सम्मान समारोह कार्यक्रम के अवसर पर हरिओम कुशवाहा को तीसरी बार जदयू श्रम एवं तकनीकी प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव बनने पर प्रदेश अध्यक्ष ई.रामचरित्र प्रसाद ने मनोनयन पत्र दिया। मनोयन पत्र मिलने पर हरिओम कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा,श्रम एवं तकनीकी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ई रामचरित्र प्रसाद,उपाध्यक्ष ई. नागमणि कुशवाहा के प्रति धन्यवाद आभार व्यक्त किये। इस अवसर पर ग्रामीण विकास बिभाग मंत्री सह जमुई जिला प्रभारी मंत्री श्रवण कुमार, लघु जल संसाधन मंत्री जयंत राज कुशवाहा, मध निषेध बिभाग मंत्री सुनील कुमार, विधान परिषद सदस्य रविंद्र प्रसाद,विधान परिषद रीना यादव,मुख्यालय प्रभारी चंदन सिंह,महिला आयोग सदस्य स्वेता विश्वास समेत पार्टी के पदाधिकारी मौजूद थे।

रेल मंत्रालय ने अगस्त माह तक 1.13 ट्रिलियन किया खर्च

पटना। रेल मंत्रालय द्वारा चालू वित्त वर्ष के अगस्त माह तक 1.13 ट्रिलियन रुपये का पूंजीगत व्यय किया गया है। यह पूंजीगत व्यय वित्त वर्ष 2023-24 के लिए निर्धारित अनुमानित पूंजीगत व्यय 2.44 ट्रिलियन का 46.6 प्रतिशत है । इस पूंजीगत व्यय के साथ भारतीय रेल केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों/विभागों द्वारा अगस्त तक किए गए पूंजीगत व्यय में प्रथम स्थान पर रहा। अप्रैल से अगस्त तक किए गए पूंजीगत व्यय के मामले में 46.4 प्रतिशत पूंजीगत व्यय के साथ एनएचएआई भारतीय रेल के बाद दूसरे स्थान पर रहा । पूर्व मध्य रेल का पूंजीगत व्यय प्रदर्शन भी काफी बेहतर है। पूर्व मध्य रेल द्वारा चालू वित्त वर्ष के 12 सितंबर तक आधारभूत संरचना के विकास पर 7005.58 करोड़ रूपए पूंजीगत व्यय किए गए हैं जो 2023-24 के लिए निर्धारित पूंजीगत व्यय 10687.70 करोड़ का 65.55 प्रतिशत है ।

सविल सेवा (प्रधान) परीक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट, दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति

स्वच्छ, कदाचारमुक्त परीक्षा सम्पन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता: डीएम व एसएसपी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा (प्रधान) परीक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। जिला पदाधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर सिंह एवं वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने कहा है कि स्वच्छ, कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विधि-व्यवस्था संधारण एवं भीड़-प्रबंधन हेतु स्थानीय निरीक्षण अधिकारी, सहायक पर्यवेक्षक-सह-स्टैटिक दण्डाधिकारी, जोनल दंडाधिकारी-सह-सहायक समन्वय पर्यवेक्षक, सुरक्षित दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी संघ लोक सेवा आयोग के अनुदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। परीक्षा पटना केन्द्र के दो उप केन्द्रों पर 15 से 17 सितंबर तक एवं 23 से 24 सितंबर तक दो पालियों में आयोजित होगी। परीक्षार्थियों की संख्या 382 है। परीक्षा के सफल संचालन के लिए प्रत्येक उप केन्द्र पर 1-1 स्थानीय निरीक्षण अधिकारी एवं 1-1 सहायक पर्यवेक्षक-सह-स्टैटिक दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। 01 जोनल दंडाधिकारी को प्रतिनियुक्त किया गया है। साथ ही 05 दंडाधिकारियों को जिला नियंत्रण कक्ष में सुरक्षित रखा गया है। दण्डाधिकारियों के साथ पुलिस पदाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही सशस्त्र बल, लाठी बल, महिला बल एवं पुलिस बल को भी लगाया गया है। डीएम डॉ. सिंह एवं एसएसपी श्री मिश्रा ने कहा कि आयोग की परीक्षाओं का निष्पक्ष और सहज संचालन सुनिश्चित करने में स्थानीय निरीक्षण अधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सभी प्रतिनियुक्त स्थानीय निरीक्षण अधिकारी आयोग द्वारा निर्धारित कार्यों एवं उत्तरदायित्वों का अक्षरशः अनुपालन करें। वे आवंटित परीक्षा उप केन्द्र का भ्रमण कर तैयारियों का निरीक्षण करेंगे। सभी प्रतिनियुक्त स्थानीय निरीक्षण अधिकारी निर्धारित तिथियों को परीक्षा प्रारंभ होने के दो घंटा पूर्व तक अपने परीक्षा उपकेन्द्र पर निश्चित रूप से पहुँच जाएंगे तथा परीक्षा कार्य समाप्ति तक अपने उपकेन्द्र पर बने रहेंगे। वे संघ लोक सेवा आयोग द्वारा उपलब्ध करायी गयी मार्ग-दर्शिका के अनुरूप अनुदेशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। सभी स्थानीय निरीक्षण अधिकारी अपने-अपने परीक्षा उप केन्द्र के प्रत्येक पाली की परीक्षा प्रारंभ होने के निर्धारित समय से 10 मिनट पूर्व मुख्य गेट बंद करवाना सुनिश्चित करेंगे। किसी भी परीक्षार्थी को किसी भी परिस्थिति में परीक्षा प्रारंभ होने के निर्धारित समय से 10 मिनट पूर्व यानि प्रथम पाली 08.50 बजे पूर्वाह्न एवं द्वितीय पाली 01.50 बजे अपराह्न के बाद परीक्षा उपकेन्द्र के परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी एवं किसी भी हालत में उपस्थित परीक्षार्थी को परीक्षा समाप्ति के पूर्व परीक्षा हॉल/कमरा छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

संघ लोक सेवा आयोग के निदेश के आलोक में परीक्षा हॉल/कमरा में मोबाईल फोन, आईटी गजट्स, डिजिटल वाच, स्मार्ट वाच, ब्लूटुथ या अन्य कोई संवाद उपकरण ले जाना प्रतिबंधित है। अतएव परीक्षा में किसी भी परीक्षार्थी को मोबाईल फोन, पेजर, आई.टी. गजट्स, ब्लूटुथ एवं अन्य प्रकार के किसी संवाद उपकरण परीक्षा हॉल/कमरा में ले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उक्त निदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित परीक्षार्थी के विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करते हुए भविष्य में आयोग द्वारा आयोजित होनेवाली परीक्षाओं से भी वंचित कर दिया जायेगा। साथ ही केन्द्राधीक्षक, सहायक पर्यवेक्षक, वीक्षक एवं परीक्षा से जुड़े अन्य पदाधिकारी/कर्मी को भी परीक्षा हॉल/कमरा में मोबाईल फोन या अन्य प्रकार के किसी संवाद उपकरण को अंदर ले जाने की अनुमति नहीं है। ई-प्रवेश पत्र में उल्लेखित स्थान (परीक्षा उप केन्द्र) को छोड़कर परीक्षार्थी को किसी अन्य स्थान (परीक्षा उप केन्द्र) पर परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी। परीक्षा के सफल संचालन हेतु प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं अन्य पदाधिकारियों को बुधवार को हिन्दी भवन, छज्जुबाग, पटना समाहरणालय में ब्रीफ किया गया। संघ लोक सेवा आयोग के प्रतिनिधि की उपस्थिति में आयुक्त के सचिव प्रीतेश्वर प्रसाद एवं अपर जिला दण्डाधिकारी, विधि-व्यवस्था श्री हेमंत कुमार ने पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निदेश दिया।

इस परीक्षा के सफल संचालन हेतु मनीष कुमार, श्रम अधीक्षक, पटना-सह-अपर प्रभारी दण्डाधिकारी, जिला नियंत्रण कक्ष, पटना को समुचित सहयोग एवं समन्वय स्थापित करने हेतु जिला नियंत्रण कक्ष में नोडल पदाधिकारी के रूम में नामित किया गया है।

डेंगू का डंक : प्रतिदिन 3 बार फॉगिंग करने का सभी अंचलों में निर्देश

पटना नगर निगम की टीम कर रही एंटी लार्वा का छिड़काव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना नगर निगम द्वारा डेंगू से बचाव एवं रोकथाम के लिए फागिंग एवं एंटी लार्वा का छिड़काव प्रतिदिन किया जा रहा है, इसी कड़ी में अब ऐसे भवनों को भी चिन्हित किया जा रहा जो कि आधे अधूरे बने हुए हैं। कई बार देखने में ऐसा आता है कि इन जगहों पर पानी इकट्ठा हो जाने से मच्छर पनपते हैं। ऐसे में पटना नगर निगम द्वारा सभी अंचलों में ऐसी जगह को चिन्हित किया जा रहा है जो सरकारी अथवा निजी अर्ध निर्मित हैं इन जगहों पर विशेष रूप से एंटी लार्वा का छिड़काव किया जाएगा। बता दें कि पटना नगर निगम द्वारा डेंगू से बचाव एवं जन जागरूकता के लिए लगातार स्मार्ट सिटी के श्टऊ एवं पीएस सिस्टम के द्वारा भी आम जनों को जागरूक किया जा रहा है। प्रतिदिन पीएस सिस्टम पर विभिन्न जिंगल के माध्यम से जागरूकता संदेश दिए जा रहे।

प्रतिदिन वार्डों में घूम रही है डॉक्टरों की टीम : डेंगू के प्रति जागरूकता के लिए पटना नगर निगम के स्वास्थ्य पदाधिकारी की नियुक्ति सभी अंचल में की गई है। प्रतिदिन डॉक्टरों द्वारा वार्ड में भ्रमण कर आम जनों को जागरूक करने के साथ-साथ सावधानियां बरतने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही लाइन लिस्ट के अनुसार प्रभावित घरों में विशेष रूप से फॉगिंग एवं एन्टी लार्वा का छिड़काव लगातार सुनिश्चित किया जा रहा है।

प्रतिदिन 3 बार फॉगिंग करने का सभी अंचलों में निर्देश :

नगर आयुक्त द्वारा प्रतिदिन हर वार्ड में 50 घरों में एंटी लार्वा एवं 3 बार फॉगिंग करने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही सभी जगह की जियो टैग के माध्यम से तस्वीरें वरीय अधिकारियों तक भी शेयर की जाती है। जिससे कार्यों की मॉनिटरिंग सुचारू रूप से चल सके। नगर आयुक्त के निर्देश पर लगातार टीम द्वारा वॉकी-टॉकी के माध्यम से भी फागिंग एवं एंटी लार्वा की रिपोर्ट साझा की जाती है।

आमजनों से साफ पानी इक्क्ठा न होने देने एवं गमलों में छिड़काव करने देने की अपील :
गौरतलब है कि डेंगू के मच्छर साफ पानी में फैलते हैं ऐसे में पटना नगर निगम द्वारा आम से अपील की जा रही है कि वह अपने घर छत एवं डब्बे, टायर आदि सहित अपने आसपास में पानी इकट्ठा न होने दें। कई घरों में पटना नगर निगम की टीम को गमले एवं घर के अंदर में छिड़काव करने से रोका जा रहा है। ऐसे में पटना नगर निगम द्वारा अपील की जाती है कि वह नगर निगम की टीम द्वारा दी जा रही इस सुविधा का अवश्य लाभ लें। बता दे की पटना नगर निगम द्वारा शहर में डेंगू से जागरूकता एवं बचाव के लिए एंटी लार्वा की टीम प्रतिदिन 50-50 घरों को हर वार्ड में कवर कर रही है। इसके अतिरिक्त दो पालियों में फॉगिंग भी करवाया जा रहा है जिससे डेंगू की रोकथाम की जा सके। इसके साथ ही आम जनों से अपील की जाती है कि वह फॉगिंग एवं एंटी लार्वा के छिड़काव से संबंधित शिकायतों के लिए 155304 पर संपर्क कर सकते हैं।

दैनिक कर्मियों के वेतन में बढ़ोतरी

पटना। पटना नगर निगम द्वारा सफाई कर्मियों के वेतन में बढ़ोतरी की गई है। पटना नगर निगम के अंतर्गत कार्य करने वाले दैनिक सफाई कर्मियों के वेतन में 30 रुपये प्रतिदिन अतिरिक्त वेतन की बढ़ोतरी माननीय महापौर स्थाई समिति के सदस्य एवं नगर आयुक्त द्वारा संयुक्त बैठक कर मंजूरी दी गई। दैनिक कर्मियों में कुशल एवं अति-कुशल को दी गई बढ़ोतरी : पटना नगर निगम द्वारा दैनिक कर्मियों कुशल को पूर्व से 450 रुपया प्रतिदिन के हिसाब से दिया जाता था जिसे बढ़ाकर अब 480 रुपए किए गए हैं। उनके मासिक वेतन की बात करें तो दैनिक कर्मियों को जहां पूर्व में 13601 रुपए सीटीसी दिया जाता था वहीं वर्तमान में इसे बढ़ाकर 14508 रुपए किया गया है। वही दैनिक कर्मियों अतिकुशल को 500 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से दिए जाते थे जिसे बढ़ाकर अब 530 रुपये किया गया है। सुपरवाइजर को पहले 15113 सीटीसी दी जाती थी जिसे बनाकर अब 16019 रुपए किया गया है। गौरतलब है कि इन कर्मियों का 5 रुपये प्रतिमाह इपीएफ की सुविधाएं भी पटना नगर निगम द्वारा अलग से दी जाती हैं। सफाई कर्मियों द्वारा निरंतर शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाती है। महापौर एवं नगर आयुक्त द्वारा कर्मियों के मनोबल को बढ़ाने के लिए यह राशि वृद्धि की गई है।

पूर्वी सर्किल के संरक्षा आयुक्त (रेलवे) रेलखंड का करेंगे निरीक्षण

पटना। गढ़वा रोड-पतरातू तीसरी लाईन परियोजना के अंतर्गत चियांकी-रजहरा रेलखंड का आज गुरूवार को रेल संरक्षा आयुक्त पूर्वी परिमंडल कोलकाता द्वारा निरीक्षण किया जायेगा। इसके साथ ही चियांकी से रजहरा स्टेशन तक तीव्र गति से स्पेशल ट्रेन द्वारा स्पीड ट्रायल भी किया जायेगा। इस दौरान किसी के भी रेलवे लाईन के निकट रहना असुरक्षित होगा। रेलवे लाईन के निकट नहीं आने और मवेशियों को भी दूर रखने का निर्देश दिया गया है। इसकी अवहेलना करने पर यदि किसी प्रकार की दुर्घटना होती है तो इसके लिए रेल प्रशासन जिम्मेवार नहीं होगा। उक्त जानकारी पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेन्द्र कुमार द्वारा दी गई है।

भाजपा के खिलाफ देशभर में एक प्रत्याशी उतराने की योजना : श्रवण

चुनाव नजदीक है इसलिए विपक्षी नेताओं को टारगेट कर रही भाजपा : जयंत

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

ग्रामीण विकास विभाग मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि भाजपा के खिलाफ समूचे देशभर में एक उम्मीदवार उतारने को लेकर जल्द ही फैसला लिया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी इस बात से अब घबराहट में है लेकिन 2024 में इंडिया गठबंधन भाजपा को सत्ता से बेदखल कर उनकी घबराहट को दूर कर देगी। मंत्री शुक्रवार को जदयू कार्यालय में आयोजित सुनवाई कार्यक्रम के दौरान उक्त बातें कही। मंत्री ने कहा कि सीट शेयरिंग को लेकर इंडिया गठबंधन का शीर्ष नेतृत्व उचित समय पर उचित फैसला लेगा। जो निश्चित ही सबको स्वीकार होगा। अभी इंडिया गठबंधन का एकमात्र लक्ष्य है देश में महंगाई को खत्म करना, बेरोजगारी को खत्म करना और देश की सरकारी संपत्तियों को जो लोग आने-पौने दामों में बेच रहे हैं उनसे देश को मुक्ति दिलाना। इस अवसर पर लघु एवं जल संसाधन मंत्री जयंत राज ने कहा कि मौजूदा सरकार को केंद्र सत्ता से अपदस्थ करने के लिए सभी दलों के लोग अपने-अपने हितों से वाजिब समझौते करने के लिए तैयार है। यह बात सच है कि कोई भी राजनीतिक दल अधिक से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ना चाहता है लेकिन मौजूदा परिस्थितिया ऐसी है कि आज हम सभी को सबसे पहले देश हित में सोचने की आवश्यकता है।

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव पर सीबीआई द्वारा शिकंजा कसे जाने एवं जदयू के एमएलसी राधा चरण सेठ पर ईडी की छापेमारी को लेकर मंत्री जयंत राज ने कहा कि चुनाव नजदीक है इसलिए भारतीय जनता पार्टी विपक्ष के नेताओं को बिना वजह परेशान कर रही है। भ्रष्टाचार पर भाजपा के दौहरे चरित्र को अब जनता भी समझ पहचान चुकी है। जो भी भ्रष्टाचारी भाजपा के गोद में बैठ जाता है उसे भाजपा शिष्टाचारी का सर्टिफिकेट थमा देती है और जो लोग भाजपा के खिलाफ होते हैं उन्हें केन्द्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर तंग किया जाता है। जनसुनवाई कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सह विधान परिषद रविंद्र प्रसाद सिंह एवं प्रदेश महासचिव अरुण कुमार सिंह उपस्थित थे।

रघुवंश बाबू ने ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का बिछाया जाल : जगदानंद

- राजद कार्यालय में में मनी पूर्व केन्द्रीय मंत्री की पुण्यतिथि

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राजद प्रदेश कार्यालय में समाजवादी नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ रघुवंश प्रसाद सिंह की पुण्यतिथि प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह की अध्यक्षता में मनायी गई। इस अवसर पर डॉ सिंह के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह ने कहा कि डॉ रघुवंश प्रसाद सिंह संस्थापक पार्टी के वरिष्ठ नेता थे। उनका जन्म वैशाली जिला के शाहपुर में 06 जून, 1946 को हुआ था। वे डॉ राममनोहर लोहिया, जननायक कपूर्री ठाकुर तथा जय प्रकाश नारायण के साथ काम किये। वे लोकनायक जयप्रकाश नारायण के आन्दोलन में सक्रिय रहें। वे 1977 से 1979 तक बिहार के उर्जा मंत्री रहे। वे लोकदल के अध्यक्ष बनें। वे 1985 से 1990 तक लोक लेखा समिति के अध्यक्ष रहे। वे पांच बार लोकसभा के सदस्य रहें। ठेठ और गवई अंदाज से डॉ रघुवंश प्रसाद सिंह की पहचान थी। उनकी राजनीति के केन्द्र में गरीब, पिछड़े और ग्रामीण वर्गों के लोग रहें। वे केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री के रूप में मनरेगा मैन कहलाए और ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का जाल बिछाकर विकास की एक नई अध्याय लिखी। इस अवसर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुलबारी सिद्दीकी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक, भोला यादव, बिनू यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष वृषिण पटेल, डॉ अनिल सहनी, मंत्री इसराईल मंसुरी, समीर कुमार महासेठ, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, प्रदेश महासचिव डॉ कुमार राहुल सिंह, प्रमोद कुमार राम, मदन शर्मा, फैयाज आलम कमाल, बल्ली यादव, खुर्शीद आलम सिद्दीकी, डॉ प्रेम कुमार गुप्ता, संजय यादव, भाई अरूण कुमार, अभिषेक कुमार सिंह, प्रदेश सचिव प्रमोद कुमार सिन्हा, विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्षों में अरविन्द कुमार सहनी, अशोक कुमार गुप्ता, विजय कुमार यादव, रीतू जायसवाल, कुमर राय, महेन्द्र प्रसाद विद्यार्थी, संतोष भारती, गोपाल कुमार गुप्ता, आयुष अग्रवाल, विनोद यादव, उपेन्द्र चन्द्रवंशी, जेम्स कुमार यादव, मनोज यादव, राजेन्द्र यादव सहित सैंकड़ों नेता कार्यकर्ता शामिल थे।

महिला सशक्तिकरण के मामले में रोल मॉडल हैं नीतीश : राजीव

पटना। पटना के पहाड़ी में पूर्व उप महापौर प्रत्याशी सीमा पटेल तथा अखिल भारतीय धानुक महासंघ की महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती पिंकी देवी के नेतृत्व में अतिपिछड़ा समाज की महिलाओं का सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जदयू के राष्ट्रीय महासचिव व प्रवक्ता राजीव रंजन सम्मिलित हुए। इस अवसर पर अखिल भारतीय धानुक महासंघ के अध्यक्ष व जदयू के वरिष्ठ नेता शंकर प्रसाद, उपाध्यक्ष विजय कुमार राय समेत लगभग एक हजार से अधिक महिलाओं की मौजूदगी रही। जदयू के राष्ट्रीय महासचिव ने नीतीश कुमार को महिला सशक्तिकरण के मामले में पूरे देश का रोल मॉडल बताया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के समग्र विकास व सशक्तिकरण के लिए मुख्यमंत्री ने जितने काम किये हैं वह पूरे देश में एक मिसाल है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में महिलाओं के जन्म से लेकर शिक्षा तक भी विशेष ध्यान दिया गया है। मुख्यमंत्री बालिका साइकिल व पोशाक योजना लड़कियों की शिक्षा के क्षेत्र में गेम चेंजर योजना साबित हुई। इससे स्कूलों में लड़कियों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। आज स्कूल जाने वाली लड़कियों की संख्या लड़कों के बराबर हो चुकी है। राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि लड़कियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के लिए बिहार में इंटरमीडिएट पास अविवाहित लड़कियों को 25 हजार रुपये और स्नातक पास लड़कियों को 50 हजार रुपये दिए जाने का प्रावधान किया है। इसके अलावा मेडिकल, इंजीनियरिंग और प्रस्तावित स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी में नामांकन में 33 प्रतिशत सीट लड़कियों के लिए कर दिया गया है। ऐसा करने वाला बिहार देश का पहला राज्य है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त सरकार महिलाओं की उद्यमिता को निखारने के लिए भी प्रयासरत है। सरकार की महिला उद्यमी योजना के तहत 10 लाख रुपये तक की मदद की जा रही है, जिसमें से पांच लाख अनुदान के रूप में मिलेगा और बाकी पांच लाख लोन होगा। इसमें किसी भी प्रकार ब्याज नहीं लगेगा(यही नहीं सरकार जीविका योजना के तहत महिलाओं को सामाजिक स्तर पर भी सशक्त कर रही है। अभी तक कुल 10.45 लाख स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जा चुका है, वहीं एक करोड़ 30 लाख परिवारों की महिलाओं को इन समूहों से जोड़ा जा चुका है। 62 अस्पतालों में दीदी की रसोई, अनुसूचित जाति/जनजाति, आवासीय विद्यालयों एवं अन्य संस्थानों में 14 दीदी की रसोई का संचालन जीविका दीदियों द्वारा किया जा रहा है। वास्तव में नीतीश सरकार के कार्यों की गूंज अब देश के साथ दुनिया में भी सुनाई पड़ रही है।

महंगाई के चलते 47 फीसदी लोगों ने लौटा दी जीवन बीमा पॉलिसी : भाकपा

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि मोदी सरकार की जनविरोधी आर्थिक नीति के चलते एक आम परिवार का घर चलाना मुश्किल हो गया है। जानलेवा महँगाई का परिणाम यह है कि जरूरी जीवन बीमा पाँलिसी भी लोग सरेंडर करने पर मजबूर हो गये हैं। पिछले 5 सालों में 47 फीसदी लोगों ने जीवन बीमा पॉलिसी लौटा दी है। भाकपा राज्य सचिव ने बयान जारी कर कहा कि मोदी सरकार के पिछले नौ वर्षों के कार्यकाल में महंगाई आसमान छूने लगी है। इसका असर लोगों के जीवन यापन पर पड़ने लगा है। लोग अपनी भोजन जैसी महत्वपूर्ण आवश्यक आवस्यकताओं के सामानों में कटौती कर जीवन बीमा का पाँलिसी कराते हैं, लेकिन मोदी सरकार की विनाशकारी आर्थिक नीतियों के कारण जीवन बीमा कराने वाले 47 फीसदी लोगों ने अपना किस्त जमा करना बंद कर दिया है या पॉलिसी लौटा दी है। मोदी सरकार में पूंजीपतियों की संपत्ति दिन दूनी रात चौगूनी बढ़ रही है वहीं गरीब और गरीब होते जा रहे हैं। खाद्य वस्तुओं की कीमत में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। खाद्य वस्तुओं के साथ साथ मशाले की कीमत में भी बेतहासा वृद्धि हुई है। भोजन की थाली 65 फीसदी महंगी हो गई है। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि महंगाई पर रोक लगाने के नारे के साथ केंद्र में आई मोदी सरकार महंगाई रोकने में फिसड्डी साबित हुई है। महंगाई का मार से सबसे ज्यादा गरीब और मध्यम वर्ग त्रस्त है। गरीबों को घर चलाना मुश्किल हो गया है। महंगाई रोकने में विफल मोदी सरकार को देश की जनता 2024 के लोकसभा चुनाव में सबक सिखाने का कार्य करेगी।

मोदी सरकार को श्रमिकों की नहीं, बड़े उद्योगपतियों की चिंता : उमेश

- मुख्यमंत्री के प्रयास से पलायन करने वाले श्रमिकों की संख्या में कमी आई : श्रवण
- कोरोना काल में भी श्रमिकों का सहारा बनें नीतीश कुमार : सुनील
- श्रम प्रकोष्ठ के कंधे पर है पार्टी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी : जयंत

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा बिहार के आधुनिक विश्वकर्मा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार द्वारा राज्य एवं राज्य के बाहर कार्य करने वाले सभी श्रमिक भाई-बहनों के कल्याण की कई योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। उनकी सरकार ना केवल श्रमिकों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाती है, बल्कि विपरीत परिस्थितियों में उन्हें अथवा उनके परिजनों को तत्परता के साथ सहायता भी पहुंचाती है। प्रदेश अध्यक्ष बुधवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित जदयू श्रम एवं तकनीकी प्रकोष्ठ के प्रशिक्षण सह कार्यकर्ता सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए उक्त बातें कहीं। श्री कुशवाहा ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र में बैठी मोदी सरकार को देश के श्रमिकों के बजाय बड़े उद्योगपतियों एवं पूंजीपतियों की विशेष चिंता है। देश की गरीब श्रमिकों की आमदनी भले ही न बढ़े लेकिन मोदी सरकार के करीबी उद्योगपतियों एवं पूंजीपतियों की आमदनी बढ़ती रहनी चाहिए, यही भाजपा की पहली प्राथमिकता है। श्री कुशवाहा ने कहा कि कोरोना काल में भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार ने श्रमिकों को उनके दयनीय स्थिति में छोड़ दिया था तब माननीय मुख्यमंत्री जी ने स्वंय के साधन और संसधान से श्रमिकों बिहार लाया और उनके समस्याओं को दूर करने के लिए तमाम तरह की व्यवस्था भी की। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सत्ता संभालने के बाद सबसे अधिक बिहार के श्रमिकों की फिक्रमन्दी की। मुख्यमंत्री के प्रयास से आज बिहार से पलायन करने वाले श्रमिकों की संख्या में व्यापक कमी आई है। मद्य निषेध मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री ने अपने कार्यक्षमता और दूरदृष्टि से बिहार की तकदीर और तस्वीर बदलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के दौरान मुख्यमंत्री ने अन्य प्रदेशों में काम कर रहे श्रमिक भाईयों के लिये बिहार में रोजगार का अवसर प्रदान किया, उस विकट परिस्थितियों में भी मुख्यमंत्री ने अपने श्रमिकों का साथ नहीं छोड़ा बल्कि श्रमिकों सहारा बनने का काम किया। लघु जल संसाधन मंत्री जयंत राज ने कहा कि श्रम प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। आप सभी अपने-अपने क्षेत्र में जाकर मुख्यमंत्री जी के द्वारा किए गए विकासकार्यो को आम जनता तक पहुंचाएं। आपकी यह पहल 2024 आगामी लोकसभा चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाएगी। भाजपा को 2024 में केंद्र की सत्ता से निष्कासित करने के लिए हमें एकजुट होने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सह विधानपार्षद रविन्द्र प्रसाद सिंह, विधानपार्षद संजय कुमार सिंह गांधी जी, श्रम एवं तकनीकी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ई रामचरित्र प्रसाद, पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा, मुख्यालय प्रभारी अरुण कुमार सिंह, प्रकोष्ठ प्रभारी सह मुख्यालय प्रभारी सुनील कुमार सुशील उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रम एवं तकनीकी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ई रामचरित्र प्रसाद ने किया एवं संचालन श्रम एवं तकनीकी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष नागमणि कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम में मौजूद ई अशोक कुमार, ई आंनद मोहन, वीरेंद्र कुमार सिंह, ई. शिवरत्न कुमार, नवल कुमार सिंह, चांदनी सिंह कुशवाहा, कुंती कुमारी, राधा पटेल, ई. शशिभूषण सिंह, हरिओम कुशवाहा, सुरेंद्र मिश्रा, गणेश शंकर कुशवाहा, जिला अध्यक्ष शंकर सिंह, कुमारी पलवी पटेल, मनोज सिंह कुशवाहा, चंद्रवंशी कुमार पटेल सहित तमाम जिलों के जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण मौजूद थे।

गोपाल प्रसाद गुप्ता बने राजद व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष

पटना। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने गोपाल प्रसाद गुप्ता को बिहार प्रदेश राजद व्यवसायिक प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष तथा आयुष अग्रवाल को राजद व्यवसायिक प्रकोष्ठ का प्रदेश प्रधान महासचिव मनोनीत किया है। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक, बीनू यादव, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहु और मंत्री समीर कुमार महासेठ, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद की उपस्थिति मे प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने मनोनयन पत्र दिया। इस आशय की जानकारी देते हुए प्रदेश राजद के प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष ने 15 दिनों के अंदर राज्य एवं जिला कमिटी का गठन करने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर इन दोनो के मनोनयन पर राजद के वरिष्ठ नेता सह बिहार सरकार के मंत्री समीर कुमार महासेठ, प्रदेश राजद के प्रधान महासचिव रणविजय साहू, विधायक संजय गुप्ता, राजेश गुप्ता, मंजू अग्रवाल, प्रदेश महासचिव डॉक्टर प्रेम कुमार गुप्ता, राजद आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पी के चैधरी, राजद महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष रितू जायसवाल, राजद व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता सुरेश कुमार साहू एवं दीपक साह सहित अन्य नेताओं ने बधाई देते हुए कहा कि इनके नेतृत्व में राष्ट्रीय जनता दल राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद के विचारों और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए और व्यवसायियो के बीच ले जाने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करेगें, साथ ही व्यवसायियों के समस्याओं का निराकरण की दिशा में पार्टी नेतृत्व को भी गुप्ता जी अवगत कराते रहेगे।

अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, 52,600 वसूला गया जुर्माना

पटना। प्रमंडलीय आयुक्त कुमार रवि के निदेश पर पटना शहर में अतिक्रमण उन्मूलन मल्टी-एजेंसी विशेष अभियान चलाया गया। कंकड़बाग अंचल में कॉलोनी मोड़ ओल्ड बाईपास से बहादुरपुर तक अतिक्रमण हटाया गया। अभियान के दौरान अतिक्रमण में प्रयुक्त दो ठेला जप्त किया गया। साथ ही 6,800 जुमार्ना वसूला गया। अभियान अंतर्गत इस अंचल में अबतक कुल वसूली 18,700 रुपये हुई है। बांकीपुर अंचल में दिनकर चौक से कदमकुआँ तक अतिक्रमण हटाया गया। अभियान के दौरान 40 अवैध बैनर एवं 04 होर्डिंग हटाया गया तथा अतिक्रमण में प्रयुक्त बास-बल्ला जप्त किया गया। साथ ही 22 हजार जुमार्ना वसूला गया। अभियान के तहत इस अंचल में अबतक कुल वसूली 33,900 रुपये हुई है। नूतन राजधानी अंचल में कौशल नगर दोनों तरफ, कुक्कुट अनुसंधान प्रशिक्षण केन्द्र के नजदीक से अतिक्रमण हटाया गया। इन अंचलों में आज के अतिक्रमण हटाओ अभियान में कुल रुपया 28,800 दैनिक दण्ड के रूप में वसूली की गई। अभियान अंतर्गत इन अंचलों में अभी तक कुल रुपया 52,600 की वसूली हुई है। आयुक्त श्री रवि के निदेश पर यातायात पुलिस द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त श्री रवि ने निदेश दिया कि एन्टी-इंक्रोचमेंट ड्राईव आगे भी जारी रहेगा। आयुक्त श्री रवि के निर्देश पर संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों के नेतृत्व में फॉलोअप टीम लगातार सक्रिय है। जहां-जहां अतिक्रमण हटाया गया है वहां यह टीम पुनः अतिक्रमण की घटना से सख्ती से निपटेगी। आयुक्त श्री रवि ने अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में व्यवधान डालने वालों से सख्ती से निपटने का निर्देश दिया है। उन्होंने आवश्यकतानुसार कानूनी कार्रवाई भी करने का निर्देश दिया है। निदेशों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध सख्त-से-सख्त कार्रवाई की जाएगी।

साहित्य सम्मेलन में आयोजित हुई संभाषण-कार्यशाला

पटना। सभाओं में यह प्रायः ही देखा जाता है कि व्याख्यान देने वाले वक्ता, किसे और कैसे संबोधन करें यह भी नहीं जानते। सौ में निन्यानवे वक्ताओं को, व्याख्यान का व्याकरण नहीं पता होता। किसी भी सभा में व्याख्यान का आरंभ करते हुए, वक्ताओं को सब से पहले सभा के अध्यक्ष को ही संबोधित करना चाहिए, भले ही वह कोई कनीय व्यक्ति ही क्यों न हो। अध्यक्ष ही प्रथम संबोध्य होते हैं। यदि सभा में महामहिम राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति अथवा राज्यपाल की उपस्थिति हो, तो अपवाद स्वरूप महामहिम को प्रथम-संबोधन प्राप्त होता है। यह बातें बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन द्वारा आहूत हिन्दी पखवारा के 13 वें दिन बुधवार को आयोजित संभाषण-कार्यशाला में अपना व्याख्यान देते हुए सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने श्याम-पट पर विधिवत कक्षा लेते हुए, व्याख्यान-कौशल के विविध पक्षों, उच्चारण, भाषा, पुनरावृति-दोष, स्वर, गति-यति, समय-नियोजन आदि पर विस्तारपूर्वक और सोदाहरण चर्चा की और बताया कि किस प्रकार व्याख्यान को रोचक और श्रवणीय बनाया जा सकता है। कार्यशाला में सम्मेलन की उपाध्यक्ष डा मधु वर्मा, डा कल्याणी कुसुम सिंह, डा पूनम आनन्द, डा ध्रुव कुमार, आराधना प्रसाद, डा पुष्पा जमुआर, डा नागेश्वर प्रसाद यादव, विभा रानी श्रीवास्तव, डा मनोज गोवर्द्धनपुरी, कृष्ण रंजन सिंह, तलत परवीन, चंदा मिश्र, ई अशोक कुमार, कृष्ण रंजन सिंह, सदानन्द प्रसाद, मीरा श्रीवास्तव, अनुभा गुप्ता, नीरव समदर्शी, दिगम्बर जायसवाल, बाँके बिहारी साव, डौली कुमारी, कुणाल कौशल आदि प्रतिभागी उपस्थित थे।

इंडिया गठबंधन को अपनी नीति स्पष्ट करने की जरूरत : चिराग

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने इंडिया गठबंधन पर तंज कसा है। बुधवार को अपने आवास पर मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि बार-बार हम लोगों ने इस बात को कहा है कि सीट शेयरिंग से ज्यादा जरूरी है अपनी नीति स्पष्ट करने की। क्योंकि अलग-अलग विचारधाराओं के दल इस गठबंधन में एक साथ आए हैं। इनको अपने नीति स्पष्ट करने की जरूरत है। कहा कि क्या आज की बैठक में यह लोग इस बात को स्पष्ट करेंगे कि जो एंटी सनातन सोच इस गठबंधन की तरफ से जो सामने आई है क्या उस सोच से तमाम घटक दल सहमत हैं। जितने भी घटक दल इस विपक्षी गठबंधन में है, जिसमें कई ऐसे दल हैं जो इस सनातन का नाम लेते हैं हिंदू धर्म के अग्रणी लोग में से हैं, यह लोग संरक्षक बने फिरते हैं। शिवसेना जैसी पार्टी है ,कई ऐसे दल हैं तो क्या वे लोग उस सोच से सहमत हैं जो उदयनिधि के तरफ से सनातन धर्म के बारे में जो सोच रखी गई। मुझे लगता है जब तक आप अपने नीति को स्पष्ट नहीं करेंगे आप सीट का बंटवारा करके क्या कीजिएगा। इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन पासवान ने दिया।

हरिओम कुशवाहा तीसरी बार बने जदयू श्रम एवं तकनीकी प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव

पटना। जदयू प्रदेश कार्यालय में पदाधिकारियों का प्रशिक्षण सह सम्मान समारोह कार्यक्रम के अवसर पर हरिओम कुशवाहा को तीसरी बार जदयू श्रम एवं तकनीकी प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव बनने पर प्रदेश अध्यक्ष ई.रामचरित्र प्रसाद ने मनोनयन पत्र दिया। मनोयन पत्र मिलने पर हरिओम कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा,श्रम एवं तकनीकी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ई रामचरित्र प्रसाद,उपाध्यक्ष ई. नागमणि कुशवाहा के प्रति धन्यवाद आभार व्यक्त किये। इस अवसर पर ग्रामीण विकास बिभाग मंत्री सह जमुई जिला प्रभारी मंत्री श्रवण कुमार, लघु जल संसाधन मंत्री जयंत राज कुशवाहा, मध निषेध बिभाग मंत्री सुनील कुमार, विधान परिषद सदस्य रविंद्र प्रसाद,विधान परिषद रीना यादव,मुख्यालय प्रभारी चंदन सिंह,महिला आयोग सदस्य स्वेता विश्वास समेत पार्टी के पदाधिकारी मौजूद थे।

रेल मंत्रालय ने अगस्त माह तक 1.13 ट्रिलियन किया खर्च

पटना। रेल मंत्रालय द्वारा चालू वित्त वर्ष के अगस्त माह तक 1.13 ट्रिलियन रुपये का पूंजीगत व्यय किया गया है। यह पूंजीगत व्यय वित्त वर्ष 2023-24 के लिए निर्धारित अनुमानित पूंजीगत व्यय 2.44 ट्रिलियन का 46.6 प्रतिशत है। इस पूंजीगत व्यय के साथ भारतीय रेल केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों/विभागों द्वारा अगस्त तक किए गए पूंजीगत व्यय में प्रथम स्थान पर रहा। अप्रैल से अगस्त तक किए गए पूंजीगत व्यय के मामले में 46.4 प्रतिशत पूंजीगत व्यय के साथ एनएचएआई भारतीय रेल के बाद दूसरे स्थान पर रहा। पूर्व मध्य रेल का पूंजीगत व्यय प्रदर्शन भी काफी बेहतर है। पूर्व मध्य रेल द्वारा चालू वित्त वर्ष के 12 सितंबर तक आधारभूत संरचना के विकास पर 7005.58 करोड़ रूपए पूंजीगत व्यय किए गए हैं जो 2023-24 के लिए निर्धारित पूंजीगत व्यय 10687.70 करोड़ का 65.55 प्रतिशत है।

सविल सेवा (प्रधान) परीक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट, दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति

स्वच्छ, कदाचारमुक्त परीक्षा सम्पन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता: डीएम व एसएसपी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा (प्रधान) परीक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। जिला पदाधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर सिंह एवं वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने कहा है कि स्वच्छ, कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विधि-व्यवस्था संधारण एवं भीड़-प्रबंधन हेतु स्थानीय निरीक्षण अधिकारी, सहायक पर्यवेक्षक-सह-स्टैटिक दण्डाधिकारी, जोनल दंडाधिकारी-सह-सहायक समन्वय पर्यवेक्षक, सुरक्षित दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी संघ लोक सेवा आयोग के अनुदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। परीक्षा पटना केन्द्र के दो उप केन्द्रों पर 15 से 17 सितंबर तक एवं 23 से 24 सितंबर तक दो पालियों में आयोजित होगी। परीक्षार्थियों की संख्या 382 है। परीक्षा के सफल संचालन के लिए प्रत्येक उप केन्द्र पर 1-1 स्थानीय निरीक्षण अधिकारी एवं 1-1 सहायक पर्यवेक्षक-सह-स्टैटिक दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। 01 जोनल दंडाधिकारी को प्रतिनियुक्त किया गया है। साथ ही 05 दंडाधिकारियों को जिला नियंत्रण कक्ष में सुरक्षित रखा गया है। दण्डाधिकारियों के साथ पुलिस पदाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही सशस्त्र बल, लाठी बल, महिला बल एवं पुलिस बल को भी लगाया गया है। डीएम डॉ. सिंह एवं एसएसपी श्री मिश्रा ने कहा कि आयोग की परीक्षाओं का निष्पक्ष और सहज संचालन सुनिश्चित करने में स्थानीय निरीक्षण अधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सभी प्रतिनियुक्त स्थानीय निरीक्षण अधिकारी आयोग द्वारा निर्धारित कार्यों एवं उत्तरदायित्वों का अक्षरशः अनुपालन करें। वे आवंटित परीक्षा उप केन्द्र का भ्रमण कर तैयारियों का निरीक्षण करेंगे। सभी प्रतिनियुक्त स्थानीय निरीक्षण अधिकारी निर्धारित तिथियों को परीक्षा प्रारंभ होने के दो घंटा पूर्व तक अपने परीक्षा उपकेन्द्र पर निश्चित रूप से पहुँच जाएंगे तथा परीक्षा कार्य समाप्ति तक अपने उपकेन्द्र पर बने रहेंगे। वे संघ लोक सेवा आयोग द्वारा उपलब्ध करायी गयी मार्ग-दर्शिका के अनुरूप अनुदेशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। सभी स्थानीय निरीक्षण अधिकारी अपने-अपने परीक्षा उप केन्द्र के प्रत्येक पाली की परीक्षा प्रारंभ होने के निर्धारित समय से 10 मिनट पूर्व मुख्य गेट बंद करवाना सुनिश्चित करेंगे। किसी भी परीक्षार्थी को किसी भी परिस्थिति में परीक्षा प्रारंभ होने के निर्धारित समय से 10 मिनट पूर्व यानि प्रथम पाली 08.50 बजे पूर्वाह्न एवं द्वितीय पाली 01.50 बजे अपराह्न के बाद परीक्षा उपकेन्द्र के परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी एवं किसी भी हालत में उपस्थित परीक्षार्थी को परीक्षा समाप्ति के पूर्व परीक्षा हॉल/कमरा छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

संघ लोक सेवा आयोग के निदेश के आलोक में परीक्षा हॉल/कमरा में मोबाईल फोन, आईटी गजट्स, डिजिटल वाच, स्मार्ट वाच, ब्लूटुथ या अन्य कोई संवाद उपकरण ले जाना प्रतिबंधित है। अतएव परीक्षा में किसी भी परीक्षार्थी को मोबाईल फोन, पेजर, आई.टी. गजट्स, ब्लूटुथ एवं अन्य प्रकार के किसी संवाद उपकरण परीक्षा हॉल/कमरा में ले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उक्त निदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित परीक्षार्थी के विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करते हुए भविष्य में आयोग द्वारा आयोजित होनेवाली परीक्षाओं से भी वंचित कर दिया जायेगा। साथ ही केन्द्राधीक्षक, सहायक पर्यवेक्षक, वीक्षक एवं परीक्षा से जुड़े अन्य पदाधिकारी/कर्मी को भी परीक्षा हॉल/कमरा में मोबाईल फोन या अन्य प्रकार के किसी संवाद उपकरण को अंदर ले जाने की अनुमति नहीं है। ई-प्रवेश पत्र में उल्लेखित स्थान (परीक्षा उप केन्द्र) को छोड़कर परीक्षार्थी को किसी अन्य स्थान (परीक्षा उप केन्द्र) पर परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी। परीक्षा के सफल संचालन हेतु प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं अन्य पदाधिकारियों को बुधवार को हिन्दी भवन, छज्जुबाग, पटना समाहरणालय में ब्रीफ किया गया। संघ लोक सेवा आयोग के प्रतिनिधि की उपस्थिति में आयुक्त के सचिव प्रीतेश्वर प्रसाद एवं अपर जिला दण्डाधिकारी, विधि-व्यवस्था श्री हेमंत कुमार ने पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निदेश दिया।

इस परीक्षा के सफल संचालन हेतु मनीष कुमार, श्रम अधीक्षक, पटना-सह-अपर प्रभारी दण्डाधिकारी, जिला नियंत्रण कक्ष, पटना को समुचित सहयोग एवं समन्वय स्थापित करने हेतु जिला नियंत्रण कक्ष में नोडल पदाधिकारी के रूम में नामित किया गया है।

डेंगू का डंक : प्रतिदिन 3 बार फॉगिंग करने का सभी अंचलों में निर्देश

पटना नगर निगम की टीम कर रही एंटी लार्वा का छिड़काव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना नगर निगम द्वारा डेंगू से बचाव एवं रोकथाम के लिए फागिंग एवं एंटी लार्वा का छिड़काव प्रतिदिन किया जा रहा है, इसी कड़ी में अब ऐसे भवनों को भी चिन्हित किया जा रहा जो कि आधे अधूरे बने हुए हैं। कई बार देखने में ऐसा आता है कि इन जगहों पर पानी इकट्ठा हो जाने से मच्छर पनपते हैं। ऐसे में पटना नगर निगम द्वारा सभी अंचलों में ऐसी जगह को चिन्हित किया जा रहा है जो सरकारी अथवा निजी अर्ध निर्मित हैं इन जगहों पर विशेष रूप से एंटी लार्वा का छिड़काव किया जाएगा। बता दें कि पटना नगर निगम द्वारा डेंगू से बचाव एवं जन जागरूकता के लिए लगातार स्मार्ट सिटी के श्टऊ एवं पीएस सिस्टम के द्वारा भी आम जनों को जागरूक किया जा रहा है। प्रतिदिन पीएस सिस्टम पर विभिन्न जिंगल के माध्यम से जागरूकता संदेश दिए जा रहे।

प्रतिदिन वार्डों में घूम रही है डॉक्टरों की टीम : डेंगू के प्रति जागरूकता के लिए पटना नगर निगम के स्वास्थ्य पदाधिकारी की नियुक्ति सभी अंचल में की गई है। प्रतिदिन डॉक्टरों द्वारा वार्ड में भ्रमण कर आम जनों को जागरूक करने के साथ-साथ सावधानियां बरतने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही लाइन लिस्ट के अनुसार प्रभावित घरों में विशेष रूप से फॉगिंग एवं एन्टी लार्वा का छिड़काव लगातार सुनिश्चित किया जा रहा है।

प्रतिदिन 3 बार फॉगिंग करने का सभी अंचलों में निर्देश :

नगर आयुक्त द्वारा प्रतिदिन हर वार्ड में 50 घरों में एंटी लार्वा एवं 3 बार फॉगिंग करने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही सभी जगह की जियो टैग के माध्यम से तस्वीरें वरीय अधिकारियों तक भी शेयर की जाती है। जिससे कार्यों की मॉनिटरिंग सुचारू रूप से चल सके। नगर आयुक्त के निर्देश पर लगातार टीम द्वारा वॉकी-टॉकी के माध्यम से भी फागिंग एवं एंटी लार्वा की रिपोर्ट साझा की जाती है।

आमजनों से साफ पानी इक्कठा न होने देने एवं गमलों में छिड़काव करने देने की अपील :

गौरतलब है कि डेंगू के मच्छर साफ पानी में फैलते हैं ऐसे में पटना नगर निगम द्वारा आम से अपील की जा रही है कि वह अपने घर छत एवं डब्बे, टायर आदि सहित अपने आसपास में पानी इकट्ठा न होने दें। कई घरों में पटना नगर निगम की टीम को गमले एवं घर के अंदर में छिड़काव करने से रोका जा रहा है। ऐसे में पटना नगर निगम द्वारा अपील की जाती है कि वह नगर निगम की टीम द्वारा दी जा रही इस सुविधा का अवश्य लाभ लें। बता दे की पटना नगर निगम द्वारा शहर में डेंगू से जागरूकता एवं बचाव के लिए एंटी लार्वा की टीम प्रतिदिन 50-50 घरों को हर वार्ड में कवर कर रही है। इसके अतिरिक्त दो पालियों में फॉगिंग भी करवाया जा रहा है जिससे डेंगू की रोकथाम की जा सके। इसके साथ ही आम जनों से अपील की जाती है कि वह फॉगिंग एवं एंटी लार्वा के छिड़काव से संबंधित शिकायतों के लिए 155304 पर संपर्क कर सकते हैं।

दैनिक कर्मियों के वेतन में बढ़ोतरी

पटना। पटना नगर निगम द्वारा सफाई कर्मियों के वेतन में बढ़ोतरी की गई है। पटना नगर निगम के अंतर्गत कार्य करने वाले दैनिक सफाई कर्मियों के वेतन में 30 रुपये प्रतिदिन अतिरिक्त वेतन की बढ़ोतरी माननीय महापौर स्थाई समिति के सदस्य एवं नगर आयुक्त द्वारा संयुक्त बैठक कर मंजूरी दी गई। दैनिक कर्मियों में कुशल एवं अति-कुशल को दी गई बढ़ोतरी : पटना नगर निगम द्वारा दैनिक कर्मियों कुशल को पूर्व से 450 रुपया प्रतिदिन के हिसाब से दिया जाता था जिसे बढ़ाकर अब 480 रुपए किए गए हैं। उनके मासिक वेतन की बात करें तो दैनिक कर्मियों को जहां पूर्व में 13601 रुपए सीटीसी दिया जाता था वहीं वर्तमान में इसे बढ़ाकर 14508 रुपए किया गया है। वही दैनिक कर्मियों अतिकुशल को 500 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से दिए जाते थे जिसे बढ़ाकर अब 530 रुपये किया गया है। सुपरवाइजर को पहले 15113 सीटीसी दी जाती थी जिसे बनाकर अब 16019 रुपए किया गया है। गौरतलब है कि इन कर्मियों का 5 रुपये प्रतिमाह इपीएफ की सुविधाएं भी पटना नगर निगम द्वारा अलग से दी जाती हैं। सफाई कर्मियों द्वारा निरंतर शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाती है। महापौर एवं नगर आयुक्त द्वारा कर्मियों के मनोबल को बढ़ाने के लिए यह राशि वृद्धि की गई है।

संक्षिप्त खबरें

निषाद आरक्षण संकल्प अभियान छठे दिन जारी

विभूतिपुर/समस्तीपुर वीआईपी प्रखंड कमेटी के द्वारा निषाद आरक्षण संकल्प अभियान छठे दिन प्रखंड के बेलसंडी डीह, भरपुरा, सुरौली, नरहन, बाजितपुर बम्बैया, विभूतिपुर पूरब पंचायत में चलाया गया। यात्रा की अध्यक्षता वीआईपी के प्रखंड अध्यक्ष सरोज कुमार ठाकुर कर रहे थे। उन्होंने बताया कि वीआईपी के सुप्रीमो मुकेश सहनी के मंत्र आरक्षण को लेकर जो हमारी सुनेगा हम उनकी सुनेंगे। उन्होंने निषाद समाज के लोगों से अपील करते हुए कहा कि एक रोटी कम खाएंगे लेकिन अपने बच्चे को पढ़ाएंगे। ताकि अपना हक अधिकार सरकार से मांग सके। मौके पर उपाध्यक्ष सुधीर सहनी, संजीत सहनी, कोषाध्यक्ष अमरजीत सहनी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

डीवाईएफआई की बैठक में लिया गया कई निर्णय

विभूतिपुर/समस्तीपुर भारत की जनवादी नौजवान सभा (डीवाईएफआई)जिला कमिटी की बैठक जिला अध्यक्ष महेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। महाराष्ट्र में विभूतिपुर के चार मजदूर की हुई मौत पर 2 मिनट का मौनधारण करते हुए श्रद्धांजलि दिए गए साथ ही बिहार सरकार से10 लाख रुपए मुआवजा एवं पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की गई।वही बैठक में 30 सितंबर तक सदस्यता लक्ष्य पूरा करने 27 सितंबर को शहीद आजम भगत सिंह की जयंती पर सेमिनार करने और 29 सितंबर को युवा रोजगार जत्था के समस्तीपुर आगमन पर शहीद उमेश महतो स्मारक स्थल पर सभा करने, उजियारपुर में गावपुर चौक पर एवं विभूतिपुर में सभा करने के बाद जत्था को बेगूसराय सीमा तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया बैठक में जिला मंत्री उमेश शर्मा, अशोक पुष्पम, रामप्रवेश राय,बबलू कुमार,अनिल कुमार राय,आलोक कुमार, छोटन सहनी, मोहम्मद जहांगीर आदि मौजूद थे।

शिक्षिका के साथ गाली गलौज की प्राथमिकी दर्ज, आरोपी गिरफ्तार

विभूतिपुर/समस्तीपुर थाना क्षेत्र के महिषी निवासी धीरज कुमार झा की पत्नी कामिनी कुमारी ने शराब की नशे में गाली-गलौज करने की प्राथमिकी दर्ज करायी है।जिसमें तेज नारायण मिश्र के पुत्र शील कुमार मिश्र को नामजद की है।दर्ज प्राथमिकी के माध्यम से पीड़िता ने बताई की मैं प्राथमिक विद्यालय वार्ड 10 टोला झरकटी में शिक्षिका के पद पर कार्यरत हूं।अपने विद्यालय में छुट्टी के बाद टोटो से घर आ रही थी।तभी उपर्युक्त नामित साईकिल से आया और टोटो के सामने साईकिल लगाकर गाली-गलौज करने लगा तथा मेरे ओर लपका।मैं अपने आप को बचाते हुए टोटो के दूसरी तरफ उतर कर खड़ी हो गई। वे नशे के हालत में था।वही विभूतिपुर पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

भूमि अधिग्रहण में मुआवजे की राशि के निर्धारण में धोर अनियमितता

औरंगाबाद। औरंगाबाद सांसद सुशील कुमार सिंह प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि बिहार सरकार के द्वारा भूमि अधिग्रहण में मुआवजे की राशि के निर्धारण में धोर अनियमितता की जा रही है।जमीन के कीमत निर्धारण में किसानो की हकमारी की जा रही है। राज्य सरकर की दोहरी नीति के कारण किसानो के साथ नाइंसाफी हो रही है। ना तो वर्तमान बाजार मूल्य के अनुसार मुआबजे का निर्धारण किया जा रहा है,ना ही सरकार के द्वारा खुद निर्धारित न्यूनतम कीमत जो जमीन की खरीद विक्री पर लागू किया जाता है, जिसके आधार पर सरकार राजस्व वसूल करती है, उसी का पालन किया जा रहा है।एक तरफ सर्किल रेट (टश्फ) लागू है, राजस्व वसूलने के मामले में,लेकिन वही जब अधिग्रहण के मामले में मुआवजा निर्धारण की बात होती है तो सरकार अपना ही न्यूनतम सर्किल रेट (टश्फ) भूल जाती है।दूसरा जिस गाँव में कुछ वर्षो से यदि खरीद बिक्री नहीं हुआ है।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षात्मक बैठक में डीएम ने दिये कई निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।समाहरणालय सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति के साथ-साथ संबंधित सभी शाखाओं की समीक्षा बैठक की गयी। टीकाकरण, परिवार नियोजन, डेंगू के साथ-साथ स्वास्थ्य समिति द्वारा चलाये जा रहे सभी कार्यक्रमों की समीक्षा हुई। कल्याणकारी कार्यक्रमों में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतने का निदेश जिला पदाधिकारी ने संबंधित चिकित्सा पदाधिकारियों एवं कर्मियों को दिया। परिवार नियोजन कार्यक्रम में परिवार विकास मिशन कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसके तहत परिवार नियोजन के सभी माध्यमों का सघनता पूर्वक प्रचार-प्रसार कराने का निदेश दिया। निरोधात्मक उपाय का व्यापक प्रचार ग्रामीण क्षेत्रों में करने को कहा गया। उन्होंने अस्पतालों के अतिरिक्त कार्यालयों एवं अन्य सार्वजनिक कार्यालयों में कंडोम बॉक्स रखने का निदेश दिया, जिसपर संबंधित पदाधिकारी ने कहा कि समाहरणालय नगर निगम, जिला परिषद् अनुमंडल कार्यालय, रेलवे स्टेशन जैसे स्थलों पर कंडोम बॉक्स रखा गया है। इसके अतिरिक्त उन्होंने प्ट्रोल पंप पर भी कंडोम बॉक्स रखने का निदेश दिया। आशा बहाली एवं उसके भुगतान को गंभीरता से लेते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि बहाली कार्य में रूची नहीं दिखाने वाले मुखियों पर कार्रवाई का प्रस्ताव दें। उनके लंबित भुगतान को शीघ्र और ससमय करने का भी निदेश दिया। संस्थागत प्रसव में कमी रहने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त किया। औराई, कटरा जैसे प्रखण्डों में 20 फिसदी से भी कम संस्थागत प्रसव हुए हैं, जो स्वीकारर्य नहीं है। उन्होंने जोर देते हुए कहा की आशा विशेष कर ए.एन.एम. का नियमित रूप से समीक्षा करें। साथ ही कार्य एजेण्डा के साथ उनके लक्ष्य का मूल्यांकन करें। टीकाकरण में व्यवधान करने वाले व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई करें। इस बावत अंचलाधिकारी और थानाध्यक्ष को भी निदेश दिया गया। जननी बाल सुरक्षा योजना में पूरे जिले में आठ हजार से अधिक भुगतान के मामले लंबित है, जिसपरडीएम ने सख्त नाराजगी व्यक्त की । मुशहरी, सकरा, गायघाट में भुगतान के अधिकतर मामले लंबित है, जिसपर जिला पदाधिकारी ने संबंधित लेखापाल का 25 फीसदी मानदेय कटौति करने का निदेश दिया। साथ ही जिला लेखा प्रबंधक स्पष्टीकरण पृच्छा की गयी। इससे पूर्व डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए इसके व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु हरी झंडी दिखाकार डेंगू से बचाव को लेकर प्रचार वाहन को रवाना किया। संबंधित पदाधिकारी डॉ॰ सतीश ने बताया की सभी जगहों पर विशेषकर प्रभावित प्रखण्ड मुशहरी, कांटी, मीनापुर में जोर-सोर से फौगिंग कराया जा रहा है। साथ ही फौगिंग मशीन खरीदने का निदेश दिया गया। बैठक में सिविल सर्जन उमेश चन्द्र, ए.सी.एम.ओ., जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, सदर अस्पताल अधीक्षक, गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ॰ सतीश सहित सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, बी.एच.एम., बी.सी.एम., लेखापाल आदि उपस्थित थें।

दो एंबुलेंस से किशनपुर टभका बरैठा गांव पहुंची चारों मजदूर की लाश,मचा चित्कार

एक साथ उठी चारों मजदूर की अर्थी,बेगूसराय के अयोध्या घाट में किया गया अंतिम संस्कार

प्रात: किरण संवाददाता

●10 सितंबर रविवार को महाराष्ट्र के ठाणे में 40 मंजिला इमारत से उतरने के दौरान लिफ्ट टूटकर गिरने से चारों मजदूरों को हुई थी मौत

विभूतिपुर/समस्तीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत टभका पंचायत के किशनपुर टभका बरैठा गांव में बुधवार की सुबह दो एंबुलेंस से एक साथ चारों मजदूर के लाश पहुंचते ही कोहराम मच गया। एक झलक पाने के लिए लोगों की भीड़ टूट पड़ी। एंबुलेंस पहुंचते ही गांव में चीत्कार मचना शुरू हो गया। बारी-बारी से सभी लाश को अपने-अपने घर पर उतारा गया।परिजनों के चित्कार से पूरा गांव दहल उठा। हर कोई की आंखों से आंसू नहीं रूक रहे थे ।लाश पहुंचने की सूचना मिलते ही विभूतिपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्र मोहन पासवान, अंचल अधिकारी अशोक कुमार यादव, राजस्व कर्मचारी मधुसूदन चौरसिया,थानाध्यक्ष संदीप कुमार पाल,हाजीपुर विधायक अवधेश कुमार,भाजपा जिलाध्यक्ष उपेंद्र कुमार कुशवाहा,स्थानीय मुखिया विजय कुमार चौधरी,जिला पार्षद अमन कुमार,भाजपा नेता अरविंद कुमार कुशवाहा,रणधीर कुमार, राममिलन चौधरी,प्रिय रंजन ठाकुर,अमित कुमार मिश्र परिजनों को ढांढस बंढ़ाते हुए हर संभव मदद दिलवाने की आश्वासन दिया एवं चारों लाश को अंतिम संस्कार के लिए भिजवाया।

अलीगंज बीआरसी मे गुरू गोष्ठी का हुआ आयोजन

प्रात :किरण संवाददाता

अलीगंज। इस्लामनगर अलीगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बीआरसी के प्रांगण मे प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मो कमरूदधीन अंसारी की अध्यक्षता मे गुरू गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे शिक्षकों को संबोधित करते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि शिक्षक बच्चो के बीच परोसे जा रहे शिक्षा पर विशेष ध्यान देकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की बात कही।और शिक्षक को आगाह करते हुए कहा कि ससमय शिक्षक व शिक्षिकाए विधालय पहुंचे। बीईओ ने विधालय प्रधान को विधालय मे बच्चे की उपस्थिति के साथ शिक्षको को भी ससमय आने की बात करते हुए कहा कि विधालय मे बन मीडेमील दोपहर की भोजन मेनू के अनुसार दे, लेट लतीफ विधालय आने वाले गुरूजी अपने नियति मे सुधार लाने का काम करे नही तो कारवाई के लिए के तैयार रहे। विधालय साफ सफाई पर भी विशेष ध्यान देने की बात बताई गई। गुरू गोष्ठी मे विधालय प्रधान व शिक्षको बीईओ ने कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। और विधालय मे बच्चो की उपस्थिति के साथ उसके ठहराव पर विशेष रणनीति तय की गई। मौके पर +2 हाईस्कूल के प्रभारी एचएम साकेत कुमार,डा सतीश कुमार,अलीगंज डीडीओ रूपलाल चौधरी,मिजार्गंज हाईस्कूल के पंकज कुमार वर्मा के अलावे कई विधालय प्रधान व शिक्षक उपस्थित थे।

राज्य स्तरीय टीम ने सीएससी खजौली का किया निरीक्षण

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी राज्य स्वास्थ्य समिति पटना की ओर से गठित टीम में शामिल सीतामढ़ी जिला स्वास्थ्य समिति के तीन सदस्य अरुणेंद्र कुमार डॉक्टर कमलेश कुमार डॉक्टर धीरेंद्र कुमार ने सीएचसी का पीयर एसिसमेंट किया गया। इसके तहत लक्ष्य कायाकल्प के अनुसार टीम ने प्रसव कक्ष शल्य कक्ष इमरजेंसी इंडोर प्रयोगशाला दवा भंडार ओपीडी एवं अन्य सभी सभी विभागों का वर्तमान अंकन के साथ स्कोरिंग किया। रजिस्टर का गहन जांच किया गया। सभी का प्रतिवेदन संबंधित टीम के ने जिला से कमिशनरी एवं राज्य को भेजे जाने की बात कही। तीन सदस्यीय टीम की ओर से समर्पित प्रतिवेदन के आधार पर राज्य द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खजौली को लक्ष्य एवं कायाकल्प कार्यक्रम के तहत सुदृढ़ करन हेतु प्रमाणीकरण किया जाएगा। जिससे आये वाले दिन में मरीजों को इससे भी बेहतर स्वस्थ सेवा मुहैया कराई जा सकेगी लक्ष्य प्रमाणीकरण के उपरांत प्रसव सेवा शल्य सेवा इण्डोर सेवा एवं आपातकालीन सेवा में मरीजों को बेहतर स्वस्थ सुविधा मुहैया कराया जा सके। जांच के दौरान साफ सफाई पर बेहतर रखने का निर्देश दिया। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ज्योतेंद्र नारायण, हेल्थ मैनेजर अर्चना भट, लेखा पाल पल्लवी कुमारी डॉक्टर साहिद इकवाल, डॉक्टर रमेश पासमान, डॉक्टर कुमार मुकेश, कोनसेलर पीकू कुमारी जीएनएम सुशीला कुमारी, रेखा कुमारी,एएनएम रानी कुमारी मौजूद थे।

कर्मियों के चहेते पारा विधिक स्वयंसेवकों को मिल रहा काम

जिला एवं सत्र न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव के नजदीकी पीएलवी बल्ले-बल्ले

प्रात :किरण संवाददाता,
नन्दकिशोर दास

बेगूसराय। सिविल कोर्ट परिसर अवस्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार में इन दिनों व्यापक रुप से धांधली मची है। हाल है जिले के विभिन्न इलाकों में तैनात पारा विधिक स्वयंसेवकों की। जो न्यायिक अंग बनकर भी अपनी पीडा को ना कर्मियों के समक्ष बयान कर सकता है, ना अपने सचिव और अध्यक्ष को पीडा सुना सकता है। आपको बता दूं कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार बेगूसराय की ओर से एक सौ पारा विधिक स्वयंसेवक की बहाली हुई है। जिसमें से कुछ पीएलवी कार्यालय कर्मी के चहेते हैं तो कुछ जिला एवं सत्र न्यायाधीश यानी अध्यक्ष और जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव के नजदीकी हैं, जिसे नियमित रुप से काम मिल रहा है। चाहे वह फ्रंट ऑफिस में ड्युटी हो या लोक अदालत याफिर अन्य कार्य क्यों नहीं हो, उसमें चहेते पीएलवी ही लगाए जाते हैं। रही साक्ष्य की बात तो हाथ कंगन आरसी क्या, बिना सरकारी रिकॉर्ड का तो ड्युटी मिलती ही नहीं होगी, उस रिकॉर्ड का भी अवलोकन किया जा सकता है। ऐसी हालात में बांकी पीएलवी कार्यालय का चक्कर लगाते रह जाते हैं। पता चलता है कि बिना काम किए ही उनका एक साल का कार्यकाल समाप्त हो गया। दूसरी तरफ अगर भूलवश भी अन्य पीएलवी की ड्युटी लगाई जाती है, तो वह मजदूरी के लिए ललायित रहते हैं। उसे यह कहकर दिलासा दिलाया जाता है, कि अभी जज साहब दस्तखत नहीं किए हैं या बालसा द्वारा अभी रुपया नहीं भेजा गया है। इस संबंध में कई सचिव से शिकायत की गई तो उन्होंने हरेक पीएलवी को सीरियल रुप से काम देने की बात कही, लेकिन सबकी बात ढाक की तीन पात निकली। दूसरी तरफ इसकी शिकायत लेकर जब-जब जिला जज से मिलने की कोशिश की गई तब-तब उन्हें व्यस्तता होने की बात कहकर लौटा दिया गया। हालांकि जिला जज के मोबाइल फोन पर संपर्क कर शिकायत करने की कोशिश की तो उन्होंने भी कोई रिपांस नहीं निकला। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व सीजेआई दीपक मिश्रा ने कहा था पीएलवी में हनुमान की ताकत है। लेकिन आज उनकी कहावत भी झूठी निकली है।

बाल विवाह, बाल श्रम और बाल व्यापार के विरुद्ध डीएम ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को किया रवाना

प्रात: किरण संवाददाता

बेगूसराय। जिले में वैशाली समाज कल्याण संस्थान एवं कैलाश स्त्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन वर एक्सेस टू जस्टिस फेज 2 के तहत बेगूसराय के विभिन्न प्रखंडों में चलाए जा रहे बाल विवाह, बाल श्रम, बाल व्यापार के विरुद्ध जागरूकता रथ को जिला पदाधिकारी रौशन कुशवाहा ने समाहरणालय प्रांगण से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस दौरान वैशाली समाज कल्याण संस्थान के सीईओ व परियोजना प्रबंधक कौशल किशोर विकल ने कार्यक्रम के रूप रेखा के बारे में जिला पदाधिकारी के समक्ष साझा किया। डीएम रौशन कुशवाहा ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कार्यक्रम को सफलता को लेकर हर संभव प्रशासनिक सहयोग प्रदान करने की बात कही। इस अभियान को हरी झंडी संयुक्त रूप से दिखाते हुए में बेगूसराय श्रम अधीक्षक निखिल कुमार राजन ने कहा कि जिले में बालश्रम को रोकने हेतु संस्थान के द्वारा किया जा रहा प्रयास काफी सराहनीय है। विचार व्यक्त करते हुए श्रम पदाधिकारी ने कहा कि संस्थान के प्रतिनिधियों को साथ लेकर जिले में वैसे सभी होटल, ढाबा, फैक्ट्रियों का निरीक्षण समय-समय पर किया जा रहा है और एनजीओ के सहयोग से धावादल के द्वारा बाल श्रमिक बच्चे को मुक्त भी कराया जा रहा है। वहीं संस्थान के कार्यकारी निदेशक आंचल सिंह ने बाल यौन शोषण के विरुद्ध जिले में पॉक्सो कानून को अधिक प्रभावी बनाने के लिए जन जागरूकता को अधिक जनों तक पहुंचाने की बात कही। वहीं बाल संरक्षण पदाधिकारी संदीप कुमार ने कार्यक्रम की सफलता को अधिक प्रभावी बनाने के लिए हर लोगों के सहयोग को आगे आने की बात कही। नगर निगम के वार्ड पार्षद डा. शगुफ्ता ताजवर ने बाल विवाह को मिलकर मिटाने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस कुरीति को मिटाने के लिए सभी की जिम्मेवारी तय होनी चाहिए। सामूहिक प्रयास से ही बाल विवाह को मिटाया जा सकता है। साथ ही बाल विवाह के मुद्दे प्रत्येक ग्राम पंचायत की आम सभा में नगर परिषद नगर निगम के महतपूर्ण बैठक के प्रोसिडिंग में बालविवाह मुक्ति का संकल्प सम्मलित करने पर बल प्रदान किया। इस जन अभियान में बीवीएचए बिहार के कार्यकारी निदेशक स्वपन माजूमदार एवं संस्थान के स्पोर्ट पर्सन राजमणि रंजन, सिद्धांत जी, रौशन जी सामुदायिक कार्यकर्ता मनीष कुमार, इंद्रजीत कुमार, रामकृष्ण राणा, कृष्णनंदन कुमार, अशोक जी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

सशस्त्र सीमा बल जयनगर के द्वारा गश्ती तेज कर दी गई है

प्रात: किरण संवाददाता

●तस्कर साईकल पर कपड़े को लेकर भारतीय क्षेत्र से नेपाल में प्रवेश कर रहा था

मधुबनी 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के कार्यक्षेत्र में भारत-नेपाल बाह्य सीमा चौकी महादेव पट्टी पिपरोन के जिम्मेवारी के इलाके में सशस्त्र सीमा बल के जवानों को एक बड़ी कामयाबी मिली है दैनिक नाका डयूटी के दौरान सीमा चौकी महादेव पट्टी के सहायक उप निरीक्षक सामान्य पनम लीगो एवं जवानो ने तस्कर संतोष कुमार साह उम्र 16 निवासी कमला पट्टी हरलाखी को कपड़े के साथ सीमा स्तंभ संख्या 283/19 से लगभग 300 मीटर भारतीय क्षेत्र में गिरफ्तार किया है। तस्कर साईकल पर कपड़े को लेकर भारतीय क्षेत्र से नेपाल में प्रवेश कर रहा था जब्त किए गए सामान और गिरफ्तार व्यक्ति को सीमा शुल्क कार्यालय पीपरोन को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द कर दिया गया है। गोविंद सिंह भंडारी कमांडेंट 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये नाका पेट्रोलिंग और विशेष गश्ती के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत है और अवैध रूप से हो रही तस्करी को रोका जा रहा है और भारत-नेपाल सीमा पर 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के द्वारा गश्ती तेज कर दी गई है ताकि इस प्रकार की गतिब्धियों पर पूर्णरूप से प्रतिबंधित लगाया जा सके ।

निजी होटल के एक कमरे में फंदे से लटका हुआ मिल शव

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिला के अंतर्गत बुधवार को अहले सुबह जिले के राजनगर थाना क्षेत्र स्थित लहेरियागंज में एक निजी होटल के कमरे में एक व्यक्ति का शव फंदे से लटका हुआ मिला जिस कारण इलाके में धीरे धीरे सनसनी फैला। बताया जा रहा है कि मृतक की पहचान झारखंड निवासी राम अनूप कुमार के रूप में हुई है मिली जानकारी के अनुसार मृतक कोई रिलायंस जिओ कंपनी में सेल्स डिपार्टमेंट में पटना में कार्यरत था और ऑफिस के कार्य के सिलसिले में मधुबनी आये थे अपने आफिस कार्य को लेकर राम अनूप कुमार होटल में रूम लेकर रुके हुए थे इसके बाद उनकी पत्नी ने इसकी जानकारी रिलायंस जिओ कंपनी के मैनेजर को दिया और मैनेजर ने तुरंत अनूप कुमार के साथ आए कर्मी को जानकारी दी जिसके बाद वे लोग उस कमरे में पहुंचे जहाँ अनूप कुमार रुका हुआ था बार-बार दरवाजा खटखटाने के बावजूद अनूप कुमार जब गेट नहीं खोला तो होटल के कर्मी के सहयोग से गेट तोड़कर जब अंदर प्रवेश किया तो दिया इस घटना के संबंध में जब राजनगर थानाध्यक्ष अरविंद कुमार से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि मृतक के परिजन के तरफ से लिखित आवेदन दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पूरी जानकारी मिल पाएगी और पुलिस मामले की जांच मे जुट गए हैं।

मधुबनी के सदर अस्पताल में स्पिल मैनेजमेंट प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी प्रशिक्षण का आयोजन दिन के 11:00 बजे से प्रशिक्षक मुदित पाठक और रितिका सिंह द्वारा किया गया इस प्रशिक्षण में सभी विभागों के स्टाफ नर्सेस के इंचार्ज मौजूद थे अतः सभी इंचार्ज से यह अनुरोध किया गया की वह सभी अपने-अपने विभागों में इस चर्चा को बताएं एवं सभी को स्पिल मैनेजमेंट के बारे में अवगत कराए। स्पिल मैनेजमेंट हमारे स्टाफ और मरीजों की सुरक्षा के लिए बेहद आवश्यक है। स्पिल मैनेजमेंट के विभिन्न प्रकार जैसे जैविक स्पिल मरक्यरी स्पिल रासायनिक स्पिल और रेडियोएक्टिव स्पिल मैनेजमेंट के बारे में व्यापक चर्चा की गई। सदर अस्पताल में जैविक स्पिल और मरक्यरी स्पिल के प्रबंधन के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही, उन्होंने स्पिल प्रबंधन के समय पर्सनल प्रिवेंशन इक्विपमेंट्स (पीपीई किट) के उपयोग पर भी बात की। स्टाफ को मरक्यरी स्पिल या जैविक स्पिल के समय क्या करना चाहिए, इस परेशानी के समय कैसे कैसे प्रक्रियाएं करनी चाहिए, इस पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही रितिका सिंह और मुदित पाठक ने स्पिल मैनेजमेंट के दौरान उपलब्ध संसाधनों का आदर्श उपयोग कैसे करें और कैसे रिपोर्ट करें और स्पिल मैनेजमेंट के समय फॉलो करने योग्य आवश्यक प्रोटोकॉल के बारे में स्टाफ को मार्गदर्शन दिये यह प्रशिक्षण सफल रहा और हमारे स्टाफ और मरीजों की सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का परिचय देता है।

जनता दरबार में कम मामले आते हैं तो सीओ और थानाध्यक्ष के खिलाफ होगी कार्रवाई

प्रात: किरण संवाददाता

बखरी, बेगूसराय। बुधवार को बखरी अनुमंडल कार्यालय कक्ष में भूमि विवाद के निराकरण से संबंधित पाक्षिक समीक्षात्मक बैठक सभी अंचल अधिकारी एवं थाना अध्यक्ष के साथ की गई।बैठक में एसडीपीओ चंदन कुमार मौजूद रहे। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि थाना एवं अंचल स्तर पर लंबित मामले को त्वरित निष्पादन करने का निर्देश अनुमंडल पदाधिकारी ने दिया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंदन कुमार ने सभी थानाध्यक्ष एवं अंचल अधिकारी को निर्देश दिया कि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय एवं अनुमंडल कार्यालय से भूमि विवाद के जो भी परिवाद पत्र कार्रवाई को भेजे जाते हैं, उसे शनिवार को आयोजित होने वाली बैठक में निष्पादित करें। इसके अलावा एसडीएम श्री सौरव ने उपस्थित अंचल अधिकारी व थानाध्यक्ष को प्रत्येक शनिवार को जनता दरबार आयोजित किए जाने तथा अधिक से अधिक आम लोगों का भूमि विवाद से संबंधित मामले को सुलझाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि प्राप्त जानकारी के अनुसार आए दिन शानिवारीय जनता दरबार में लोगों की उपस्थिति कम होती जा रही है। एसडीएम ने अधिकारियों पर शक्ति बरतते हुए कहा कि किसी भी हाल में अंचलाधिकारी व थानाध्यक्ष जनता दरबार में बैठे और अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ उठाने का अवसर दे।एसडीएम ने चेतावनी देते हुए कहा कि जिस थाना में शनिवार को जनता दरबार में कम मामले आते हैं तो वहां के अंचलाधिकारी तथा थानाध्यक्ष के ऊपर कार्रवाई करते हुए स्पष्टीकरण किया जाएगा। मौके पर डीसीएलआर किशन कुमार, सीओ बखरी शिवेंद्र कुमार, गढ़पुरा सीओ स्मिता कुमारी, नावकोठी सीओ राकेश सिंह यादव, आरओ धनश्री बाला, गढ़पुरा थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद, अनुमंडल लिपिक समरेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

मारपीट की प्राथमिकी दर्ज

प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर थाना क्षेत्र के नरहन वार्ड 05 जोगिया निवासी आनंदी महतो की पत्नी वीणा देवी मारपीट की प्राथमिक दर्ज करायी है। जिसमें गांव के ही अर्जुन महतो,रोहित महतो,बंधु महतो,राजेश कुमार को नामजद किया है।पीड़िता ने बताई की मै अपने घर में मीटर लगवा रही थी। तभी उपयुक्त नामित सभी आया और मारपीट कर जख्मी कर दिया। पूर्व से भी इन लोगों के साथ जमीनी विवाद चल रहा है।

डेंगू से बचने को लेकर महत्वपूर्ण जागरूकता अभियान का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

SWACHH BHARAT 2023

मधुबनी कलुआही में एक महत्वपूर्ण जागरूकता अभियान का आयोजन राजकीय मध्य विद्यालय में किया गया जिसका उद्देश्य डेंगू बढ़ने के कारण स्वच्छता की महत्वपूर्णता को बच्चों के बीच पहुँचाना था। इस अभियान में बच्चों को डेंगू के फैलने और बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया गया और स्वच्छता के महत्व को समझाने का कार्य किया गया। इस कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने सभी बच्चों को समझाया कि डेंगू कैसे फैलता है और इससे कैसे बचा जा सकता है। पीरामल फाउंडेशन के कर्मी स्वर्णव ने एक नाटकीय प्रोग्राम के माध्यम से स्वच्छता पर विचारविमर्श किया और इस आयोजन को संचालित किया। साथ ही प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी और प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने स्कूल कैंपस में पेड़-पौधों के वृक्षारोपण का कार्य भी किया। इस मौके पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुधाकर मिश्रा प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक प्रभात कुमार पीरामल कर्मी स्वर्णव स्कूल के शिक्षक प्रभात रंजन रीता कुमारी और अबु मोहम्मद समेत स्कूल के सभी बच्चों की उपस्थिति थी। इस गतिविधि में कक्षा 8 के कई छात्र भाग लिए और विभिन्न क्रियाओं में भाग लिया जैसे कि चित्रकला स्वच्छता स्वास्थ्य और स्वच्छता खुली अपमान आदि पर नुकड नाटक। इस आयोजन पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, मेडिकल ऑफिस इनचार्ज, और ब्लॉक स्वास्थ्य प्रबंधक ने हाथ धोने खुला खाने के बारे मे अधिक रुप से बताया अच्छे स्वास्थ्य के अच्छे अभ्यासों पर चर्चा भी किये ।पीरामल फाउंडेशन के स्वणार्भा ने इस घटना को होने और इसे संचालित करने में महत्वपूर्ण योगदान किया जिसमें उनके साथी संगठन कौशल भी दिखाए गए।

शहर में डेंगू से बचाव के लिए कराया जा रहा है फॉगिंग और छिड़काव

प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर शहर में डेंगू से बचाव को लेकर नगर निगम के द्वारा निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में फागिंग और छिड़काव कराया जा रहा है। डबल बैरल फागिंग मशीन वाहन एवं सात फागिंग मशीन के द्वारा निगम रोस्टर वाइज वार्डों में फॉगिंग करा रही है। नगर निगम के सिटी मैनेजर शफी अहमद ने बताया कि प्रथम फेज के तहत अभी तक 22 वार्डों में फॉगिंग कराई जा चुकी है। जिसमें वार्ड एक, दो, छह, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 21, 22, 23, 24, 25, 27, 32, 33, 34 और 40 में प्रथम फेज के तहत फॉगिंग कराई गई है। बचे हुए सभी वार्डों में फॉगिंग कराया जा रहा है। प्रथम फेज के तहत एक सितम्बर से शुरे हुए फॉगिंग और छिड़काव का कार्य 19 सितम्बर तक चलेगा। नगर आयुक्त विभूति रंजन चौधरी ने बताया कि डेंगू के प्रकोप को रोकने को लेकर फॉगिंग और छिड़काव कराया जा रहा है। डेंगू रोग को हराने को लेकर नगर निगम शहर में एक सितम्बर से फागिंग करा रही है। वहीं मशीन से मच्छर मारने के दवा का छिड़काव भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निगम के सभी वार्डों में नालियों में फॉगिंग और छिडकाव सघन रूप से कराया जा रहा है। इसके लिए वार्ड वार कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।

संक्षिप्त खबरें

सड़क हादसे में बाइक सवार युवक जख्मी

आरा। शहर के नवादा थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के सभी बुधवार की सुबह सड़क हादसे में बाइक सवार एक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मी युवक नवादा थाना क्षेत्र के नवादा मोहल्ला निवासी सुदामा सिंह का 35 वर्षीय पुत्र बिट्टू कुमार है। वही घटना के संबंध में बताया जाता है कि बुधवार की सुबह वह बाइक से स्टेशन की गया था। से वापस घर लौट रहा था इस दौरान विपरीत दिशा से आ रहे ऑटो ने उसे चकमा दे दिया। जिससे उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई। हादसे में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है।

प्रारम्भ हुआ हस्ताक्षर अभियान

छपरा। जनसंख्या समाधान फाउंडेशन छपरा सारण जिला इकाई द्वारा हस्ताक्षर अभियान का आरंभ किया गया- कार्यक्रम का नेतृत्व युवा जिला अध्यक्ष मनोज कुमार नगर अध्यक्ष राकेश कुमार के नेतृत्व किया गया जिसमें सैकड़ो जनमानस के द्वारा हस्ताक्षर अभियान में अपना हस्ताक्षर कर सहमति दिया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष दक्षिण बिहार कुंदन कुमार जी के द्वारा कहा गया कि जनसंख्या नियंत्रण कानून देश हित मे अति आवश्यक है। प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ चरण दास ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण कानून को लेकर जो हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है सारण के जनमानस में उत्साह के साथ इस अभियान में सहयोगी बन रहे है 28, 29 तथा 30 अक्टूबर को दिल्ली में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को करोड़ो हस्ताक्षर सौप कर जनसंख्या कानून बनाने के लिये देश हित आग्रह किया जायेगा। इस कार्यक्रम में संन्नी प्रकाश सिंह, चंदु विनय कुमार, पुरुषोतम कुमार, जय प्रकाश जी, कृष्ण कुमार गुप्ता, नितेश कुमार, अमरेंद्र कुमार, आदर्श राज, दीपक कुमार, मोहन कुमार, प्रकाश कुमार, समीर कुमार पिंटू राज, अखलेश कुमार विष्णु कुमार, चंदन कुमार आदि हस्ताक्षर अभियान में सम्मिलित हुए।

बाबा दुर्गेश्वरनाथ मंदिर से शुरू हुआ अमृत कलश में मिट्टी संग्रह

एकमा। प्रखंड के रसूलपुर गांव में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत अमृत कलश में मिट्टी संग्रह किया गया। मिट्टी संग्रह बाबा दुर्गेश्वरनाथ मंदिर प्रांगण से शुरू हुआ। घर घर मिट्टी संग्रह के दौरान लोगों ने कलश यात्रियों का स्वागत किया और देश भक्ति की भावना से कलश में मिट्टी डाली। इस दौरान भाजपा के एकमा पश्चिमी मंडल के अध्यक्ष सूर्यनंदन शाही, वरिष्ठ भाजपा नेता सुदामा तिवारी, वीरेंद्र पांडेय अखिलेश शर्मा, प्रिंस सोनी, राजनारायण साह, विजय साह, मंजीत कुमार, भूट्टी सोनी, प्रतीक, रघुनंदन दूबे, वितरंजन, प्रमोद कुमार सिंह आदि थे।

भेल्दी में गैस गोदाम से चोरों ने 140 गैस सिलेंडर चुराए

भेल्दी(सारण)। भेल्दी-डेरनी मुख्य पथ पर मंगलवार की रात भेल्दी इण्डेन गैस गोदाम का ताला काटकर चोरों ने करीब 140 भरा हुआ गैस सिलेंडर समेत अन्य सामानों की चोरी कर ली। चोरी गए गैस सिलेंडर की कीमत चार लाख से अधिक की बताई जा रही है। भेल्दी थाने में दिए गए आवेदन में भेल्दी इण्डेन ग्रामीण वितरक के गैस वितरक भेल्दी गांव निवासी तपेश्वर सिंह का पुत्र प्रवीण कुमार ने कहा है कि मंगलवार की सुबह करीब साढ़े छह बजे अपने गैस गोदाम पर पहुंचा तो देखा कि गैस गोदाम का तीनों गेट का ताला काटकर बाहर फेंका हुआ है।

विद्यालयों का उप विकास आयुक्त ने किया निरीक्षण

छपरा नगर। बुधवार को उप विकास आयुक्त, सारण श्रीमती प्रियंका रानी के द्वारा बुधवारीय जाँच के तहत राजकीय मध्य विद्यालय, बनियापुर, बालक अंचल-01 सारण एवं प्राथमिक विद्यालय प्यारेपुर, अंचल बनियापुर 02 सारण की समीक्षा की गयी। विद्यालय में शिक्षकों की उपस्थिती, विद्यालय में नामांकित कुल छात्र-छात्राओं की संख्या एवं उपस्थिति, मध्याह्न भोजन की व्यवस्था, शौचालय, पेयजल, खेदकूद सामग्रियों की व्यवस्था, उपस्करों एवं विद्यालय भवन की भौतिक स्थिति, विद्यालय शिक्षा समिति एवं अभिभावक शिक्षक बैठक आदि विन्दुओं की समीक्षा की गयी। निरीक्षण के क्रम में शौचालयों की आवश्यक साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था, विद्यालय में शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया। साथ ही डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए विद्यालय परिसर में आवश्यक साफ-सफाई रखने एवं मच्छरों के पनपने वाले स्थानों (जल-जमाव/गंदगी) पर दवा/तेल इत्यादि का छिड़काव समय-समय पर कराने का निदेश दिया गया।

भोजपुर जिला समाहरणालय के सभागार में सभी योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की गई

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। ग्रामीण विकास विभाग के सचिव डॉ. न. श्रवणन कुमार के द्वारा आज भोजपुर जिला का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान सचिव महोदय के द्वारा लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, मनरेगा, जल-जीवन-हरियाली मिशन, ग्रामीण आवास योजना आदि से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। क्षेत्र भ्रमण समाप्ति के पश्चात सचिव महोदय के द्वारा भोजपुर जिला समाहरणालय के सभागार में सभी योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की गई। आज के इस समीक्षा बैठक में मनरेगा, जल- जीवन-हरियाली मिशन, ग्रामीण आवास योजना, जीविका तथा लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के कार्यों के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। इस दौरान मनरेगा अंतर्गत कार्यों के प्रति सचिव महोदय के द्वारा कुछ संतुष्टि भी प्रकट की गई। सभी योजनाओं के समीक्षा के अंत में महोदय द्वारा कार्यों में ठोस प्रगति एवं समय अवधि के अंदर कार्यों को समाप्त करने का निर्देश दिया गया। सभा का समापन आदरणीय जिला पदाधिकारी महोदय राज कुमार द्वारा सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार को भोजपुर जिला के प्रतीक चिन्ह को देकर किया गया।

आज के इस बैठक में उप विकास आयुक्त विक्रम विरकर, निदेशक सुनील कुमार पांडेय, डिप्टी मिशन निदेशक जल-जीवन-हरियाली मिशन राम कुमार पोद्दार, उद्धव लीड अभिषेक कुमार, मनरेगा के कार्यक्रम पदाधिकारी राकेश रंजन, जिला मिशन प्रबंधक कुमारी प्रियंका राज, अढड शालिनी प्रज्ञा, सभी 14 प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक, प्रखंड परियोजना प्रबंधक तथा उनके अन्य प्रबंधक के साथ-साथ लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के जिला स्तरीय टीम तथा प्रखंड समन्वयक मौजूद रहे।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा जारी किया गया संयुक्त आदेश

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा नगर। जिलाधिकारी अमन समीर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव मंगला के द्वारा इसुआपुर महावीरी झंडा के शांतिपूर्ण आयोजन हेतु संयुक्तादेश जारी कर दिया गया है। जिलाधिकारी महोदय के द्वारा बताया गया कि इसुआपुर थानान्तर्गत विभिन्न स्थानों एवं ग्रामों से महावीरी झण्डा का जुलूस दिनांक 15.09.2023 को निकाला जाएगा। उसी दिन विभिन्न गांवों से निकलने वाले महावीरी झण्डा रात्रि में लगभग 08.00 बजे इसुआपुर बाजार में स्थित मंदिर पर समाप्त होता है। इसुआपुर बाजार में रात्रि में लगभग 08.00 बजे से सांस्कृतिक कार्यकम का भी आयोजन होता है जो अगले दिन प्रातः लगभग 08.00 बजे तक चलता है। महावीरी झण्डा का जुलूस निकाले जाने पर इसे देखने के लिए काफी संख्या में जनसमुदाय एकत्रित होते है। काफी संख्या में जनसमुदाय के एकत्रित होने के कारण विधि व्यवस्था संधारण हेतु अनुमण्डल पदाधिकारी/अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, मढ़ौरा को आवश्यक निर्देश दे दिया गया है।

जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति, पूर्वी एवं पश्चिमी छपरा को महावीरी झंडा निकाले जाने वाले मार्गों में पड़ने वाले जर्जर एवं लटकते तारों को अविलंब ठीक कराने के साथ ही विद्युत खम्भों की भी जाँच करने हेतु निदेशित किया गया है। वें जुलूस के समय की जानकारी प्राप्त कर आवश्यकतानुसार उक्त मार्गो पर विद्युत आपूर्ति नियंत्रित कर आपूर्ति करने की भी कार्रवाई करेंगे ताकि कोई दुर्घटना घटित नहीं होने पाए।

जिला अग्निशाम पदाधिकारी, सारण को आदेशित किया गया है कि दिनांक 15.09.2023 से आयोजन की समाप्ति तक एक फायर टेण्डर इसुआपुर थाना में प्रतिनियुक्त करना सुनिश्चित करेंगे। असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सारण आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं, उपकरणों और चिकित्सकों से युक्त एक एम्बुलेन्स की प्रतिनियुक्ति इसुआपुर थाना में करते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, इसुआपुर और अनुमण्डलीय चिकित्सालय, मढ़ौरा को एलर्ट की स्थिति में रखना सुनिश्चित करेंगे। जारी आदेश में बताया गया है कि अनुमण्डल पदाधिकारी और अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, मढ़ौरा को प्रत्येक जुलूस को विधिवत अनुज्ञप्ति प्रदान करने हेतु निदेशित किया गया है। अनुज्ञप्ति पत्र पर जुलूस के मार्ग, उसके प्रारंभ होने और उसके समाप्त होने का समय अवश्य अंकित रहना चाहिए। प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि जुलूस के दौरान साम्प्रदायिक और तनाव उत्पन्न करने वाले नारे नहीं लगाए जांय। इस अवसर पर डी जे का उपयोग पूर्णतः पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। प्रत्येक संवेदनशील जुलूस की वीडियोग्राफी कराने हेतु आदेशित किया गया है। अनुमण्डल पदाधिकारी/अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी मढ़ौरा अपने क्षेत्र में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, पुलिस निरीक्षक, थानाध्यक्ष के साथ बैठक कर क्षेत्र की विधि व्यवस्था की स्थिति का आकलन कर लेंगे तथा संवेदनशील और अत्यंत संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर इन पर विशेष निगरानी रखेंगे एवं आवश्यकतानुसार दण्डाधिकारी और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करना सुनिश्चित करेंगे। डॉ० (श्रीमती) प्रेरणा सिंह, अनुमण्डल पदाधिकारी, मढ़ौरा 9473191270 और श्री नरेश पासवान, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, मढ़ौरा 9431800074 इस सम्पूर्ण आयोजन की विधि व्यवस्था के सम्पूर्ण प्रभार में रहेंगे तथा मो० मुमताज आलम, अपर समाहर्ता, सारण-9474191268 और श्री सौरम जायसवाल, पुलिस उपाधीक्षक, मुख्यालय, सारण विधि-व्यवस्था के वरीय प्रभार में रहेंगे। पुलिस अधीक्षक के द्वारा बताया गया कि इसुआपुर थानाक्षेत्र के विभिन्न गाँव जहाँ से महावीरी झंडा अखाड़ा जुलूस निकाला जाता है। उन स्थलों पर भी पुलिस पदाधिकारी एवं दण्डाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति कर दी गयी है। विभिन्न गाँवों से आने वाले महावीरी आखाड़ा का इसुआपुर बाजार में एक साथ सबका मिलान होता है। इसके साथ ही जुलूस मिलान स्थल पर भीड़ का दबाव अधिक होने के कारण यहाँ पर भी अधिक संख्या में पुलिस पदाधिकारी, दण्डाधिकारी एवं बल की प्रतिनियुक्ति की गयी है ताकि शांति-व्यवस्था बनाया जा सके। इसके अलावे इसुआपुर बाजार स्थित पुरसौली, अचितपुर, इसुआपुर, आतानगर एवं विशुनपुरा मंच के लिए भी पुलिस पदाधिकारी एवं दण्डाधिकारी के साथ बडी संख्या में महिला एवं पुरुष पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गयी है। जहाँ पर सांस्कृतिक कार्यक्रम रात भर चलता है। इसके अलावा इसुआपुर थानाक्षेत्र में कई जगहों पर वाच टावर बनाये गये जहाँ पुलिस बल प्रतिनियुक्त रहेंगे। पुलिस अधीक्षक महोदय के द्वारा बताया गया कि इस अवसर पर यातायात नियंत्रण हेतु निर्धारित किये गये मार्गो पर वाहन का परिचालन हो सकेगा।

सांसद प्रतिनिधि ने दिया स्वीकृति पत्र

छपरा कार्यालय। सांसद राजीव प्रताप रूडी की अनुशंसा पर प्रधानमंत्री राहत कोष से दरियापुर प्रखण्ड के पिरारीडीह पंचायत के पटिसीतल गाँव निवासी अमन प्रकाश कुमार पिता धर्मेन्द्र सिंह किडनी ट्रांसप्लांट रोग का इलाज दिल्ली एम्स मे चल रहा है।

इन्होने अपनी बिमारी की जानकारी स्थानीय कार्यकर्ताओ जीतेन्द्र सिंह, राजविकाश, पंकज सिंह की मदद से सांसद कंट्रोल रूम नं- 18003456222 पर दिया और सांसद राजीव प्रताप रुडी के आवास पर मिलकर जानकारी दिया जिसके बाद सांसद कंट्रोल रूम द्वारा जरूरी कागजात मंगवाकर इनको इलाज के लिए 3 लाख रुपए का स्वीकृत करवाया गया तथा आगे आस्वासन दिया गया कि इलाज मे और ज्यादा खर्च लगेगा तो और भी पैसा स्वीकृत करवाया जाएगा। जिसके बाद सांसद राजीव प्रताप रुडी के निर्देश पर स्वीकृति पत्र भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश सिंह और क्षेत्रीय प्रभारी अनिल कुमार सिंह के नेतृतव मे दिया गया जिसमे मुख्य रूप से पैक्स अध्यक्ष शैलेश सिंह पैक्स अध्यक्ष अरुण सिंह, संटू सिंह, मोनू सिंह, मुन्ना सिंह, अनिल सिंह सहित अनेक स्थानीय कार्यकर्ता मौजूद थे। इस कार्य के लिए ग्रामीणो ने सांसद राजीव प्रताप रुडी को धन्यवाद दिया और उनके कार्य की सरहाना की और कहा की रुडी जी हमेशा जनहित के कार्य मे लगे रहते है।

डुमरसन में दो दिवसीय महाबीरी पूजा अखाड़ा समिति की हुई बैठक

मशरक। मशरक के डुमरसन में 23 से 24 सितंबर तक आयोजित होने वाला महाबीरी अखाड़ा पूजा समिति की बैठक बुधवार को हुई। बैठक में सर्वसम्मति से तय हुआ कि 23 सितंबर को पूजा एवम नगर शोभा जुलूस यात्रा डुमरसन मेला से कर्ण कुदारिया गोलंबर होते हुए निकाली जाएगी। रात्रि में राजापट्टी गोला बाजार पर सांस्कृतिक कार्यक्रम जबकि 24 सितम्बर को अतर्राज्यीय दंगल प्रतियोगिता के साथ समापन होगा। नगर शोभा यात्रा का रुट निर्धारित कर स्थानीय पुलिस प्रशासन से अनुमति के लिए दिया गया। अखाड़ा पूजा समिति के संयोजक मुखिया बच्चलाल साह ने बताया की पूर्व की भांति इस वर्ष शांतिपूर्ण पूजा संपन्न कराने के लिए कई महत्वपूर्ण लेते हुए विभिन्न उप समिति का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अरुण कुमार प्रसाद ने की। बैठक में आयोजन समिति के रमाकांत प्रसाद, संजय कुमार, बलराम प्रसाद, बीरेंद्र प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, पवन कुमार, परमात्मा साह, सुदामा प्रसाद, रंजित कुमार भगत श्रवण कुमार सहित अन्य थे।

सीएम इंटर अल्पसंख्यक प्रोत्साहन राशि 587 छात्राओं के खाते में हुआ हस्तांतरित

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक इंटर कन्या उत्थान 2023 की राशि जिला में 50% से अधिक छात्राओं की खाते में भेजा जा चुका है, शेष लाभार्थियों के लिए अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा प्रचार- प्रसार किया जा रहा है ' बता दें कि सरकार द्वारा सुबे के अल्पसंख्यक छात्राओं को आगे की तालीम जारी रखने के लिए यह राशि दिया जाता है, ताकि बेटियां आत्मनिर्भर बन सके ' मालूम हो कि इससे पहले अल्पसंख्यक समुदाय के छात्राओं को प्रथम श्रेणी आने पर ऑफलाइन आवेदन के माध्यम से 15000 प्रति छात्रा तथा ऑनलाइन के माध्यम से 10000 की राशि प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी से पास करने वाले छात्राओं को, यानी कुल 25000 की राशि सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जाता था ' लेकिन इस बार से प्रति छात्रा को 40000 उपलब्ध कराया जा रहा है, प्रथम श्रेणी से 15 हजार तथा अन्य श्रेणी से पास करने वाले अल्पसंख्यक छात्राओं को ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से 25000 यानी इंटर पास करने वाले छात्राओं को अब 40000 उपलब्ध कराया जा रहा है ' सारण जिला में 2023 में कुल 1084 अल्पसंख्यक छात्राओं ने प्रथम श्रेणी से बिहार बोर्ड से पास किया है ' जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के प्रधान सहायक मदन ठाकुर एवं नाजीर अबूल जैश ने बताया कि सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए लिस्ट के अनुसार अब तक 587 छात्राओं को प्रोत्साहन राशि उनके खाते में हंसतानांतरित किया जा चुका है ' शेष छात्राओं के लिए विभाग द्वारा प्रचार - प्रसार कराया जा रहा है और शिक्षण संस्थान से भी संपर्क की जा रही है ' ताकि सारण जिला में शत - प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जा सके ' विभाग से मिली जानकारी के अनुसार लगभग दो माह में ही 50% से अधिक राशि वितरण करना इस बात का संकेत है कि सारण जिला बेहतर ढंग से प्रचार - प्रसार कर लक्ष्य हासिल करने का प्रयास कर रही है ' विभाग ने 2023 में इंटर पास करने वाले केवल अल्पसंख्यक छात्राओं व अभिभावको सहित शिक्षण संस्थानों से भी आग्रह किया है कि जल्द से जल्द उत्तीर्ण छात्राओं का अभिलेख उपलब्ध कराया जाए, ताकि प्रोत्साहन राशि को छात्राओं के खाते में भेजा जा सके।

बेटे ने मारपीट कर मां को छत से धकेला, मौत

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिले के पवना थाना क्षेत्र के नरौनी गांव में मंगलवार की मध्यरात्रि नशे में धुत बेटे ने अपनी मां को मारपीट कर छत से धकेल दिया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही पवना इंचार्ज घटनास्थल पर पहुंचे और आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। इसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले कर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। जानकारी के अनुसार मृतका पवना थाना क्षेत्र के नरौनी गांव निवासी छोटक मुसहर की 55 वषीर्या पत्नी सोनी देवी है। इधर मृतका के पति छोटक मुसहर ने बताया कि मंगलवार की रात खाना खाने के बाद सभी लोग छत सोए हुए थे। उसी बीच मंगलवार की मध्यरात्रि जब उनकी आंख ली तो उन्होंने देखा कि मामूली विवाद को लेकर उनकी पत्नी और बड़े बेटे आपस में झगड़ रहे हैं। झगड़ा के दौरान बेटे ने अपनी मां की पिटाई की। इसके बाद उसे छत से धकेल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वही दूसरी ओर मृतका के पति छोटक मुसहर ने अपने बड़े बेटे सिकेन्दर मुसहर पर अपनी मां के साथ मारपीट करने के उसे छत से धकलने कारण उसकी मौत होने का आरोप लगाया है। उधर स्थानीय ग्रामीणों ने की सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने त्वरित करवाई करते हुए आरोपी बेटे सिकेन्दर को गिरफ्तार कर लिया। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन में जुट गई है। बताया जाता है कि मृतक को दो पुत्र सिकेन्दर व दो पुत्री दुलार देवी एवं रीना देवी है। घटना के बाद मृतका के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतका के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जदयू पार्टी के भोजपुर बक्सर एमएलसी राधाचरण साह के यहां ईडी का छापा

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। जदयू पार्टी के भोजपुर बक्सर एमएलसी राधाचरण साह के यहां बुधवार की सुबह करीब चार बजे से ही ईडी छापेमारी कर रही है। इस दौरान ईडी के कई अफसर राधाचरण साह के अनाइठ स्थित आवास पर छापेमारी कर रहे है। ईडी अपनी दल बल के साथ सेठ जी के कई ठिकानों पर एक साथ पहुंची है और आय से अधिक संपत्ति और टैक्स चोरी के मामलों में पूछताछ कर रही है। हालांकि 5 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पूछताछ जारी है। मालूम हो कि एक सप्ताह पूर्व भी ईडी द्वारा एमएलसी राधाचरण साह और उनके बेटे कन्हैया प्रसाद को समन भेजा था। जहां ईडी द्वारा कई गहन मुद्दो पर पूछताछ की गई थी। गौरतलब हो कि आरा-बक्सर स्थानीय प्राधिकार क्षेत्र से जेडीयू के एमएलसी राधा चरण सेठ पर आरोप है कि वे बिहार में बालू माफियाओं के साथ मिलकर बालू के अवैध कारोबार को बढ़ावा दे रहे हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने इस वर्ष जून महीने में सेठ के अलग-अलग ठिकानों पर छापा मारा था। इसके पहले फरवरी महीने में टैक्स चोरी मामले में आयकर विभाग ने सेठ के घर छापा मारा था।

शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव हुए रतिकांत तिवारी

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। बिहार प्रदेश जनता दल (यूनाइटेड) के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप ने बुधवार को नए शिक्षा प्रकोष्ठ के नेताओं की सूची जारी की है। इसमें आरा नगर के शिक्षा प्रकोष्ठ के पूर्व अध्यक्ष रतिकांत तिवारी को प्रदेश महासचिव बनाया गया है।

2013 से अपने राजनीतिक जीवन का शुरूआत करने वाले रतिकांत तिवारी ने जदयू के लिये लगभग 10 साल का समय दे चुके है। रतिकांत सहजानंद ब्रह्मर्षि कॉलेज की कॉलेज अध्यक्ष, महिला कॉलेज का प्रभारी, विश्वविद्यालय महासचिव और छात्र जनता दल यूनाइटेड का आरा महानगर अध्यक्ष रह चुके है। इस मौके पर उन्होंने कई बड़े कार्यक्रम भी करवाया है। जिसकी चर्चा आरा में अक्सर होती है। उसके बाद रतिकांत लगातार तीन साल तक मीडिया सेल के जिला अध्यक्ष भी रह चुके है और चौथे साल में उनको मीडिया सेल का ही आरा लोकसभा प्रभारी भी बनाया गया था। फिलहाल उन्हें आरा नगर का अध्यक्ष पद के बाद प्रदेश महासचिव बनाया गया है। जिसके बाद से उनके तमाम साथी उनको बधाई दे रहे है।

डीएम ने कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

छपरा नगर। जिला पदाधिकारी अमन समीर बुधवार को कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय पहुंचे और विद्यालय का निरीक्षण किया। विद्यालय पहुंचाने पर वहां के छात्राओं ने जिला पदाधिकारी का भव्य स्वागत किया। डीएम श्री समीर ने विद्यालय परिसर में नव निर्मित पार्क का उद्घाटन किया तथा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किए। उन्होंने विद्यालय के सामने लगभग दो एकड़ अतिक्रमण मुक्त की गई जमीन पर मनरेगा योजना के तहत तालाब खुदवाने का निर्देश दिया, साथ ही विद्यालय के निमार्णाधीन चहारदीवारी को जल्द से जल्द पूर्ण करवाने की भी बात कही। विद्यालय के निरीक्षण के क्रम में उन्होंने विद्यालय की साफ-सफाई संतोषजनक पायी। इसके अतिरिक्त दीवालों पर आकर्षक ढंग से किये गए रंगरोगन तथा दीवालों पर विषयों की जानकारी से संबंधित प्रदर्शित सामग्री पर प्रसन्नता प्रकट की। उन्होंने गतिविधि कक्ष को और अधिक क्रियेटिव ढंग से उन्नत करने को कहा, साथ ही इस कक्ष में पढ़ाई के अलावा अन्य कलात्मक विद्याओं में पारंगत होने का प्रशिक्षण देने हेतु निदेशित किया। समाचार पत्र नियमित रुप से पढ़ने हेतु बड़ा पेपर स्टैंड लगवाने के निदेश दिए। किचेन साफ-सुथरा पाया। डाइनिंग वाली जगह में साफ-सफाई के दृष्टिकोण से टाइल्स लगवाने का निदेश दिया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कक्षा 06 से 12 वीं तक कुल 200 छात्राओं का नामांकन उपस्थिति पंजी में पाया गया। निरीक्षण के उपरांत जिला पदाधिकारी ने विद्यालय के छात्राओं के साथ लगभग ढाई घंटे तक वार्ता की और उनके जिज्ञासावश पूछे गये विविध विषयों से संबंधित प्रश्नों के बहुत सरल भाषा में उत्तर दिए तथा उनका ज्ञानवर्धन किया। प्रश्नों के उत्तर पाने के पश्चात छात्राओं के आत्मविश्वास में बढ़ोतरी देखी गई। डीएम ने छात्राओं से विद्यालय से संबंधित समस्या के बारे में भी जानकारी ली, परन्तु सबों ने एकस्वर में संतोष प्रकट किया। उन्होंने छात्राओं से बड़े सपने देखने और उनके अनुकूल कड़ी मेहनत करने का संदेश दिया।

उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जीवन में आत्मनिर्भर बनना है, आगे बढ़ना है तो उन्हें संकल्पित और दृढनिश्चयी होकर अपने लक्ष्य को पाने की दिशा में दिन रात एक कर संयमित और कड़े अनुशासन के साथ निर्धारित लक्ष्य की तरफ बढ़ना होगा। श्री समीर ने जिला भर के सभी कस्तुरबा गाँधी आवासीय विद्यालय के वार्डन के साथ बैठक की और आवासीय विद्यालय गरखा के तर्ज पर ही उन्हें अपने विद्यालयों को विकसित करने का निदेश दिया। निरीक्षण के क्रम में जिला क्रार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान धनंजय पासवान, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी, गड़खा के साथ स्थानीय जन-प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

नागरिक हार्दिक अभिनंदन में शिवहर के पूर्व सांसद का लोगों ने किया स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता

कैमूर। भभुआ लिच्छवी भवन में नागरिक हार्दिक अभिनंदन में शिवहर के पूर्व सांसद आनंद मोहन का लोगों ने जमकर स्वागत किया है। वही कार्यक्रम के दौरान लिच्छवी भवन में काफी संख्या में लोगों की भी उपस्थित हुई थी।

उनके स्वागत के लिए लिच्छवी भवन के कार्यक्रम में आयोजन किया गया था। उनके साथ उनकी पत्नी लवली आनंद सहित अन्य लोग भी साथ में मौजूद रहे। कार्यक्रम में पहुंचने के बाद उपस्थित लोगों ने फूल माला पहनकर साल और तलवार से भेंट किया। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि कई प्रांत में सरकार है लेकिन हम मानते हैं कि 122 करोड़ आपके साथ है और 20 करोड़ अन्य है ऐसे में 20 करोड़ से 122 करोड़ वालों को कैसे खतरा हो सकता है। उन्होंने अपने पूर्व के राजनीतिक सफर पर वर्णन करते हुए बातों का रखा। उन्होंने कहा कि मंत्री पद को त्याग कर अपनी ही सरकार के खिलाफ खड़ा होने वाला आनंद मोहन है। जो किसानों के समर्थन में भी आवाज उठाते हुए कहा कि समाजवाद व पूंजीवाद अलग-अलग होगा देश किसानों का होगा। अपनी संबोधन के दौरान उन्होंने देश की आजादी लोकतंत्र सहित कई बिंदुओं पर संबोधित किया। उन्हें परिवारवाद पर कहा कि जिसे आज परिवारवाद कहा जा रहा है वह संघर्षवाद है। वही कार्यक्रम में कई पार्टी के नेता व विभिन्न जगहों से लोग आए उपस्थित थे।

व्यवसाय की भाषा बनकरउभर रही है हिन्दी : विजय

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। जय प्रकाश विश्वविद्यालय के मानविकी संकायान्तर्गत हिन्दी विषय मे शोध कार्य कर रहे शोधार्थी विजय कुमार ने कहा कि हिंदी आज व्यवसाय की भाषा बन कर उभर रही है।

हिंदी का बर्चस्व आज इस कदर बढ़ा है कि मल्टीनेशनल कंपनियां भी अपना विज्ञापन और टैगलाइन हिंदी में बना रही है।

इसका तात्पर्य ये है कि हिंदी बोलने और समझने वाले लोग बढ़ रहे हैं। हिंदी भाषी लोगों का प्रभाव बाजार पर है। लेकिन ये भी सत्य है कि हिंदी आज बाजार की भाषा तो बन गई लेकिन ज्ञान की भाषा आज भी अंग्रेजी ही है। आज जरूरत है हिंदी को ज्ञान की भाषा बनाना। विश्व के साहित्य, विज्ञान और प्रौद्योगिकी की किताबों के अनुवाद अथवा लिप्यन्तरण से ये सम्भव नहीं है। इस क्षेत्र में हिंदी को आगे बढ़ाने के लिए मौलिक पुस्तकें लिखने की आवश्यकता है। शोध पत्र हिंदी में लिखे जाने की जरूरत है।

हिंदी में असीम संभावनाएं हैं। आज हिंदी बोलने वाले लोगों में वृद्धि हो रही है इसका एक मुख्य कारण यह है कि इस भाषा में बाध्यता कम है। हिंदी ने सबको सहर्ष स्वीकार किया है।

तीन दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता में सम्मानित किए गए चयनित प्रतिभागी

बेगूसराय। बुधवार को शहर स्थित दिनकर कला भवन में 11 सितंबर से चल रहे तीन दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता का समापन हो गया। इसमें 16 में से 14 विधाओं में जिला स्तरीय युवा उत्सव में भाग लिए चयनित प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से जिला प्रशासन के द्वारा प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर मंच पर सम्मानित किया गया। लोकगीत प्रतियोगिता में डुमरी गांव का छात्र पुष्पराज प्रथम, द्वितीय स्थान केशव राज और तृतीय स्थान रिया कुमारी ने लाया। जिसे डीसीसी योगेश बहादुर माथुर और सदर एसडीएम रामानुज वर्मा ने मिलकर सम्मानित किया। वहीं कथक नृत्य में प्रथम स्थान निशु कुमारी ने लाई। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गंगा ग्लोबल इ.एं कॉलेज रमजानपुर की छात्रा पल्लवी कुमारी ने द्वितीय स्थान, केवी स्टूडियो के पत्रकार गौरव पाठक ने और तृतीय स्थान गढ़पुरा आरएस परियोजना गर्ल्स प्लस टू स्कूल की छात्रा रितु वर्मा को मिला। समूह लोक नृत्य में गढ़पुरा आरएस परियोजना गर्ल्स प्लस टू स्कूल की छात्रा सृष्टि कुमारी और उसकी टीम को मिला। द्वितीय स्थान निशु कुमारी और तृतीय स्थान उत्क्रमित मध्य विद्यालय बदलपुर की छात्रा मीनाक्षी एवं उसकी टीम को मिला।

हारमोनियम बादक में प्रथम स्थान कुश कुमार को मिला। द्वितीय स्थान शिवम भारद्वाज और तृतीय स्थान अमन कुमार को मिला। वहीं शास्त्रीय नाट्य में नेहा कुमारी को प्रथम स्थान मिला। तबला वादन में प्रथम स्थान एमआरजेडी कॉलेज के छात्र कुश कुमार को मिला। शास्त्रीय गायन में प्रथम स्थान दामिनी मिश्रा, द्वितीय स्थान मनमोहन कुमार और तृतीय स्थान रुपाली कुमारी ने लाई। वहीं समूह गान में प्रथम स्थान एमआरजेडी कॉलेज बिशनपुर की छात्रा रिया झा और उसकी ग्रुप टीम ने द्वितीय स्थान, मिथिलांचल कला परिषद की छात्रा आरती कुमारी और तृतीय स्थान गढ़पुरा की छात्रा प्रियंका कुमारी ने लाई। सुगम संगीत में प्रथम स्थान दामिनी मिश्रा, द्वितीय स्थान लव कुमार और तृतीय स्थान पुष्पराज ने लाया। नाटक प्रतियोगिता में बीएस कॉलेजिएट स्कूल की छात्रा नेहा कुमारी और उसकी टीम ने प्रथम स्थान लाया।

सम्पादकीय

हितों का मेल है

बाइडेन और मोदी ने जून में वॉशिंगटन में दोनों के बीच हुए समझौतों के अमल पर प्रगति की समीक्षा की। सिर्फ ढाई महीनों के अंदर उन समझौतों पर अमल किस तेजी से आगे बढ़ा है, वह सचमुच ध्यान खींचने वाला है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई मुलाकात ने इस बात की पुष्टि की कि भारत और अमेरिका में आपसी हितों का मेल पुख्ता शक्ल ले चुका है। जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत आए बाइडेन और मोदी ने जून में वॉशिंगटन में दोनों के बीच हुए समझौतों के अमल पर प्रगति की समीक्षा की। सिर्फ ढाई महीनों के अंदर उन समझौतों पर अमल किस तेजी से आगे बढ़ा है, वह सचमुच ध्यान खींचने वाला है। ड्रोन सौदे से लेकर अमेरिकी नौसेना के जहाजों को भारतीय बंदरगाहों पर मरम्मत की सेवा देने के लिए हुए समझौते अमली जामा पहन चुके हैं। इस रूप में कहा जा सकता है कि भारत अब अमेरिका की इंडो-पैसिफिक रणनीति में सक्रिय भूमिका निभाने की दिशा में काफी आगे बढ़ चुका है। यह खबर भी गौरतलब है कि अमेरिका के भारत से यह पूछने के बाद कि ताइवान पर चीनी हमला होने पर वह उस युद्ध में कैसी भूमिका निभाएगा, भारतीय सेना ने अपनी संभावित भूमिका की पड़ताल के लिए एक समिति का गठन किया है।जब भारत ने भू-राजनीतिक मामलों ने यह भूमिका अपनाई है, तो इस बात को समझा जा सकता है कि बाइडेन प्रशासन क्यों भारत- खासकर प्रधानमंत्री मोदी को खुश रखने के लिए उतावला है। उतावलापन इस हद तक है कि अपने राष्ट्रपति की विदेशी नेताओं से होने वाली वार्ता के बाद प्रश्न पूछने की अमेरिकी पत्रकारों की परंपरा को ताक पर रखने के लिए उसने तमाम तर्क ढूंढे। उधर अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने पत्रकारों से कहा कि वे यहां किसी देश में नागरिक स्वतंत्रता की स्थिति का स्कोर कार्ड दिखाने नहीं आए हैं। निहितार्थ यह कि अपने भू-राजनीतिक हितों को आगे बढ़ाने की जुगत में अमेरिका ने खुद ही यह जग-जाहिर कर दिया है कि लोकतंत्र एवं मानव अधिकार जैसे मुद्दे उसके लिए रणनीतिक हथियार हैं, यह कोई निष्ठा की बात नहीं है। उधर अमेरिका की मौजूदा जरूरत को मोदी ने बेहतर ढंग से भांप रखा है और घरेलू राजनीति में अपना हित साधने के लिए उसका खूब इस्तेमाल कर रहे हैं।

जी-20 का डंका बजता रहेगा

अजीत द्विवेदी

जी-20 का शिखर सम्मेलन समाप्त हो गया है लेकिन उसका डंका बजना अभी जारी रहेगा। अभी तक भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिलने और उसके आयोजन की तैयारियों को लेकर जय-जयकार हो रही थी लेकिन अब सफल आयोजन का डंका बजेगा। दुनिया भर के देशों के नेता दिल्ली से लौटते लौटते भारत के आयोजन की तारीफ करके गए हैं। जी-20 के नए अध्यक्ष ब्राजील के राष्ट्रपति इनासियो लूला डी सिल्वा ने तो यहां तक कहा कि उनका देश भारत की तरह ही आयोजन करने की भरपूर कोशिश करेगा। आयोजन की भव्यता के साथ साथ इसकी सफलता को लेकर भी बहुत चर्चा हुई है। नई दिल्ली घोषणापत्र पर सौ फीसदी सहमति की तारीफ अलग अलग तरह से सभी देशों ने की। इस घोषणापत्र को रूस ने अपनी जीत बताया तो फ्रांस के राष्ट्रपति ने यूरोप की जीत बताया। भारतीय मीडिया में इस बात का भरपूर प्रचार हुआ कि भारत ने 37 पन्नों और 83 पैराग्राफ के नई दिल्ली घोषणापत्र पर सहमति बनवाई। यह भारत की कूटनीतिक जीत है कि इसकी तारीफ रूस भी कर रहा है और यूरोप भी। सारी दुनिया भारत के नेतृत्व यानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की तारीफ कर रही है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने यह कह कर भारत का मान और बढ़ा दिया कि सही समय पर सही देश को जी-20 का नेतृत्व मिला। इस तरह जी-20 की कूटनीति के बाद अब इसके राजनीतिक इस्तेमाल के लिए मैदान सज गया है।ऐसा नहीं है कि पहले इसका राजनीतिक इस्तेमाल नहीं हो रहा था। जब से भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिली तभी से इसका इस्तेमाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विश्वगुरू की छवि बनाने के लिए किया जाने लगा था। उसके बाद एक सच्चे और बड़े इवेंट के आयोजक की तरह प्रधानमंत्री ने इसका विस्तार बहुत व्यापक कर दिया। पिछले साल दिसंबर में भारत को इसकी अध्यक्षता मिली थी उसके बाद नौ महीने में देश के 60 शहरों में जी-20 से जुड़ी 220 से ज्यादा बैठकें हुईं। इन बैठकों में दुनिया के अलग अलग देशों के 25 हजार से ज्यादा प्रतिनिधि शामिल हुए। ब्राजील में सिर्फ पांच शहरों में बैठकें होंगी। भारत में पर्यटन से लेकर खाद्य सुरक्षा और लघु व छोटे उद्योगों से लेकर स्वास्थ्य तक हर क्षेत्र के बारे में विचार किया गया और उसका रोडमैप तैयार किया गया। अफ्रीकी संघ के 55 देशों की इसमें बड़ी भागीदारी रही और जी-20 शिखर सम्मेलन के पहले दिन अफ्रीकी संघ को जी-20 का हिस्सा बनाने का ऐलान हुआ। भारत को इसका श्रेय मिला कि उसने वसुधैव कुटुम्बम और अपने समावेशी विकास के सिद्धांत पर चलते हुए अफ्रीका को इस विकसित देशों के समूह का हिस्सा बनवाया।आमतौर पर वित्त और विदेश नीति से देश की आम जनता को कोई खास मतलब नहीं होता है। तभी 24 घंटे चलने वाले न्यूज चैनलों और सोशल मीडिया के बावजूद बजट से लोगों को इतना ही मतलब होता है कि क्या महंगा हुआ और क्या सस्ता और कूटनीति से सिर्फ इतना सरोकार होता है कि पाकिस्तान को भारत ने ठीक कर दिया, पाकिस्तान जाकर क्रिकेट नहीं खेल रहे हैं, उनके यहां आना-जाना बंद कर दिया है आदि। थोड़े पढ़े लिखे लोगों का सरोकार इतना होता है कि अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप, कनाडा आदि का वीजा मिल जाए। यह पहला मौका था, जब सरकार ने जी-20 के बहाने कूटनीति को पढ़े-लिखे, सम्भ्रांत शहरी वर्ग के ड्राइंग रूम से निकाल कर गांव-कस्बों के चौपाल और चाय की दुकान तक पहुंचा दिया। पिछले नौ महीने से हर व्यक्ति जी-20 के बारे में बात करता हुआ था। उसे इसका एजेंडा भले न मालूम हो लेकिन यह पता चल गया था कि भारत में बहुत बड़ा आयोजन हो रहा है, जिसमें दुनिया की सारी महाशक्तियों के नेता नई दिल्ली में जुट रहे हैं। सरकार, भाजपा और आरएसएस के प्रचार तंत्र से उनको यह भी पता चल गया था कि मोदी हैं तभी ऐसा हो रहा है। देश की ज्यादातर आबादी अब भी यही मान रही है कि पहली बार इस तरह का आयोजन भारत में हुआ है।बची खुची कसर आयोजन के तीन दिन यानी आठ और दस सितंबर की कवरेज ने पूरी कर दी। दुनिया के महाबली देशों के विमानों का हवाईअड्डे पर उतरना, नेताओं का भारत मंडपम में पहुंचना, मोदी का उन्हें गले लगाना, दुनिया की महाशक्तियों के बीच बैठे मोदी का गैवल यानी हथौड़ा पीटना और राजघाट पर एक साथ 20 से ज्यादा नेताओं और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों का नेतृत्व करते हुए उन्हें महात्मा गांधी की समाधि पर ले जाना, इन सबसे बेहद पावरफुल तस्वीर बनी। भूख, बेरोजगारी, गरीबी अपनी जगह है और गर्व अपनी जगह है। राष्ट्र का सम्मान, तिरंगे का गौरव आदि ऐसी भावनाएं हैं, जो नागरिकों को अपने जीवन की तमाम असुविधाओं और परेशानी से आगे ले जाती हैं। इस आयोजन के बाद यह कहते हुए बहुत से लोग मिल जाएंगे कि कुछ भी हो मोदी ने कमाल कर दिया। यह धारणा अपने आप भाजपा और नरेंद्र मोदी का चुनावी स्टॉक ऊंचा करने वाली है। इसके बाद जो प्रचार होगा उससे रही सही कसर और पूरी हो जाएगी।प्रचार की शुरूआत भी हो गई है। शिखर सम्मेलन समाप्त होने के तुरंत बाद सरकार के मंत्रियों और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कमान संभाली। दोनों ने शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए मोदी को बधाई दी। इस आयोजन के लिए भारत के शेरपा रहे अमिताभ कांत और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पहले ही दिन ऐलान कर दिया कि भारत का नेतृत्व दुनिया में घोषित हो गया। अखबारों में यह लिखा जाने लगा कि जी-20 का सफल आयोजन भारत के लिए वही लम्हा है, जो 2008 में बीजिंग ओलंपिक का आयोजन चीन के लिए था। यानी जिस तरह से बीजिंग ओलंपिक के आयोजन के बाद चीन महाशक्ति बनने की ओर तेजी से बढ़ा उसी तरह भारत जी-20 के आयोजन के बाद बढ़ेगा। इस आयोजन के बाद दो और आयोजन की घोषणा हो चुकी है। पहले 18 से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जय-जयकार होगी, उनका अभिनंदन होगा। फिर मोदी ने नवंबर में जी-20 के एक वर्चुअल सम्मेलन का प्रस्ताव रखा है, जिसमें नई दिल्ली घोषणापत्र के प्रस्तावों पर अमल की समीक्षा होगी। प्रधानमंत्री मोदी चाहेंगे कि दिल्ली सम्मेलन की चर्चा होती रहे। इस बीच यह समय युद्ध का नहीं है के अपने जुमले के लिए मोदी नोबल पुरस्कार के लिए नामित होते हैं तो उसकी अलग चर्चा होगी।अगर जी-20 के एजेंडे को देखें और इसके प्रस्ताव पर नजर डालें तब भी सब कुछ अच्छा अच्छा दिखेगा। इसमें बार बार वसुधैव कुटुम्बकम की बात है, समावेशी विकास की बात है, लैंगिक समानता व सभी महिलाओं को सशक्त बनाने की चर्चा है, भविष्य के लिए हरित विकास की बात है, टिकाऊ विकास और डिजिटल डिवाइड को दूर करने की बात है, बहुपक्षीय संस्थानों के निर्माण पर जोर है और दुनिया के देशों के बीच एकता बनाने की बात है। वन अर्थ, वन फैमिल, वन फ्यूचर का संदेश है।

मोदी-शाह की जोड़ी एक साथ कई मुद्दे उछाल कर विपक्ष को कन्फ्यूज कर देती है

भारत शब्द हमारी खाटी संस्कृति, देशी रीति-रिवाजों और पुरानी परंपराओं की आत्मा है, तभी उसे भारत माता कहके पुकारते आए हैं। गुजरा वक्त इसी शब्द से गुलजार रहा था। लेकिन जब अंग्रेजों की घुसपैठ हुई, तो उन्होंने अपने मुफादित नया नाम ह्यइंडियाह्न गढ़ दिया जिसे भारतीयों को ना चाहते हुए भी अपनाना पड़ा। 200 सालों तक देश उनका बंधक रहा, इस बीच ये नाम भी प्रचलित होता गया। आजादी से लेकर आजतक यानी 275 वर्षों से भारत की जगह इंडिया शब्द ही बोला और लिखा जाता रहा। समूचा संसार भी इंडिया से ही जानता-पहचानता और पुकारता है। ये सच्चाई वैसे हम सभी जानते हैं कि भारत का अंग्रेजी नाम इंडिया अंग्रेजों की देन है। क्योंकि इंडिया की उत्पत्ति इंडस यानी सिंधु शब्द से है जो यूनानियों द्वारा चौथी सदी ईसा पूर्व से प्रचलन में रही। इंडिया नाम पुरानी अंग्रेजी में 9वीं सदी में और आधुनिक अंग्रेजी में 17वीं सदी से मिलता है। चाहे प्राचीन भारत की बात हो, या आधुनिक समय की, दोनों के परिसंगम में हमारी परंपराओं और घरेलू संस्कृतियों में इंडिया शब्द का कोई वास्ता नहीं? पर, शायद अब भारत के माथे पर जबरन गोदा गया इंडिया नाम सदैव के लिए लुप्त होने की कगार पर है जिसकी अधिकृत शुरूआत देश की महामहिम द्वारा उस समय हुई, जब उनके कार्यालय से जी-20 कार्यक्रम को लेकर नामचीन हस्तियों को निमंत्रण भेजे गए।

डॉ. रमेश ठाकुर

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

चाहे प्राचीन भारत की बात हो, या आधुनिक समय की, दोनों के परिसंगम में हमारी परंपराओं और घरेलू संस्कृतियों में इंडिया शब्द का कोई वास्ता नहीं? पर, शायद अब भारत के माथे पर जबरन गोदा गया इंडिया नाम सदैव के लिए लुप्त होने की कगार पर है।

भारत शब्द हमारी खाटी संस्कृति, देशी रीति-रिवाजों और पुरानी परंपराओं की आत्मा है, तभी उसे भारत माता कहके पुकारते आए हैं। गुजरा वक्त इसी शब्द से गुलजार रहा था। लेकिन जब अंग्रेजों की घुसपैठ हुई, तो उन्होंने अपने मुफादित नया नाम ह्यइंडियाह्न गढ़ दिया जिसे भारतीयों को ना चाहते हुए भी अपनाना पड़ा। 200 सालों तक देश उनका बंधक रहा, इस बीच ये नाम भी प्रचलित होता गया। आजादी से लेकर आजतक यानी 275 वर्षों से भारत की जगह इंडिया शब्द ही बोला और लिखा जाता रहा। समूचा संसार भी इंडिया से ही जानता-पहचानता और पुकारता है। ये सच्चाई वैसे हम सभी जानते हैं कि भारत का अंग्रेजी नाम इंडिया अंग्रेजों की देन है। क्योंकि इंडिया की उत्पत्ति इंडस यानी सिंधु शब्द से है जो यूनानियों द्वारा चौथी सदी ईसा पूर्व से प्रचलन में रही। इंडिया नाम पुरानी अंग्रेजी में 9वीं सदी में और आधुनिक अंग्रेजी में 17वीं सदी से मिलता है।

चाहे प्राचीन भारत की बात हो, या आधुनिक समय की, दोनों के परिसंगम में हमारी परंपराओं और घरेलू संस्कृतियों में इंडिया शब्द का कोई वास्ता नहीं? पर, शायद अब भारत के माथे पर जबरन गोदा गया इंडिया नाम सदैव के लिए लुप्त होने की कगार पर है जिसकी अधिकृत शुरूआत देश की महामहिम द्वारा उस समय हुई, जब उनके कार्यालय से जी-20 कार्यक्रम को लेकर नामचीन हस्तियों को निमंत्रण भेजे गए। निमंत्रण पत्र में उनके पद से ह्यइंडियाह्न शब्द हटा हुआ दिखा। अक्सर, भारत के राष्ट्रपति के पद के आगे ह्यदा प्रेसिडेंट ऑफ इंडियाह्न लिखा होता था। पर, उस स्थान पर ह्यदा प्रेसिडेंट ऑफ भारतह्न शब्द दिखाई दिया। जाहिर है इसके बाद सियासी हंगामा कटता और हंगामा कटते हुए देर नहीं लगी? हिंदुस्तान के तकरीबन सभी सियासी दल केंद्र सरकार विशेषकर प्रधानमंत्री पर हमलावर हो गए हैं। सभी एक सुर में बोलने लगे कि प्रधानमंत्री संविधान से भी छेड़छाड़ करने लगे हैं।

कांग्रेस नेता जयराम की टिप्पणी आई, बोले इंडिया शब्द से आपत्ति क्यों है प्रधानमंत्री को? क्या इसलिए कि जब से विपक्षी दलों ने सामूहिक रूप से अपने संयुक्त गठबंधन का नाम इंडिया रख लिया है। जबकि, इससे पूर्व अपने नौ वर्षों के कार्यकाल में प्रधानमंत्री ने अपनी करीब 150 योजनाओं के नाम इंडिया शब्द से ही रखे। चाहे खेलो इंडिया हो या स्टार्टअप इंडिया? विपक्ष इसे बड़ा चुनावी मुद्दा बनाने के मूड में है। समूचा विपक्ष विशेष सत्र में इसे मजबूती से उठाएगा। लेकिन, सरकार ने सत्र आने से पहले ही ऐसा धमाका कर दिया जिससे विपक्ष में भगदड़ मच गई। उनमें अभी तक शोर सिर्फ ह्यएक देश, एक चुनावह्न को लेकर था। लेकिन एक और बड़ा बम फोड़ डाला। मोदी-शाह की जोड़ी एक बात ठीक से जानती है कि एक साथ इतने मसले उठा दो, जिससे विपक्ष कन्फ्यूज हो जाए, कि कौन-सा उठाएं, कौन-सा नहीं? बहरहाल, ह्यइंडियाह्न को ह्यभारतह्न कर देना, ये संवैधानिक रूप से सभी सियासी दलों के साथ मंत्रणा करने वाला मुद्दा है। हालांकि अभी भी संदेह के कुछ बादल मंडरा रहे हैं। मात्र राजनीतिक गलियारों में ही चर्चाएं हैं। स्थिति अभी भी साफ नहीं है कि वास्तव में ऐसा होगा, या संविधान से इंडिया शब्द को हमेशा के लिए हटाया जाएगा। केंद्र सरकार द्वारा बुलाए जा रहे विशेष सत्र में क्या इस मसले पर चर्चा होगी? मसौदा पेश होगा या फिर कोई बिल लाया जाएगा? वैसे, मुद्दा ज्यादा पेचीदा नहीं है कि आसानी से सुलझाया ना जाए? पर, बात वहीं आकर अटक जाती है कि क्या इस बाबत केंद्र सरकार विपक्ष को विश्वास में लेगी, या पूर्व की भांति इस बार भी सबको दरकिनार करके अपने निर्णय पर आगे बढ़ेगी। विपक्षी दल ज्यादातर इसी बात से नाखुश हैं कि सरकार किसी बड़े निर्णय में उन्हें शामिल नहीं करती, अपने मन-मुताबिक फैसले ले लेती है। भारत-इंडिया की लड़ाई के इतर अगर बात करें, तो केंद्र में मोदी सरकार के बीते साढ़े नौ वर्षों के कार्यकाल में बहुत कुछ बदला-उल्टा गया। देखा जाए तो कहीं-कहीं जरूरी भी था। मुगल, शाहजहां व अकबर जैसे तमाम पूर्व शासकों के वक्त के इतिहास को बदला गया। उनके द्वारा रखे गए नामों को हटाने का कार्य बीते कई वर्षों से बदस्तूर जारी है। जैसे, पुरानी इमारतें, रेलवे स्टेशनों आदि का नया नामकरण हुआ। इसके अलावा अंग्रेजों के वक्त से चले आ रहे करीब 1500 सौ पुराने कानूनों को खत्म किया है। अंग्रेजों की बनाई संसद को भी स्वदेशी नए भवन में हस्तांतरित कर दिया गया है। इंडिया नाम पड़ने की थ्योरी से तो सभी वाकिफ हैं, लेकिन भारत कैसे पड़ा। इसकी मुकम्मल जानकारियों का बहुत अभाव रहा है। हालांकि, भारत शब्द के पीछे तर्क कोई एक नहीं, बल्कि बहुतेरे हैं। पर, हिंदुओं के महान पौराणिक ग्रंथ ह्यस्कन्द पुराणह्न के अध्याय संख्या-37 के मुताबिक ऋषभदेव नाभिराज के पुत्र का नाम भारत था, जो बड़े बलशाली और शूरवीर थे, उन्हीं के नाम से हमारे देश का नाम भरत पड़ा। इसका उल्लेख कई जगहों पर मिल जाएगा कि भारतवर्ष का नाम ऋषभदेव के पुत्र भरत के नाम पर हुआ। हिंदुस्तान शब्द की भी अपनी एक अद्भुत कहानी है। ज्यादातर लोग यही समझते हैं कि हिंदुस्तान हिंदुओं की बहुतायत के चलते पड़ा। जबकि, ऐसा है नहीं? हिन्दू और हिन्द दोनों फारसी शब्द हैं जो इंडो-आर्यन संस्कृत सिंधु से आए हैं। आचमेनिड सम्राट डेरियस प्रथम ने लगभग 516 ईसा पूर्व में सिंधु घाटी पर विजय प्राप्त की थी, जिसके बाद ये शब्द सिंधु घाटी के लिए इस्तेमाल किया गया।

इंडिया शब्द को हटाने को लेकर सियासत में सुगबुगाहट ही नहीं, बल्कि गर्माहट भी बढ़ गई है। चर्चाएं ऐसी हैं कि हो सकता है बुलाए गए संसद के विशेष सत्र में केंद्र सरकार संविधान से ह्लइंडियाह्न शब्द को हटाने कोई बिल आए। प्रस्ताव की तैयारियों की हलचल दिखने भी लगी है। अभी कुछ दिन पहले ही तो आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने भी कहा था कि सदियों से हमारे देश का नाम भारत रहा है? यही रहना चाहिए। इसके लिए उन्होंने केंद्र सरकार से बाकायदा अपील की है कि इंडिया की जगह भारत शब्द का इस्तेमाल हो। फिलहाल इस मसले को लेकर राजनीति जबरदस्त शुरू हो गई है। पर, ज्यादातर देशवासी इस पक्ष में हैं कि देश को भारत ही बोला जाए। यूरोपीय देशों की भांति अगर इस मसले को लेकर केंद्र सरकार जनमत करवाए, तो परिणाम निश्चित रूप से उनके पक्ष में होंगे। बावजूद इसके मसला भयंकर रूप से पेचीदा है, विपक्ष इतनी आसानी से इंडिया को भारत शायद ही होने दे। आगामी संसद के विशेष सत्र पर बहुत कुछ निर्भर करता है कि उसमें क्या वास्तव में इसको लेकर केंद्र सरकार विधेयक लाएगी। अगर लाएगी तो क्या उन्हें सफलता मिलेगी। फिलहाल ये मुद्दा संसद सत्र तक गर्म रहेगा, ये तय है।

जी-20 शिखर सम्मेलन ने विश्व भर में भारत की प्रतिष्ठा को बढ़ाने का काम किया

भारत के इतिहास का यह पहला अवसर है जब उसने समूची दुनिया की महाशक्तियों को एक साथ एक मंच पर एकत्र कर अपनी उभरती राजनीतिक छवि की धाक एवं धमक अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उजागर की है। निश्चित ही हर भारतीय के लिये यह देखना दिलचस्प ही नहीं सुखद बना कि चुनौती बना जी-20 का यह दो दिवसीय शिखर सम्मेलन एक उपलब्धि एवं नये भारत के अभ्युदय में तब्दील हो गया। पहले ही दिन जिस तरह सभी सदस्य देशों के बीच सहमति बनाने और साझा घोषणा पत्र जारी करने में सक्षम हुआ, वह उसके राजनीतिक परिपक्वता एवं कूटनीतिक कौशल का कमाल ही है। साझा घोषणा पत्र पर सहमति कायम होना इसलिए भारतीय नेतृत्व की एक बड़ी जीत है, क्योंकि इसकी आशंका थी कि यूक्रेन युद्ध के कारण साझा घोषणा पत्र तैयार होना कठिन होगा। नि:संदेह महत्वपूर्ण केवल यह नहीं है कि भारत साझा घोषणा पत्र जारी कराने में सफल हुआ, बल्कि यह भी है कि इसके माध्यम से वह बड़े देशों को यह संदेश देने में सक्षम हुआ कि टिकाऊ, संतुलित एवं समावेशी विकास की दिशा में आगे बढ़ना समय की मांग है।

भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

ललित गर्ग

लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं

जी-20 के शिखर सम्मेलन की अनेकानेक स्वर्णिम उपलब्धियों में एक बड़ी उपलब्धि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की दावेदारी भी पेश होना है। प्रधानमंत्री ने यह दावेदारी प्रस्तुत करते हुए कहा कि उसके स्थायी सदस्यों की संख्या वही है, जो इस संस्था के गठन के समय थी।

भारत के इतिहास का यह पहला अवसर है जब उसने समूची दुनिया की महाशक्तियों को एक साथ एक मंच पर एकत्र कर अपनी उभरती राजनीतिक छवि की धाक एवं धमक अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उजागर की है। निश्चित ही हर भारतीय के लिये यह देखना दिलचस्प ही नहीं सुखद बना कि चुनौती बना जी-20 का यह दो दिवसीय शिखर सम्मेलन एक उपलब्धि एवं नये भारत के अभ्युदय में तब्दील हो गया। पहले ही दिन जिस तरह सभी सदस्य देशों के बीच सहमति बनाने और साझा घोषणा पत्र जारी करने में सक्षम हुआ, वह उसके राजनीतिक परिपक्वता एवं कूटनीतिक कौशल का कमाल ही है। साझा घोषणा पत्र पर सहमति कायम होना इसलिए भारतीय नेतृत्व की एक बड़ी जीत है, क्योंकि इसकी आशंका थी कि यूक्रेन युद्ध के कारण साझा घोषणा पत्र तैयार होना कठिन होगा। निःसंदेह महत्वपूर्ण केवल यह नहीं है कि भारत साझा घोषणा पत्र जारी कराने में सफल हुआ, बल्कि यह भी है कि इसके माध्यम से वह बड़े देशों को यह संदेश देने में सक्षम हुआ कि टिकाऊ, संतुलित एवं समावेशी विकास की दिशा में आगे बढ़ना समय की मांग है। विश्व स्तर पर उभरती प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की साख का ही यह परिणाम है। यह शिखर सम्मेलन भारत की विश्व प्रतिष्ठा का एक दुर्लभ अवसर बनकर प्रस्तुत हुआ है। एक अविस्मरणीय, ऐतिहासिक, सफल एवं सार्थक आयोजन के रूप में भारत को समूची दुनिया सुदीर्घ काल तक याद करेंगी एवं भविष्य में ऐसे आयोजनों के लिये भारत का चयन करते हुए एवं जिम्मेदारी देते हुए कोई हिचक नहीं होगी। निश्चित ही इस सम्मेलन की अनेक शिखर उपलब्धियां एवं अमिट आलेख सृजित हुए है, यूं लगता है मोदी विश्व-दर्शन एवं विश्व एकता के पुरोधा बनकर प्रस्तुत हुए, उनका अथ से इति तक का पूरा जी-20 अध्यक्षीय सफर पुरुषार्थ की प्रेरणा बना। विश्व के नव-निर्माण का संकल्प बना।

जी-20 के शिखर सम्मेलन की अनेकानेक स्वर्णिम उपलब्धियों में एक बड़ी उपलब्धि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की दावेदारी भी पेश होना है। प्रधानमंत्री ने यह दावेदारी प्रस्तुत करते हुए कहा कि उसके स्थायी सदस्यों की संख्या वही है, जो इस संस्था के गठन के समय थी। संयुक्त राष्ट्र का गठन 51 देशों के साथ हुआ था। आज उसके सदस्यों की संख्या दो सौ के करीब पहुंच गई है, लेकिन सुरक्षा परिषद में वही के वही पांच सदस्य हैं। भारत की एक और उपलब्धि 55 देशों के संगठन अफ्रीकी संघ को जी-20 की सदस्यता दिलाकर इसे जी-21 में बदल देना भी भावी विकास और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति की दृष्टि से महत्वपूर्ण बना। अफ्रीकी संघ के सदस्य बनने से जी-20 में दक्षिणी देशों का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा। अभी तक वहां जी-7 देशों, यूरोपीय संघ के 25 देशों, रूस, चीन और तुर्किए को मिलाकर उत्तर का पलड़ा भारी था। अफ्रीकी देशों की सदस्यता के बाद दक्षिणी देशों की संख्या बढ़ जाएगी। वैसे चीन और रूस दोनों अफ्रीकी देशों को सदस्यता दिलाने का श्रेय लेने की कोशिश कर रहे हैं। चीन ने पिछले दो-तीन दशकों से अफ्रीकी देशों में भारी निवेश किया है और रूस भी निवेश के साथ-साथ राजनीतिक उठापटक कराने में लगा रहता है, पर चीनी निवेश से अफ्रीकी देशों में कर्ज संकट पैदा हुआ है और रूस के भाड़े के सैनिक अफ्रीकी देशों में विद्रोह करा रहे हैं। भारत के अफ्रीका से हजारों साल पुराने व्यापारिक और सामाजिक रिश्ते हैं। भारत का स्वाधीनता आंदोलन अफ्रीकी देशों के स्वाधीनता आंदोलनों का प्रेरणास्त्रोत बना। गुटनिरपेक्ष आंदोलन का नेतृत्व करते हुए भारत हमेशा दक्षिणी देशों की आवाज बुलंद करता आया है। इसलिए अफ्रीकी संघ को उत्तर और दक्षिण के साझा मंच जी-20 की सदस्यता दिलाने से भारत को स्वाभाविक रूप से दक्षिण की आवाज बनने में मदद मिलेगी। इस कदम से भारत की अन्तर्राष्ट्रीय स्थिति मजबूत होगी एवं दक्षिणी देशों में भारत के संबंध अधिक प्रगाढ़ हो सकेंगे।

हालांकि भारत ने अगले जी-20 शिखर सम्मेलन की कमान ब्राजील के राष्ट्रपति को सौंप दी है, लेकिन अभी उसके पास नवंबर तक इस संगठन की अध्यक्षता है। नई दिल्ली घोषणा पत्र में जिन विषयों एवं मुद्दों पर सहमति बनी, अब उन पर तेजी से आगे बढ़ना होगा। क्योंकि आम तौर पर विभिन्न वैश्विक मंचों पर जिन मुद्दों पर सहमति बन जाती है, उन पर अमल नहीं हो पाता। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से बचने के उपायों पर आम राय तो बनी, लेकिन उन पर अपेक्षित ढंग से अमल नहीं हो पा रहा है। यह भी किसी से छिपा नहीं कि संयुक्त राष्ट्र में जिन विषयों पर सहमति कायम हो जाती है, उन पर भी काम नहीं हो पाता। शायद इसी कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र में सुधार की मांग पर एक बार फिर बल दिया। इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व नेता के रूप में विश्व चुनौतियों एवं समस्याओं को न केवल प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया बल्कि उनके समाधान के रास्ते भी बताये। भारत ने विषम परिस्थितियों में जी-20 के सदस्य देशों के बीच सहमति कायम करने का कठिन माना जाने वाला काम कर दिखाया, इसलिए विश्व में उसकी प्रतिष्ठा भी बढ़ी और दुनिया को यह संदेश भी गया कि विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मामलों में उसका सहयोग लेना आवश्यक हो गया है। भारत ने जी-20 शिखर सम्मेलन में जैसा कूटनीतिक कौशल दिखाया और विश्व पर अपनी जैसी छाप छोड़ी, उससे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता का उसका दावा और मजबूत हो गया है। इस दावे की मजबूती का एक आधार यह भी है कि भारत ने यह प्रदर्शित किया कि वह वसुधैव कुटुंबकम् की अपनी अवधारणा के तहत वास्तव में विश्व कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

रूस-यूक्रेन युद्ध एवं चीन की बढ़ती विस्तारवादी सोच के कारण बदलते वैश्विक समीकरण ने यह सवाल खड़ा कर दिया था कि इस अहम अंतरराष्ट्रीय मंच की प्रासंगिकता आगे उस रूप में बनी रह पाएगी या नहीं, जैसी अब तक रही है। ये सवाल तब और गहरे हो गए, जब पहले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और फिर चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने साफ कर दिया कि वे इस शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं हो रहे। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी की दूरगामी सोच, कूटनीति एवं कौशल के कारण न केवल जी-20 की प्रासंगिकता बढ़ी है बल्कि दुनिया को एक परिवार के रूप में आकार देने के संकल्प को बल मिला है। भारत अंतरराष्ट्रीय हितों का संरक्षक बनने के साथ विश्व को दिशा देने में भी समर्थ हो रहा है। इसका परिचय प्रधानमंत्री मोदी की ओर से स्वच्छ ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन बनाने की घोषणा से मिला। इसके पहले भारत अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन की शुरूआत कर चुका है। उसने वैश्विक हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और एक बेहतर दुनिया के निर्माण के लिए एक-दूसरे पर भरोसा करने और मिलकर काम करने की महत्ता को प्रभावी ढंग से रेखांकित किया। विरोधी विचारधाराओं को एक मंच पर लाना एवं उनमें सहमति बनाना इस सम्मेलन की खास बात रही है। भारत ने असंभव को संभव कर दिखाया, खेमों में बंटी दुनिया को एक कुटुंब के रूप में जोड़ने में वह सफल रहा। इस मतलबी दुनिया में किसे इतनी फुर्सत है कि वह अपनी तुला पर किसी को तुलने दे? भला कब लगा पाते हैं उजालों में जीने वाले अंधेरों के जख्मों पर मरहम? लेकिन इस सम्मेलन में दो खेमों में बंटे देश मानवीयता की दृष्टि से एक होते हुए नजर आये, यह इस सम्मेलन की निश्चित ही बड़ी उपलब्धि है।

आम चुनाव से पहले 5 लाख गांवों में 1000 साधु संत

सनत जैन

अयोध्या में भव्य राम मंदिर के लोकार्पण और लोकसभा के चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए विश्व हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने एक बड़ी रणनीति तैयार की है। इस रणनीति के अनुसार नवंबर माह के पहले सप्ताह से विश्व हिंदू परिषद द्वारा समर्थित भारतीय संत समिति और अखाड़ा परिषद के 1000 से ज्यादा संत 5 लाख गांवों में जाकर राम मंदिर निर्माण लोकार्पण एवं चुनाव को ध्यान में रखते हुए सियासी धार्मिक ध्रुवीकरण करने का प्रयास करेंगे। इसके लिए 2 नवंबर से विधिवत कार्यक्रम बनाया गया है। जिन साधु-संतों को इस काम में लगाया जा रहा हैं, वह पहले उन राज्यों में जाएंगे, जहां पर विधानसभा चुनाव है। उसके बाद उन राज्यों में जाएंगे, जहां पर सबसे ज्यादा हिंदू आबादी है। 2 नवंबर को 495 महामंडलेश्वर काशी पहुंच रहे हैं। चुनाव के पहले धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण तैयार करने के लिए राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के बलदानियों की मुक्ति के लिए मोक्ष यज्ञ किया जाएगा। 3 नवंबर को रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में संस्कृति संसद का आयोजन होगा। इस आयोजन में मंडलेश्वर, महामंडलेश्वर तथा 1000 से अधिक साधु-संत शामिल होंगे। 4 नवंबर को 40 पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित लोगों को भी बुलाया गया है। 5 नवंबर को युवा सांसद होगी, इसके बाद संत चले गांव की ओर कार्यक्रम का शंखनाद कर दिया जाएगा। संत समिति के महामंत्री जितेंद्र आनंद सरस्वती के अनुसार यह यात्रा काशी से शुरू होगी। देश के 550 जिलों के 5 लाख से अधिक गांवों में साधु-संत जाएंगे। अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर के लोकार्पण समारोह के लिए सभी 5 लाख गांव एवं शहरों के मंदिरों को सजाया जाएगा, रोशनी की जाएगी। सभी हिन्दू धार्मिक स्थलों में पूजा-पाठ, यज्ञ और कीर्तन के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राम मंदिर के नाम पर धार्मिक ध्रुवीकरण पैदा करने की जो कोशिश की जा रही है, इसमें भारतीय जनता पार्टी कितनी सफल होगी, कहना मुश्किल है। पिछले 10 वर्षों से केंद्र में भाजपा की सरकार है। हिंदी भाषी राज्यों में भी भाजपा की सरकारें लंबे समय से हैं। गुजरात में लगभग 27 वर्षों से भाजपा की सरकार है। राम मंदिर भी बन चुका है। ध्रुवीकरण की राजनीति में अब हिंदुओं को हिंदुओं के बीच बांटा जा रहा है। हाल ही में तमिलनाडु में जिस तरह से सनातन धर्म के बारे में बातें कही हैं, उसमें 50 फीसदी से ज्यादा हिंदू जो दलित और आदिवासी समुदाय से आते हैं, वह सनातन धर्म को नहीं मानते हैं। सबके अलग-अलग धर्म और अलग-अलग आस्था है। जिस तरह से धार्मिक ध्रुवीकरण को बनाने के लिए साधु-संतों को आगे किया जा रहा है। सनातन धर्म के मंदिरों में यज्ञ, पूजा-पाठ और कथा-कीर्तन इत्यादि होंगे। हिंदू समाज जो दलित, पिछड़े और आदिवासी वर्ग का है, उसको भारतीय जनता पार्टी किस तरीके से अपने साथ जोड़कर रख पाएगी, यह कहना मुश्किल है। संभावनाओं के आधार पर सभी अपना-अपना काम करते हैं। मंडल और कमंडल की नई राजनीति देश में अपनी चरम सीमा पर पहुंच गई है। बिहार में जातिगत जनगणना हो चुकी है। अधिकांश राजनैतिक दल जातीय एवं धार्मिक आधार पर जनगणना की मांग कर रहे हैं। मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। जातीय समीकरण को देखते हुए साधु-संतों की इस तरह की सक्रियता, चुनाव को ध्यान में रखकर की जा रही है, तलवार की धार में चलने के समान है। भारतीय जनता पार्टी, विश्व हिंदू परिषद और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने इस स्थिति पर लगता है, गंभीरता से विचार नहीं किया है। समय रहते हुए यदि हिंदुओं के वोट बैंक को एकजुट रखना है, तो यह तरीका शायद मुफीद साबित नहीं होगा। दलित एवं आदिवासियों के देवी-देवता अलग हैं। उनकी मान्यता और आस्था भी अलग-अलग है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, गुरुवार, 14 सितंबर, 2023

संक्षिप्त खबरें

किसान गोष्ठी में किसानों ने सिखा उन्नत खेती का गुर

मधुबनी खजौली ई किसान भवन के सभागार में बुधवार को किसान गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता आत्मा अध्यक्ष बिलट प्रसाद सिंह एवं संचालन सहायक तकनीकी प्रबंधक अवधेश कुमार शर्मा द्वारा किया गया. किसान गोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य रूप से किसानों को नई तकनीकी से खेती करने का गुर सिखाया गया. किसानों को मक्का की खेती मोटा अनाज उगाने पशुपालन मधुमक्खी पालन मत्स्य पालन एवं कृषि विभाग आत्मा से संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया. आत्मध्यक्ष श्री सिंह ने किसानों को कहा कि अब केवल आनाज उपजना ही किसान का काम नही है, कई प्रकार की तकनीकी आ गए है, सीमित जगह पर भी किसान अधिक आय की प्राप्ति कर सकते है, पशुपालन मधुमक्खी पालन मत्स्य पालन इसका उदाहरण है. मौके पर एटीएम अवधेश कुमार शर्मा किसान सलाहकार केदारनाथ मिश्र अरविंद कुमार, राम इकबाल कृष्णदेव प्रसाद सिंह शंकर कुमार श्याम कुमार सिंह तनुक लाल सिंह राम सौदागर सिंह पवन कुमार साह एवं पंचायत के किसान राम विनोद पांडे संतोष कुमार सिंह तेज नारायण सिंह, बैजनाथ प्रसाद यादव हुकुमदेव यादव मिथिलेश कुमार राम कृपाल महतो सिंह रामसेवक सिंह अनिल कुमार सिंह सूरज नारायण सिंह सूरज कुमार सहित अन्यलोक मौजूद थे।

रामचरित्र मानस की चौपाइयों पर आधारित भाषण प्रतियोगिता में प्राची ने हासिल किया प्रथम स्थान

झाझा-बुधवार को प्लस टू बीएल शर्मा अनुग्रह उच्च विद्यालय में झाझा हिंदी साहित्य परिषद की ओर से गोस्वामी तुलसीदास की जयंती के असवार स्कूली बच्चों के भी रामचरित्र मानस की चौपाइयों पर आधारित भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें शिशु वर्ग कक्षा तृतीय से पंचम वर्ग के दर्जनों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।जिसमें शिशु वर्ग में सरस्वती शिशु मंदिर के तीन प्रतिभागियों ने प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने में सफलता पाई।प्रथम स्थान पर प्राची गुप्ता,प्राची बरनवाल द्वितीय तथा श्रुति कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।विजेता बनी तीनो प्रतिभागियों को संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार झा के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।अध्यक्ष ने बच्चों को संबोधित करते हुये कहा कि पौराणिक ग्रंथों से हमे संस्कार प्राप्त होता है।रचयिता अपने पुस्तकों में,कवियों अपने कविता में अपनी शुद्ध वाणी,शब्दों का उपयोग करता है ताकि लोग हिंदी भाषा के महत्व को समझे।मौके पर कई लोग मौजूद थे।

कुमार राणा प्रताप सिंह ने खेल मैदान को लेकर आवेदन पत्र सोपा

मधुबनी भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लोकल कमिटी जयनगर के सचिव कुमार राणा प्रताप सिंह ने +2 उच्च विद्यालय जयनगर के प्रधानाध्यापक को आवेदन दे कर +2 उच्च विद्यालय के क्रीड़ा खेल मैदान में जल जमाव से खेल मैदान को मुक्त कराने हेतु आवेदन पत्र दिया है।आवेदन देते हुए आग्रह किया गया है कि बच्चों के चहुमुखी विकास के लिए पठन-पाठन के साथ-साथ खेल-कूद भी आवश्यक होता है। दुर्भाग्यवश जयनगर शहर का एक मात्र प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था का इकलौता क्रीड़ा मैदान पानी का जमाव से खराब स्थिति में है जो मैदान का अधिकांश भाग तलाब में तब्दील हो गया है।पार्टी आप से अपेक्षा के साथ अनुरोध करती हैं कि हमारी भावना से उच्चाधिकारी को अवगत कराने का कष्ट करेंगे तथा यथाशीघ्र क्रीड़ा खेल मैदान का घेराबंदी कराकर जल जमाव से मुक्त करवाने की दिशा में पहल करेंगे जिससे बच्चों के चहुमुखी विकास में बाधा उत्पन्न न हो।

पॉलिटेक्निक कॉलेज में पंखे से झूलते मिली फर्स्ट ईयर की छात्रा का शव

सुसाइड नोट में लिखा था मेहनत नहीं रिजल्ट देखते हैं माता-पिता

प्रात : किरण ब्यूरो

SHALINI KUMARI
15-03-2023

जमुई जिला मुख्यालय के कल्याणपुर स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज में बुधवार को एक फर्स्ट ईयर की छात्रा के शव पंखे में दुप्टा से झूलता हुआ मिला। जिससे कॉलेज परिसर में हड़कंप मच गया। वहीं कॉलेज प्रशासन द्वारा घटना की जानकारी स्थनीय थाना को दी गई जिसके बाद सूचना मिलते ही टाउन थाने के पुलिस मौके पर पहुंची और फांसी से झूल रहे छात्रा को उतार कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया साथ ही मामले की जांच में जुट गई। मृतक छात्रा की पहचान लखीसराय जिले के मसौढा गांव निवासी मुकेश कुमार की 18 वर्षी पुत्री शालिनी कुमारी के रूप में की गई है। बताया जाता है कि शालिनी का एडमिशन जमुई पॉलिटेक्निक कॉलेज में 12 अगस्त को फर्स्ट ईयर में हुआ था। और वह 3 दिन पहले छात्रावास में रहने के लिए आई थी जहां विद्यालय प्रशासन द्वारा 306 रूम नंबर अलॉट किया गया था। लेकिन रूम की व्यवस्था में कुछ कमी रहने के कारण फिलहाल रूम नंबर 210 में अन्य छात्राओं के साथ रह रही थी। लेकिन मंगलवार को पढ़ाई करने में दिक्कत होने की बात कह कर वह अकेले रूम नंबर 404 में चली गई। इधर बुधवार की सुबह जब वह काफी देर तक रूम से नहीं निकली तो अन्य छात्राओं ने उसके रूम का दरवाजा खटखटाया तो गेट खुल गया और उसे दुपट्टे के जरिए पंखे से झूलता हुआ देखा तभी छात्राएं शोर मचाने लगी। इसके बाद पॉलिटेक्निक कॉलेज के पदाधिकारी दौड़कर आया और घटना की जानकारी टाउन थाने की पुलिस को दी जिसके बाद सूचना मिलने पर टाउन थानाध्यक्ष राजीव कुमार तिवारी पुलिस बलों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और पंखे से झूल रही छात्रा को निचे उतारा गया। इस दौरान पुलिस ने घटनास्थल से 5 पन्नों का एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है। जिसमें लिखा गया कि मेहनत नहीं रिजल्ट देखते हैं माता-पिता, साथ ही उसमे यह भी लिखा गया कि पढ़ने के कारण ही सुसाइड कर रही हूं। वहीं घटना को लेकर कॉलेज के प्रधानाचार्य नीरज कुमार सिंह ने बताया कि अभी वह 3 दिन पहले ही हॉस्टल पढ़ने आई थी और दो-तीन दिनों से उसका ओरियंटेशन चल रहा था। उन्होंने बताया कि उसको रूम भी अलॉट कर दिया गया था। अचानक वह रात में सोने गई और सुबह उसका शव पंखे से झूलता पाया गया है। वही मौके पर मौजूद टाउन थानाध्यक्ष राजीव कुमार तिवारी ने बताया कि मामला सुसाइड का लगता है। पुलिस द्वारा छानबीन की जा रही है। मौके से पांच पेज का सुसाइड नोट भी बरामद किया गया है। सुसाइड नोट को देखकर लगता है कि लड़की कम मार्क्स आने को लेकर परेशान चल रही थी। सुसाइड नोट की सत्यता की जांच के बाद ही सारे तथ्य सामने आ पाएगा।

25 को पटना में महाधरना का आयोजन करेगा पूर्व वार्ड सचिव संघ

प्रात : किरण संवाददाता

चेनारी। पूर्व वार्ड सचिव संघ बिहार प्रदेश कमिटी द्वारा अपनी लम्बित मांगों के समर्थन में आगामी 25 सितंबर को राजधानी पटना आयोजित होने वाले महाधरना की तैयारी को ले संघ के स्थानीय प्रखड कमिटी द्वारा वुधवार को बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता सुरेश कुमार दुबे तथा संचालन विमल पांडेय ने किया।पूर्व वार्ड सचिवो ने अपने हक के लिए संघर्ष को जारी रखने की हुंकार भरी।प्रखण्ड सचिव विरज कुमार पांडेय उर्फ विमल पांडेय ने बताया की हमारी मुख्य मांगों में बिहार सरकार पंचायती राज विभाग द्वारा जारी पत्र संख्या 72/19 को रद्द कराते हुए राज्य के 114691 पूर्व वार्ड सचिवो की स्थायी बहाली कराना तथा बकाया मानदेय का भुगतान करना शामिल है।श्री पांडेय ने कहा की संघ द्वारा पिछले 9 महीने से गर्दनीबाग में धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है लेकिन सरकार चुप है।उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव जब विपक्ष मे थे तब हमारी मांगों पर विचार करने की बात कही थी लेकिन सत्ता में आते ही वे अपना वादा भुल गए जिससे बाध्य होकर हमने अपना आंदोलन और तेज करने का निर्णय लिया है।प्रखण्ड अध्यक्ष सुरेश कुमार दुबे ने कहा की प्रदेश कमिटी के पत्रांक 58 दिनांक 3.9.23 के निर्देश पर प्रखंडवार एवं जिलावार बैठको का आयोजन कर महाआंदोलन की तैयारियां की जा रही है,अब सरकार के साथ आर-पार की लडाई लड़ी जाएगी जिसकी तैयारी में हम लगे हुए है।बैठक में अशोक रजक, सोभनाथ सिंह,शिवपूजन तिवारी, धनंजय कुमार,संजय कुमार तिवारी,पारसनाथ राम, लीलावती देवी, ओमप्रकाश तिवारी,महावीर कुमार,रामाशीष पांडेय,संजय तिवारी ,मनोज सिंह,पार्वती देवी,तेतरी कुमारी,चिंता देवी, अशोक रजक,सतेंद्र लाल,महेंद्र पासवान,चंदन कुमार,गुप्तेश्वत सिह,धर्मशीला देवी,रामाशीष पांडेय सहित सैकड़ों पूर्व वार्ड सचिव उपस्थित थे।

जिले में 19 सितंबर तक भारी बारिश, मौसम विभाग ने किया ग्रीन अलर्ट जारी

प्रात : किरण ब्यूरो चीफ,
पुरुषोत्तम कुमार

जमुई कड़ी धूप और उमस भरी गर्मी के बीच मौसम विभाग ने बुधवार को जमुई समेत बिहार के 24 जिले में भारी बारिश होने की संभावना जताई है। इसको लेकर मौसम विभाग ने ग्रीन अलर्ट जारी करते हुए कहा कि 13 से 19 सितंबर तक पूरे बिहार में बारिश होने के आसार है। भारी बारिश को लेकर मौसम विभाग ने कहा कि 13 से 19 सितंबर तक होने वाले बारिश के दौरान तेज हवाएं चलेगी, साथ ही आकाशीय बिजली गिरने का भी संभावना जताई गई है। इसको लेकर मौसम विभाग ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि बारिश के दौरान घर से बाहर नहीं निकले। साथ ही बारिश के दौरान अगर सफर कर रहे हैं तो सड़क किनारे पेड़ के पास नहीं छिपे, क्योंकि बारिश के दौरान वज्रपात होने की अधिक संभावना पेड़ और ऊंचे स्थानों पर होती है। इस लिए पेड़ के पास छिपने से बचें। अगर आप खुले आसमान में हैं तो जल्दी किसी पक्के मकान में शरण लें। बिजली के खंभों के पास बिल्कुल न जाएं। बता दें कि तीन-चार दिनों से आसमान से आग बरस रही है। लोग उमस भरी गर्मी से परेशान है। सुबह 8 बजाते ही धूप का तेवर इस कदर हो जाता है कि लोग पसीना से तरवतर होने लगता। हलांकि इस उमस भरी गर्मी में पंखा और कूलर कुछ हद तक लोगों को राहत दे रही है। लेकिन रूम से बाहर निकलते ही लोगों को उमस भरी गर्मी का प्रकोप झेलना पड़ता है। दोपहर होते ही मौसम का पारा सामान्य से अधिक हो जाता है। बुधवार को मौसम विभाग द्वारा जिले का अधिकतम तापमान 34 डिग्री और न्यूनतम 27 डिग्री दर्ज किया। लेकिन अधिकतम तापमान 34 डिग्री रहने के बावजूद लोगों ने बुधवार को 39 डिग्री तक का असर महसूस कीया।

सर्पदंश से महिला की मौत

बखरी, बेगूसराय। राटन पंचायत के उदनचक गांव में सर्पदंश से एक महिला की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार उदनचक निवासी रामानंद मल्लिक की 38 वर्षीय पत्नी रामवती देवी अपने बाल-बच्चों के संग रात में घर के बरामदे पर सोई थी। रात्रि के लगभग 3 बजे सोए अवस्था मे ही दाएं पैर में जहरीला सांप ने काट लिया। परिजनों द्वारा अहले सुबह बखरी पीएचसी ले जाया गया। हालत नाजुक देखरकर पीड़ित को बेगूसराय सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। उप मुखिया अजित कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता जितेन्द्र जीतू सहित अन्य लोगों ने शोकाकुल परिवार के घर पहुंचकर गहरी संवेदना व्यक्त किया एवं पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया।

एसकेएमसीएच पीकू वार्ड में 32 मेडिकल ऑफिसर को दिया जा रहा प्रशिक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

PATH
ining on
u Suraksha
(NSSK)
Officer,
e & ANM

मुजफ्फरपुरं । जन्म के साथ बच्चों को रोना बहुत जरूरी होता है। जन्म के समय गोल्डन वन मिनट नवजात के बचने का समय होता है। ज्यादातर बच्चे को ऑक्सीजन की कमी के कारण कई तरह की परेशानियां उत्पन्न होती है। जन्म के साथ बच्चे को नहीं रोने पर मानसिक रूप से शारीरिक रूप से दिव्यांग होने की संभावना रहती है। यही नहीं इससे बच्चे की मौत भी ज्यादातर होती है। इससे बचाने के लिए एसकेएमसीएच के पीकू वार्ड के सेमिनार कक्षा में जिले के सदर अस्पताल सहित सभी पीएससी के लगभग 32 मेडिकल ऑफिसर को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस आशय की जानकारी एसकेएमसीएच के शिशु विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक सह आईएपी के प्रेसिडेंट डॉ जेपी मंडल ने दिया। यह दो दिवसीय प्रशिक्षण बिहार हेल्थ सोसायटी एवं आईएपी के द्वारा दिया जा रहा है। इसके ट्रेनर डॉ जेपी मॉडल एवं डॉ तेज नारायण हैं। इस प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य नवजात को सुरक्षित जन्म कराना है। जिससे मृत्यु दर शून्य हो सके। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी मेडिकल अफसर अपने अधीनस्थ नर्सिंग स्टाफ एवं मेडिकल स्टाफ को भी इसका प्रशिक्षण देंगे। जिससे गर्भवती को प्रसव के दौरान प्रशिक्षित मेडिकल कर्मी वहां तैनात रहेंगे और नवजात के गोल्डन वन मिनट में समुचित सही देखरेख करेंगे।

विद्यालय में एमडीएम की राशि नहीं मिलने से एमडीएम संचालन में परेशानी

प्रात : किरण संवाददाता

● छात्र को बैठने की लिए नही उपलब्ध है डेस्क बेंच

मधुबनी विद्यालय में भैतिक एवं शैक्षणिक स्थिति में गुणात्मक सुधार को लेकर बुधवार के दिन बीआरपी इनआमूल हक ने खजौली प्रखंड के तीन विद्यालयों का निरीक्षण किया जिसमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय ठाहर उत्क्रमित मध्य विद्यालय डाढ़ा एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय डाढा अनुसूचित जाति शामिल है. जांच के क्रम में विद्यालय में कई समस्याएं सामने आई. जिसमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय डाढ़ा में सभी शिक्षक उपस्थित पाए गए.नामांकित 346 छात्रों में 245 छात्र उपस्थित थे. हेडमास्टर रामसागर पासवान ने बताया कि यहां प्रधानाध्यापक कक्ष नहीं है और नहीं विद्यालय में बैठने के लिए छात्रों को डेस्क बेंच ही उपलब्ध है साथ ही उन्होंने बताया कि पिछले चार-पांच माह से विभाग की ओर से एमडीएम की राशि का भुगतान नहीं किया गया है.जिसके कारण दुकानदार से उधार लेकर विद्यालय में एमडीएम का संचालन करना पड़ रहा है . जिस कारण विद्यालय की एमडीएम चलाना परेशानी बना हुआ है. वहीं उत्क्रमित मध्य विद्यालय ठाहर में नामांकित 210 छात्र में से 140 छात्र उपस्थित थे . विद्यालय में एक चापाकल है जिसका पानी गंदगी निकलती है. जिस कारण दूर दराज से पानी लाकर विद्यालय एमडीएम का संचालन होता है. वही विद्यालय में छात्र को बैठने के लिए कमरे में कोई डेस्क या बेंच उपलब्ध नही है. वही मध्य विद्यालय अनुसूचित जाति में नामांकित 144 छात्रों में से 168 छात्र उपस्थित पाए गए . विद्यालय में दो शौचालय क्रियाशील पाया गया . साथ ही विद्यालय भवन में कमरा कम रहने के कारण छात्र को बैठाने में परेशानी होती है . वही विद्यालय हेडमास्टर ने शिक्षा विभाग से दो कमरे की भवन मांग की. बीआरपी ने कहा कि जांच रिपोर्ट प्रखंड सहित जिला को प्रतिवेदित किया जाएगा . ताकि समस्याओं का समाधान स समय हो पाय।

गायघाट प्रखंड मुख्यालय पर भाकपा ने दिया धरना

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। अप्रत्याशित महंगाई, बेरोजगारी, एवं भ्रष्टाचार के विरोध में तथा सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाने की मांग को लेकर भाकपा की ओर से गायघाट प्रखंड मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने प्रदर्शनकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण महंगाई बेशुमार बढ़ी है। जरूरत की तमाम चीजों के मूल्य में हुए अप्रत्याशित वृद्धि से जीना दूभर हो गया है। रोजगार के लगातार घटने से नौजवान पीढ़ी काम के तलाश में भटक रही है। केन्द्र सरकार सार्वजनिक उपक्रमों को कौड़ी के नाम अपने कॉरपोरेट मित्रों को देकर देश के आम आवाग के साथ धोखा कर रही है। किसान हताश है। इनके फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदारी सुनिश्चित करने के लिए कानून बनाने में तरकार आना-कानी कर रही है। भीषण कर्ज में डूबे किसान के फसलों में सिचाई की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। डीजल कृषि उपकरण खादी के कीमतों ने बतहाशा वृद्धि से किसानों की कमर टूट चुकी है। गरीबों के लिए चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाएं उनमें आकंठ डूबा है। मनरेगा आवास योजना तथा पेंशन योजनाओं के केन्द्रीय आवंटन में लगातार कटौती मे गरीबों की मुश्किलें बढ़ा दी है।धरना सभा की पार्टी के राज्य कमिटी सदस्य अजय कुमार सिंह जिला मंत्री रामकिशोर इम, जिला परिषद सदस्य रामबचन यादव (अधिवक्ता) सहित अन्य पार्टी नेताओं ने संबोधित किया। प्रतिनिधिमंडल ने बीडीओ को अपनी मांगों से सम्बंधित ज्ञापन भी सौंपा।

दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर नटराज सेवा संगम की 51वां वर्ष पर बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। स्थानीय शहर के पोस्ट ऑफिस रोड स्थित श्री राम जानकी मंदिर सह विवाह भवन के सभागार में बीती रात रक्सौल की सबसे पुरानी कला सांकृतिक एवं सामाजिक संस्था नटराज सेवा संगम के स्थापना 23 अगस्त 1973 के 51 वें वर्ष में प्रवेश करने पर आगामी दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर संस्था केअध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में सदस्यों की बैठक हुई, जिसमें प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा को बड़े ही धूमधाम से मनाने का संकल्प लिया गया। उक्त अवसर पर संस्था के संरक्षक जगदीश प्रसाद, श्यामा प्रसाद, उपाध्यक्ष नारायण प्रसाद, निखिल अग्रवाल, सचिव मदन कुमार गुप्ता, सह सचिव सौरव कुमार बिन्नी, कोषाध्यक्ष बैजू जैसवाल, अंकेक्षक राजेश कुमार आर्य, कार्यालय प्रभारी पुरन पटेल, कला प्रभार पेंटर पन्नालाल प्रसाद, मोहन भाई, धीरज कुमार, नीरज शर्मा, अंकेश्वर प्रसाद, कार्यकारणी सदस्य दीपक कुमार गुप्ता, दुर्गेश कुमार, कन्हैया कुमार, मनोज कुमार, सूरज कुमार, दुर्गेश साह, नितेश कुमार, नारायण पटेल , पंकज कुमार, बिनोद कुमार सर्राफ, अरुण कुमार पांडे उर्फ पप्पू पंडित जी आदि उपस्थित थे, जिसमे सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेवारियां दी गई। इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी सुरेश कुमार ने दी।

3 करोड़ की लागत से मंत्री सुमित कुमार सिंह ने किया चकाई में विकास योजनाओं का उद्घाटन

चकाई विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है : मंत्री

प्रात : किरण संवाददाता

चकाई बिहार सरकार के मंत्री सह चकाई विधायक सुमित कुमार सिंह ने बुधवार को चकाई प्रखंड क्षेत्र में 3 करोड़ की लागत से चकाई -जमुई एनएच 333 बटिया से पीपरा रोड, चकाई गिरिडीह मुख्य मार्ग से गोविन्दोडिह पथ और चकाई देवघर मुख्य मार्ग से सगदनीडिह पथ का उद्घाटन किया। इसके अलावा उन्होंने बालागोजी बाघा पथ का भी उदघाटन सुमित कुमार सिंह द्वारा किया गया।

वहीं इस दौरान बालागोजी गांव में काली मंदिर के समीप एक आम सभा को भी संबोधित किया। लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री श्री सिंह ने कहा कि चकाई धीरे-धीरे विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। यहां के लोग अब सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से सीधे तौर पर जुड़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि चुनाव पूर्व मैंने जो वादा चकाई के लोगों से किया था उसे एक एक कर पूरा कर रहा हूं। आपलोगों ने हमेशा जात पात से ऊपर उठकर मेरा समर्थन किया है।

आपका भरोसा एवं प्यार हमें अपने क्षेत्र को विकास के राह पर आगे ले जाने के लिए प्रेरित करता है। वहीं इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों द्वारा उठाए गए सड़क एवं अजय नदी के महारायडीह घाट पर पुल के निर्माण कार्य की मांग को भी जल्द पूरा होने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी,बीडीओ दुर्गा शंकर,अंचलाधिकारी राकेश रंजन ,राजीव रंजन पांडेय,महेंद्र सिंह,मिथलेश राय, कांग्रेस दास, प्रहलाद रावत, मुखिया प्रतिनिधि शंकर राणा,सोमस हांसदा ,समरा मुर्मू,जनार्दन राय,विजय राय,बसंत राय ,मनोज तुरी,बासदेव साह ,शंकर पासवान,बिरजू सिंह, दिलीप साव,भोला पासवान,कारू मियाँ ,भीमलाल सिंह ,विनोद राय ,अमित तिवारी ,पिंटू चौधरी,मुखिया मोहम्मद अब्बास जी,रामचंद्र पासवान,राकेश पासवान सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण जन उपस्थित थे।

बूढीखार उपस्वास्थ्य केंद्र बंद रहने पर सीएस ने की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

झाझा-प्रखंड क्षेत्र स्थित बूढीखार में उपस्वास्थ्य केंद्र के बंद रहने की लगातार मिल रही शिकायत पर जमुई सीएस महेंद्र प्रताप सिंह बुधवार को रेफरल अस्पताल पहुॅचा जहां उन्होनें चिकित्सा प्रभारी डॉ.अरूण कुमार सिंह एवं बूढ़ीखार से आये पंचायत के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक किया।इस दौरान ग्रामीण क्षेत्र में उपस्वास्थ्य केंद्र का लाभ लोगों को नही मिलने,चिकित्सक का गायब रहने सहित अन्य समस्याओं को सीएस के समक्ष रखा गया।मुखिया प्रतिनिधि पंकज कुमार,लक्ष्मण साव सहित अन्य लोगों ने सीएस को बताया कि उपस्वास्थ्य केंद्र बंद रहने के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।इमरजेंसी में ग्रामीण क्षेत्र के लोग किसी तरह कठिनाईयों का सामना कर लंबी दूरी तय कर झाझा आना पड़ता है।जिसपर सीएस ने कहा कि जल्द ही वहां पर व्यवस्था सुधार दिया जायेगा ताकि ग्रामीणों को उपस्वास्थ्य केंद्र का लाभ मिल सके।वही अस्पताल में नियुक्त गार्ड को 9 माह से वेतन नही मिलने पर उन्होनें बताया कि राशि आवंटन होते ही गार्ड को वेतन भुगतान कर दिया जायेगा।इसके अलावे रेफरल अस्पताल में बिचैलियों का इन दिनों हावी होने पर सीएस ने कहा कि इसपर भी अस्पताल प्रशासन को निर्देश दे दिया जायेगा कि वैसे बिचैलियों पर नकल कसे।मौके पर प्रबंधक सुभाषचंद्र, डॉ. सदाब अहमद,बीसीएम पंकज कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

जिला कृषि पदाधिकारी ने बीज वितरण की लेकर कर्मियों को लगाया कड़ी फटकार

प्रात : किरण संवाददाता

अलीगंज। सुखे की स्थिति को देखते हुए सरकार ने कृषि विभाग के द्वारा किसानो के बीच आकस्मिक फसल बीज वितरण करने निर्देश दिया है। जहा अलीगंज प्रखंड क्षेत्र मे किसानो को आकस्मिक फसल बीज वितरण मे प्रखंड कृषि पदाधिकारी व संबंधित कर्मी के द्वारा मनमानी करने तथा किसानो को आकस्मिक बीज मिलने मे परेशानी होना सहित अन्य कई समस्याओ को लेकर किसानो बीज वितरण मे मनमानी की शिकायत किया था। जिसको लेकर बुधवार की दोपहर जिला कृषि पदाधिकारी अविनाश चंद्रा इस्लामनगर अलीगंज प्रखंड कार्यालय के किसान भवन पहूचकर आकस्मिक फसल बीज वितरण मे किसानो की भीड देखते ही आग बबूला हो गये। और प्रखंड कृषि समन्वयक व प्रखंड कृषि पदाधिकारी को कडी फटकार लगाते हुए कहा कि बीज वितरण मे मनमानी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नही किया जाएगा। उन्होने समन्वयक पर भीड़ नही जुटाने व पंचायतवार वितरण करने का निर्देश दिया।और कहा कि बीज वितरण मे अनियमिताए जाच मे पाये जाने पर संबंधित समन्वयक व कर्मी से रिकवरी के साथ वेतन रोक दिया जाएगा। उन्होने प्रखंड से शत-प्रतिशत धान रोपाई पर गलत रिपोर्ट दिये जाने की बात कही।और कि इसमे धान रोपनी रिपोर्ट विभाग के द्वारा ग्राउंड जाचकर सौपा गया है। उन्होने प्रखंड समन्वयक को निर्देश देते हुए पंचायत वार आकस्मिक फसल बीज वितरण करने का निर्देश दिया।

पूर्व केंद्रीय मंत्री रघुवंश बाबू की मनाई गई पुण्य तिथि

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूरे देश में विख्यात स्वर्गीय रघुवंश प्रसाद सिंह का तीसरा पुण्यतिथि लक्ष्मीपुर में महागठबंधन के पूर्व प्रत्याशी रामबाबू यादव के अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

इस दौरान सभी लोगों ने बारी-बारी से रघुवंश बाबू के चित्र पर माला अर्पण किया और उनको नमन किया। वहीं उनके बताए हुए सिद्धांतों पर चलने के लिए कसमें खाई गई। उक्त अवसर पर श्री यादव ने कहा कि भारत सरकार और बिहार सरकार से आग्रह किया कि उनका जो भी सपना था

उसको पूरा किया जाए। पूरे देश में जो किसान खेती कर रहे हैं, उसकी मजदूरी सरकार मनरेगा के स्तर से मुआवजा के रूप में दे। इस अवसर पर माल्यार्पण करने वालों में राजद के जिला महासचिव राजेश साह, नगर अध्यक्ष उमेश प्रसाद, पंचायत अध्यक्ष मुमताज खान, रविंद्र नाथ तिवारी, कृष्ण कुमार, एजाजुल हक, मोहन ठाकुर, मोहम्मद इमरान खान, भोला कुमार, बादाम प्रसाद एवं मोहम्मद आरिफ आदि मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार

संग्रामपुर(मुंगेर)। अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को संग्रामपुर पुलिस ने नवगांवई चौक के समीप जब्त किया वही चालक भागने में सफल रहा। प्रभारी थानाध्यक्ष सितांशू शेखर ने बताया कि बुधवार की अहले सुबह तारापुर संग्रामपुर मुख्य मार्ग नवगांई के समीप पृथ्वीचक की ओर से आ रहे बालू लदा ट्रैक्टर को पीएसआई सत्यम कुमार ने बालू लदा ट्रैक्टर को जप्त कर थाना लाया।जिसमें पीएसआई श्री कुमार ने बताता कि दुर से ही पुलिस गाड़ी को देखकर ट्रैक्टर चालक सड़क पर ही ट्रैक्टर छोड़कर स्थानीय गांव होकर भाग निकले। जप्त ट्रेक्टर को संग्रामपुर थाना में रखा गया है। प्रभारी थानाध्यक्ष सितांशू शेखर ने बताया कि जब्त ट्रैक्टर पर कार्रवाई हेतु जिला सहायक खनन पदाधिकारी को सूचना दे दी गयी है। खनन सहायक पदाधिकारी मो.राशिद ने अवैध खनन के विरुद्ध ट्रैक्टर सहित ड्राइवर का खलासी पर को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई है।

30 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार

मुंगेर। बरियारपुर थाना क्षेत्र के ऋषि कुंड हाल के समीप दो युवक को 30 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब के साथ बरियारपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया। थाना अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी की झारखंड से रेलगाड़ी के द्वारा दो युवक अंग्रेजी शराब लाकर चोरी छिपे बरियारपुर में बेचता है इसी के आधार पर पुलिस अवर निरीक्षक अभिमन्यु कुमार एवं पीएसआई रोशन कुमार के नेतृत्व में ऋषिकुंड हॉट के समीप लगातार ट्रेन से उतरकर आने वाले यात्रियों पर कड़ी नजर रखी जाने लगी इस दौरान दो युवक बैग के साथ संदिग्ध अवस्था में ट्रेन से उतरकर आते दिखे।जब दोनों युवक की तलाशी की गई तो उसे बैग में से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद हुआ गिरफ्तार युवक विजयनगर निवासी वाल्मीकि मंडल का पुत्र मोनू कुमार एवं पाटम निवासी विष्णुदेव दास का पुत्र श्याम कुमार है जिसके पास से इंपीरियल ब्लू 750 एमएल के 23 बोतल एवं ऑफिसर चॉइस टेट्रा पैक 180 एमएल के 72 पीस अंग्रेजी शराब बरामद हुआ जो कुल 30 लीटर की मात्रा में शराब है दोनों गिरफ्तार युवक को न्यायिक हिरासत में मुंगेर भेज दिया गया

मुद्रा लोन के लक्ष्य को शीघ्र पूरा करने का वरीय उप समाहर्ता ने दिया निर्देश

पूर्णिया। श्वेत्म दीक्षित, वरीय उपसमाहर्ता सह महा प्रबंधक उद्योग पूर्णिया की अध्यक्षता में प्रखंड बीकोठी के सभागार में ब्लॉक लेवल बैंकर कमेटी की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। संबंधित पदाधिकारियों द्वारा कई आवश्यक सुझाव भी दिया गया। समीक्षा बैठक के दौरान वरीय उपसमाहर्ता सह महाप्रबंधक उद्योग द्वारा मुद्रा लोन में तेजी लाने को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुद्रा लोन के लक्ष्य को जल्द पूरा करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। बैठक में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड के संबंधित सभी बैंकर्स उपस्थित रहे और सभी बिंदुओं पर गहन चर्चा किया गया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी और बीपीएम ने भी भाग लिया साथ ही साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा सुझाव भी दिया गया कि भंडारण के गोडाउन निर्माण मे बैंक निश्चित रूप ससमय सहयोग करें। जीविका के सहयोग से छोटे छोटे निर्माण उद्योग जैसे बच्चों के स्कूल पोशाक, अगरबत्ती निर्माण इत्यादि पर भी विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। अजय कांत झा, वित्तीय साक्षरता सलाहकार, जिला अग्रणी कार्यालय, पूर्णिया ने जन सुरक्षा स्कीम पर बिस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया।

जन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना : जिलाधिकारी

पूर्णिया। जिलाधिकारी कुन्दन कुमार द्वारा जन जागरूकता रथ को समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर मीडिया प्रतिनिधिगण से रुबरू होते हुए जिला पदाधिकारी द्वारा कहा गया कि पर्यावरण की सुरक्षा एवं जल जीवन हरियाली के प्रति सरकार द्वारा जन जागरूकता के लिए महाअभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में इस जन जागरूकता रथ को रवाना किया जा रहा है जो पर्यावरण के लिए अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण करने तथा पेड़ों की कटाई रोकने को लेकर जन-जन को जागरूक करेगा। ज्ञातव्य हो कि राज्य सरकार द्वारा नशा मुक्ति, पर्यावरण की सुरक्षा एवं जल जीवन हरियाली, दहेज प्रथा उन्मूलन एवं बाल विवाह उन्मूलन हेतु समाज सुधार अभियान के तहत सूचना एवं संपर्क कार्यालय पूर्णिया द्वारा जन जागरूकता रथ तथा सांस्कृतिक दल के माध्यम से जिले के 72 पंचायतो के 72 महादलित टोलों में नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम के द्वारा आम लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस जन जागरूकता रथ एवं सांस्कृतिक दल द्वारा 12 सितंबर 2023 से 5 अक्टूबर 2023 तक चयनित पंचायत अंतर्गत महादलित टोलों में नुक्कड़ नाटक जन जागरूकता कार्यक्रम का प्रदर्शन निर्धारित है।

छात्र ने की आत्महत्या, मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस

रेलवे पुलिस व स्थानीय पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर घटना की जांच में जुटी

प्रात: किरण ब्यूरो

शाहकुंड (भागलपुर)। सुलतानगंज थाना परिक्षेत्र अंतर्गत रेलवे कलोनी स्थित एक क्वाटर के कमरे में एक युवक ने पंखा से रस्सी बांध खुद के गले में फंदा लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है।

घटना की सुचना उस वक्त उजागर हुई जब मृतक छात्र आदित्य कुमार के भाई अभिनव कुमार ने रेलवे पुलिस एंव स्थानीय थाना पुलिस को फोन पर जानकारी दी। वही घटना की सूचना मिलते ही त्वरित सुल्तानगंज थाना पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन में जुटी। वही घटना को लेकर रेलवे स्टेशन मास्टर दिपक कुमार, आरपीएफ व जी आरपीएफ, सुलतानगंज थानाध्यक्ष प्रिय रंजन कुमार दल बल के साथ रेलवे कलोनी पहुंचकर मृतक आदित्य कुमार के शव को अपने कब्जे में लेते हुए घटना की जांच प्रक्रिया के साथ मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी में जुट गई। पुलिस पुरे घटना को लेकर बारीकी से घटना की छानबीन कर रही है।

वही इस मामले में मृतक आदित्य के भाई अभीनव कुमार ने बताया कि आप हमारे पिता राजेश कुमार ठाकुर रेलवे ट्रैक मैन में सुलतानगंज के अकबरनगर स्टेशन में कार्यरत हैं, जो हाल ही में बदली होने पर अपने डयूटी पर चले गए थे, वही स्थानांतरित किये जाने के बाद भी रेलवे क्वाटर खाली नहीं की गई थी, जहां पूरा परिवार क्वाटर परिसर में रहरहे थे। इसी दौरान हमारे भाई आदित्य रेलवे क्वाटर में रह कर कम्पीटीशन परीक्षा के साथ साथ पढाई कर रहे थे। वही रेलवे क्वाटर में आदित्य अकेले रहकर पढ़ाई कर रहा था। जब उसके पास रेलवे क्वाटर मिलने आया तो देखा कि दरबाजा बंद है, दरवाजा खटखटाया लेकिन कोई खोलने पर कोई आबाज नहीं हुई तो त्वरित दरबाजा को तोडकर अन्दर आया तो देखा कि हमारे भाई आदित्य रुम के पंखा में रस्सी लगाकर आत्महत्या कर लिया है, ऐसा क्यों किया मेरे भाई ने कोई पता नहीं चल पाया है। वही पुलिस पुरे मामले को गंभीरता से लेते हुए मृतक के परिवार वालों को सुचना देते हुए घटना की छानबीन में जुट गई है। वही पुलिस ने परिजनों के बताये तथ्यों के आधार पर फर्द बयान दर्ज कर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नवलखा भेज दिया है।

सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से हुआ घायल

प्रात: किरण ब्यूरो।

भागलपुर। शहर में इन दिनों सड़क हादसे की रफ्तार थमने का नाम नही ले रहा है।इसी कड़ी में एक और घटना औद्योगिक थाना क्षेत्र के सेंट्रल जेल के समीप घटित होने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि एक तेज रफ्तार बाइक सवार युवक के द्वारा एक ठेला में पीछे से जबरदस्त ठोकर मार दी।

जिससे ठेला ले जा रहे मजदूर व्यक्ति गम्भीर रुओ से जख्मी व घायल हो गया। वही इस घटना में बाइक सवार युवक भी जख्मी हो गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसे स्थानीय लोगों व राहगीरों के द्वारा निजी अस्पताल में त्वरित इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। वही अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा दोनों घायलों का इलाज किया जा रहा है। वहीं घटना के बाद मिली जानकारी के तहत मौके पर पहुंची स्थानीय थाना पुलिस टीम ने दुर्घटना ग्रस्त बाइक को अपने कब्जे में लेते हुए घटना से संबंधित जानकारी प्राप्त करने में जुटी हुई है, वही घटना को लेकर आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। वही लगातार शहर में वाहनों की तेज रफ्तार का कहर लगातार देखने को मिल रहा है, लेकिन ट्रैफिक नियमों के तहत जिला ट्रैफिक पुलिस पदाधिकारी की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण आए दिन इस तरह की घटना सामने आती दिख रही है। जिसमें लोग कभी घायल होते हैं तो कभी लोगों को अपनी जान गवा रहे है, लेकिन लोग संभालने का नाम नहीं ले रहे है और लगातार तेज रफ्तार में वाहन को ले दुर्घटना में अपनी जान गवाते साफ तौर पर देखा जा सकता है।

आंख में मिर्च का पाउडर डाल धारदार हथियार से दम्पति पर किया जनलेवा प्रहार

प्रात: किरण संवाददाता

शाहकुंड (भागलपुर)।सुलतानगंज थाना क्षेत्र के मशदी गांव से एक अर्चंभित व रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना प्रकाश में आई है। घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि इलाके के एक रिटायर्ड फौजी ने एक मजदूर किसान व उनकी पत्नी पर धारदार हथियार से लहूलुहान कर दिया है। घटना के पूर्व फौजी ने पीड़ित मजदूर के आंख में लाल मिर्च का पाउडर डाला और फिर धारदार हथियार से जानलेवा प्रहार किया था।

वही जब बीच बचाव करने आई पत्नी पर भी फौजी ने उक्त हथियार से प्रहार कर उसे भी बुरी तरह से लहूलुहान कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया था। वही घटना को लेकर सूत्रों के मुताबिक मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय गांव के खेतिहर मजदूर उचित लाल मंडल और उनकी पत्नी सावित्री देवी पर गांव के ही सेवानिवृत्त फौजी जमादार मंडल ने मजदूर दम्पति की गला काटकर हत्या करने का प्रयास किया है। दरअसल खेत में उचित लाल मंडल कम कर रहे थे इसी दौरान आरोपी फौजी जमादार मंडल मौके पर पहुंचा और उन्होंने पहले उचित लाल मंडल की आंखों में मिर्ची का पाउडर डाल दिया और उसके बाद तलवार से गले पर जानलेवा प्रहार करने लगा। वही पति पर प्रहार होता देख जब मजदूर की पत्नी सावित्री देवी मौके पर पहुंची और बीच बचाव का प्रयास करने लगी तो आरोपी फौजी ने पत्नी के गला को भी काटने का प्रयास किया। वही फौजी ने दोनों पति पत्नी के गले व शरीर के अन्य हिस्सों पर भी तेजधार हथियार से हमला कर बुरी तरह से लहूलुहान कर गम्भीर रूप में जख्मी व घायल कर दिया। दोनों पति-पत्नी को गला पर प्रहार करने के बाद दोनों को खेत में ही घायल अवस्था में छोड़ कर मौके से आरोपी फौजी फरार हो गया। वहीं घटना के दौरान अन्य लोगों की नजर पड़ते ही घायल हुए पति व पत्नी को त्वरित इलाज के लिए ग्रामीणों के सहयोग से अस्पताल में भर्ती कराया है। वही घटना को लेकर घायल का कहना है कि रिटायर्ड फौजी जमादार मंडल के द्वारा सरकारी जमीन पर घर बनाया गया था और जिसकी शिकायत उनके बेटे ने विभाग में कर दी थी, और विभाग के द्वारा उसका मकान तोड़ उक्त स्थल पर सड़क बना दिया गया है। जिसको लेकर वह आक्रोशित हो चल रहा था वही उन्होंने बदले की नियत से उसने मजदूर व उनकी पत्नी की हत्या करने का प्रयास किया है। वही घायल पति-पत्नी का इलाज मायागंज अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड के ईएनटी विभाग में चिकित्सक द्वारा किया जा रहा है। वहीं घटना को लेकर स्थानीय थाना पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। पुलिस ने पीड़ित मजदूर किसान के बताए तथ्यों के तहत मामला दर्ज कर सेवानिवृत्त फौजी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दिए जाने की तैयारी में जुट गई है।

एस सी कादंबरी साह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में वंदना सभा का आयोजन

मुंगेर। जिले के हवेली खड़गपुर आईबी रोड स्थित सुभाष चंद्र कादंबरी साह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण में बुधवार के दिन वंदना सभा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि हवेली खड़गपुर आर्य समाज मंदिर के मंत्री पवन कुमार शर्मा विशिष्ट अतिथि गायत्री मंदिर के युवा प्रतिनिधि शुभम कुमार केसरी विद्यालय प्रधान अजय कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि सनातन धर्म सबसे पुराना धर्म है, इसे कोई नष्ट नहीं कर सकता है। वेदों की ओर लौटे सत्य और निष्ठा से मेहनत करें।

दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव का हुआ शुभारंभ

प्रात: किरण ब्यूरो

भागलपुर। कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन भागलपुर की ओर से दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव 2023 का आयोजन किया गया। जिला नवनिर्मित अत्याधुनिक टाउन हॉल भागलपुर प्रांगण में कार्यक्रम का विधिवत जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन एवं भागलपुर के कई वरीय पदाधिकारीयों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। आयोजन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा 12 व 13 सितंबर तक चलने वाली कार्यक्रम में युवा उत्सव में समूह गान, समूह लोक नृत्य, एकांकी नाटक, शास्त्री गायन, शास्त्रीय वादन, हारमोनियम वादन वक्तृता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।इसके अतिरिक्त अन्य विधाओं के क्षेत्र में युवा कलाकारों के प्रोत्साहन हेतु लोक गाथा, गायन, लोकगीत(एकल), सुगम संगीत(एकल), वायलिन वादन, सारंगी वादन, सरोद वादन, शहनाई वादन, पखावज ध्रुपद धमार आदि की प्रतियोगिता भी आयोजित की गई है। गौरतलब हो कि जिला प्रशासन के द्वारा सभी कला विधा के क्षेत्र में युवा कलाकार इस प्रतियोगिता में सभागिता दिखाने के लिए आयु सीमा निर्धारित की गई है, जिसमें 15 से 35 वर्ष आयु के युवा इस आयोजित प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं, युवा महोत्सव के नियम अनुसार जो प्रतिभागी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अच्छा करेंगे, वही प्रतिभागी राज्य स्तरीय युवा उत्सव में सहभागिता हेतु भागलपुर से भेजे जाएंगे। वही कार्यक्रम को लेकर जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने बताया कि यह दो दिवसीय कार्यक्रम है, इसमें 15 वर्ष से 35 वर्ष के युवा कोई भी अपनी प्रतिभा को निशुल्क पंजीकृत कर अपना कला प्रदर्शन कर सकते हैं, जिसे चयनित होने पर राज्य स्तर पर भागलपुर का प्रतिनिधित्व करने के लिए भेजा जाएगा। वहीं उन्होंने नवनिर्मित टाउन हॉल को और भी विस्तार करने की बात कही है। इसी क्रम में भागलपुर के आसपास क्षेत्र से आए कलाकार अपनी कला प्रस्तुति देकर अपने जिला राज्य और देश का नाम आगे बढ़ा सकेगें। वहीं उन्होंने कहा दर्शकों की संख्या कमी है, लेकिन यह एक प्रतियोगिता है, जिसमें कलाकार और कला प्रेमी आ रहे हैं, और कला का प्रदर्शन देख रहे हैं, और अपनी प्रस्तुति भी दे रहे हैं। इस दौरान जिला प्रशासन के द्वारा कार्यक्रम प्रसाल में समुचित व्यवस्था की गई थी।

रोग से ग्रसित शहर में मचा रहा है कोहराम दूसरी तरफ शहर में लगा है कूड़े का अंबार : मेयर

मेयर व उनकी टीम ने कई वार्डो का लिया जायजा, साफ सफाई को लेकर कम्पनी के कार्यशैली पर उठे सवाल

प्रात: किरण ब्यूरो

भागलपुर। एक तरफ जहां शहर में डेंगू मच्छर के प्रकोप में आकर मरीजों की सख्या में लगातार मरीजों की संख्या में बेतहासा वृद्धि होती जा रही हैं। वही शहरी क्षेत्र सहित आसपास के इलाके में लगातार डेंगू मच्छर का प्रकोप काफी तेजी से रफ्तार पकड़ कर अपना प्रकोप का भयवीत कर देने वाली दृश्य के रूप में लोगों भयवीत कर रहा है। सभी अस्पताल परिसर में मरीजों के लिए बने बेड फूल हो चुके हैं, कोरोना महामारी से भी ज्यादा त्रस्त डेंगू बीमारी से लोग होते दिखाई दे रहे हैं।

वहीं दूसरी ओर नगर निगम की उदासीनता साफ तौर पर देखने को मिल रही है। पूरे शहर में कई टन कूड़ा डंप किया हुआ होता दिख रहा है। जिस रास्ते से आप गुजरेंगे, उसी रास्ते में कूड़े का डंपिंग किया हुआ नजारा नजर आ रहा है, लोग को परिचालन हेतू आने-जाने में काफी परेशानी का सामना कर रहे हैं। लोगों को इस कुड़े कचड़े से निकलने वाली सरड़न दुर्गंध से जीना दूभर कर दिया है। इस मामले को लेकर भागलपुर की मेयर डॉ. वसुंधरा लाल व उनकी सहयोगी दलों ने कई वार्डो का निरीक्षण किया। जहां निगम कर्मियों के कार्यो पर काफी असंतोषजनक स्थिति में देखी जा रही हैं, गौरतलब हो की साफ सफाई करने का जिम्मा जिस प्राइवेट कंपनी को दिया गया है। वह प्राइवेट कंपनी किसी भी तरह शहर की साफ सफाई में खरा उतरता हुआ नहीं दिख पा रहा है। वही मेयर डॉ. वसुंधरा लाल ने कहा है कि या तो उसे हटाना होगा या फिर मैं आवेदन देकर उस प्राइवेट कंपनी को हटाने की बात करूंगी, क्योंकि शहर की गलियारों में साफ सफाई बिल्कुल भी नहीं है, मैं उसे इस प्राइवेट कंपनी के काम से काफी नाखुश हूं और पूरा शहर क्षेत्र में कुड़े कचड़े का अंबार लगा हुआ है। जिससे कई तरह की बीमारियां भी शहर में फैल रही है, यह बर्दाश्त करने लायक नहीं है। वहीं कई वार्ड के लोगों ने भी कहा है कि अभी मेयर साहिबा आई है तो साफ सफाई हो रही है, वरना साफ सफाई नदारत रहती है, कहीं कोई साफ सफाई नहीं होती है सिर्फ दिखावा होता दिख रहा है।

तैयारी को ले राजद की महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्षा पहुंची भागलपुर

प्रात: किरण ब्यूरो

भागलपुर,राष्ट्रीय जनता दल के महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष रितु जायसवाल बिहार के सभी जिलों में जा जाकर संगठन को मजबूत करने का काम कर रही हैं इसी बाबत आज भागलपुर भी पहुंची और महिलाओं को एकजुट करने साथ ही अपनी पार्टी को मजबूत करने के लिए संबोधित किया वहीं उन्होंने आगामी 2024 और 25 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव की रणनीति भी पार्टी की महिलाओं के साथ साझा की उन्होंने कहा 2024 और 25 इंडिया एलाइंस का है इसके लिए हम लोगों को मजबूत होना होगा वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सिर्फ ठगने का काम कर रही है छलावा करने का काम कर रही है उन्होंने जो बेटी बचाओ का नारा दिया था यह बिल्कुल गलत था उनके राज में महिला बिल्कुल असुरक्षित हैं चाहे मणिपुर की घटना हो चाहे दिल्ली की घटना हो ऐसी कई घटनाएं हैं जहां बीजेपी के सांसद और विधायक मौन हो जाते हैं वहीं दूसरी ओर उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को 450 की गैस सिलेंडर अच्छी नहीं लगी तो वह 1200 कर दिए और अब चुनाव आया तो लोगों को ठगने का काम कर रहे हैं वह 200 कम करके चुनाव जीतकर डबल मुनाफा करना चाहते हैं यह कहीं से सही नहीं है यह हम लोग कभी नहीं होने देंगे जनता समझदार है जनता 2024 और 25 में भारतीय जनता पार्टी को जवाब देगी और इंडियन एयरलाइंस के साथ जनता रहेगी इंडियन एयरलाइंस ही जनता को भरपूर सहयोग करेगी और महंगाई से निजात दिलाएगी।

टॉप टेन की सूची में शामिल कुख्यात मंटू चढ़ा पुलिस के हत्थे

प्रात: किरण ब्यूरो

भागलपुर। जिले भर में अपराधियों व वारेंटियो की गिरफ्तारी को लेकर सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है।इसी कड़ी में पुलिस ने बाथ थाना परिक्षेत्र के तिलकपुर इलाके से सुल्तानगंज के वांछित अपराधी मंटू यादव को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी मंटू के विरुद्ध पुलिस के अपराध पंजी में दर्जनों मामले दर्ज है। मामले को लेकर बताया जा रहा है कि अपराधी मंटू यादव के विरुद्ध हत्या के प्रयास, अपहरण, आर्म्स एक्ट, रंगदारी, चोरी, मार-पीट जैसे कई संगीन मामले में नामजद है। मंटू यादव की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस काफी समय से जद्दोजहद में लगी थी लेकिन उनकी गिरफ्तारी के दिशा में सफलता प्राप्त नही कर पायी थी, वही पुलिस अपराधी मंटू की गिरफ्तारी को लेकर तलाश काफी समय से चल रही थी। अपराधी मंटू आर्म्स एक्ट में भी गिरफ्तारी हेतु वांछित व फरार चल रहा था। वही अपनी गिरफ्तारी के डर से पुलिस की दबिश के पूर्व ही अपना ठिकाना बदलते रहा था। वही नवगछिया, सुल्तानगंज व खगड़िया के दियारा क्षेत्र इलाके में रंगदारी की घटना को अंजाम दिया जा रहा था। अपराधी मंटू बल पूर्वक दियारा क्षेत्र के जमीन पर कब्जा कर अपना बर्चस्व स्थापित करते चल रहा था। इसके अपराध गतिविधियों से आमजनों में इसका काफी भय भी दिखाई दे रहा था, जिसके कारण इसके विरोध में कोई पुलिस के समक्ष लोग शिकायत दर्ज कराना नही चाहते थे। पुलिस ने गुप्त व तकनीकी जानकारी के तहत दबिश दे अपराधी मंटू यादव को एक देशी कट्टा, दस कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। मामले को लेकर एसएसपी कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान एसएसपी आनंद कुमार ने बताया कि पुलिस उपाधीक्षक (विधि-व्यवस्था) डॉ. गौरव कुमार के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया था। गठित टीम ने पुलिस उपाधीक्षक के कुशल नेतृत्व में वांछित सह कुख्यात अपराधी मंटू यादव को गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता प्राप्त की है। वही अपराधी की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस बलों के कार्यो की काफी सराहना की है।

प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने विद्यालय का किया निरीक्षण, दिये कई निर्देश

रूपौली(पूर्णिया)। रूपौली प्रखंड क्षेत्र के कोयली सिमड़ा पश्चिम पंचायत के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय डुमरी एवं राजकीय बुनियादी अभ्यास विद्यालय सपाहा स्कूल का प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार सिंह एवं बीआरपी जगदम्ब कुमार ने बुधवार को औचक निरीक्षण किया। बता दें कि प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार सिंह ने निरीक्षण के दौरान शिक्षकों से विद्यालय में पठन-पाठन की स्थिति में सुधार लाने सहित अन्य कई निर्देश दिए। वे सबसे पहले उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय डुमरी पहुंचे। वहां उन्होंने उपस्थित शिक्षकों से समय से बच्चों को विद्यालय में लाने को कहा। उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय डुमरी के निरीक्षण के दौरान प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार सिंह ने शिक्षकों से कहा कि जो बच्चे विद्यालय नहीं आते हैं उसके घर जाकर अभिभावकों को प्रेरित करें। विद्यालय में उपस्थिति बढ़ाने के लिए शिक्षकों को बच्चों तथा अभिभावकों से संपर्क रखना जरूरी है। वही प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार सिंह ने राजकीय बुनियादी अभ्यास विद्यालय सपाहा के प्रधानाध्यापक मृत्युंजय रविदास को कहा कि साफ-सफाई और समय से कक्षा का संचालन करना शिक्षकों की जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा की कक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। राजकीय बुनियादी अभ्यास विद्यालय सपाहा के प्रधानाध्यापक मृत्युंजय कुमार रविदास को शिक्षा पदाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान कड़ी हिदायद दिया है। वही निरीक्षण के बाद प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार सिंह ने दोपहर के भोजन में गुणवत्ता मेनू का पालन, समय से कक्षा का संचालन, विद्यालय में साफ-सफाई की नियमित जांच की गई।

2024 लोकसभा चुनाव में बिहार की सभी 40 सीट होगी एनडीए की झोली में : चिराग

प्रात: किरण संवाददाता

तारापुर। मंगलवार को देर शाम लोक जनशक्ति पार्टी (आर) के सुप्रीमो सह सांसद चिराग पासवान एवं प्रदेश प्रधान महासचिव संजय पासवान अपने पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मिथिलेश सिंह से मिलने के लिए तारापुर पहुंचे। बताया जाता है कि श्री पासवान पटना से सड़क मार्ग के रास्ते चलकर पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मिथिलेश कुमार सिंह के आवास पर पहुंचे। लोजापा (आर) के राष्ट्रीय सचिव का अचानक तबीयत बिगड़ने की सूचना मिलने पर नेता द्वय तारापुर विधानसभा स्थित रामाशीष भवन पार्टी कार्यालय तारापुर पहुंचकर उनका कुशलक्षेम जाना। इसके पूर्व बरियारपुर खड़गपुर मार्ग पर क्यूमेक्स पब्लिक स्कूल, अंबेडकर चौक खड़गपुर, खुदिया नहरमोर, सहित तारापुर में उनके समर्थकों ने अंगवस्त्र, माला, बूके, देकर जोरदार तरीके से स्वागत किया। वहीं गांधीनगर तारापुर के संतोष सिंह पत्रकार की माता के श्राद्ध कार्यक्रम मौके पर परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। जबकि पार्टी के राष्ट्रीय सचिव श्री सिंह को भी सांसद श्री पासवान ने अभिलंब दिल्ली आने एवं एआईआईएमएस दिल्ली में पूरी तरह से इलाज कराने का भरोसा जताया। गौरतलब है कि पत्रकारों द्वारा पूछे गए कई सवालों के जवाब में कहा कि राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था, हत्या, लूट अपहरण, जैसी हर रोज हो रही घटना की संपूर्ण बिहार राष्ट्र स्तर पर शर्मसार हो रहा है। राज्य के मुखिया प्रदेश के नौजवानों, छात्र छात्रों, बेरोजगार युवकों को लेकर अपने आठ बार के मुख्यमंत्री काल में राज्य के किसी कोने में एक भी एक भी बड़ा आईटी सेक्टर से लेकर रोजगार सृजन का अवसर लोगों के बीच नहीं दिया। सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजना सिंचाई, पढ़ाई, दवाई, कमाई, भ्रष्टाचार की भेंट चढ़कर रह गई है। आगे कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री इंडिया गठबंधन में संयोजक बनने को लेकर मुंबई, बेंगलुरु, एवं दिल्ली, का दौरा कर रहे हैं, और बिहार को भगवान भरोसे छोड़ दिया है। इन्होंने एक देश एक चुनाव पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि इससे देश की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

सामाजिक चेतना अभियान के तहत पांच दिवसीय कार्यक्रम का समापन

प्रात: किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (कोर्ट)। हवेली खड़गपुर प्रखंड क्षेत्र के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में से एक रारोडीह गांव स्थित आईटीआई मैदान में 16 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की 'एफ' समवाय द्वारा चलाए जा रहे 05 दिवसीय सामाजिक चेतना अभियान कार्यक्रम का सांस्कृतिक कार्यक्रमों व पुरस्कार वितरण समारोह के साथ समापन किया गया. 09 सितम्बर से शुरू हुए 'सामाजिक चेतना अभियान' के तहत विभिन्न प्रकार की खेल प्रतिस्पधाओं जैसे फुटबॉल, वॉलीबॉल, तीरंदाजी, ऐथलेटिक्स आदि का दैनिक स्तर पर आयोजन किया गया।.जिसमे स्थानीय लोगों ने बढ चढ कर हिस्सा लिया।. बुधवार को आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनीष कुमार, कमांडेंट 16 वी वाहिनी जमुई, विशिष्ट अतिथि एस पी जगुनाथरेड्डी जलारेड्डी, एएसपी अभियान कुणाल कुमार, खड़गपुर एसडीओ आदित्य कुमार झा, , डीएसपी राकेश कुमार, कंपनी कमांडर पंकज यादव, नगर परिषद अध्यक्ष प्रभु शंकर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।.एस एस बी कैंप कमांडर पंकज यादव तथा कमांडेंट मनीष कुमार द्वारा कार्यक्रम में शिरकत कर रहे अतिथियों को अंग वस्त्र देकर कर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन संजीव कुमार कर रहे थे। सहायक कमांडेंट पंकज यादव के निर्देशन में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी स्कूल की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। गीत संगीत के उत्कृष्ट प्रदर्शन से वहां मौजूद सभी लोगों को छोटे-छोटे बच्चों ने मंत्रमुग्ध कर दिया ।. इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं ने बाल विवाह, नशा मुक्ति तथा दहेज प्रथा पर लघु नाटक को मंचित किया. इस अवसर पर कंपनी कमांडेंट मनीष कुमार ने उपस्थित जनसमूह की भागीदारी को सराहा एवं आगे भी इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन का भरोसा दिलाया . वही विशिष्ट अतिथि जगुनाथरेड्डी जलारेड्डी ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में 'कम्युनिटी पुलिसिंग' की तर्ज पर एस एस बी द्वारा किया जा रहे कार्यक्रमों की सराहना करते हुए युवाओं से देशसेवा हेतु आगे आने का आहवान किया . उन्होंने कहा कि'सामाजिक चेतना कार्यक्रमों' का उद्देश्य समाज के सर्वागीण विकास में हर व्यक्ति को सहयोगी एवं जागरूक बनाना है .इस अभियान का उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, रोजगार, कार्य-कौशल आदि क्षेत्रों में जागरूकता के माध्यम से लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना है . सशस्त्र सीमा बल अपने ध्येय वाक्य "सेवा सुरक्षा एवं बन्धुत्व" को अपनाते हुए क्षेत्र की जनता के मन में बल के प्रति विश्वास की भावना पैदा कर सकारात्मक वातावरण तैयार करने हेतु प्रतिबद्ध है ताकि भटके हु लोग समाज की मुख्य धारा से जुड़कर अपना विकास सुनिश्चित कर सके . सांस्कृतिक कार्यक्रमों के समापन के बाद पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम हुआ जिसमे खेल प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया . अंत में एसडीओ आदित्य कुमार झा ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम के सफलतापूर्वक समापन की घोषणा की . इस मौके पर इंस्पेक्टर रामानुज सिंह, थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, जीविका की बीपीएम अंजू कुमारी, मुखिया आशुतोष कुमार, छोटेलाल प्रसाद तूरी, कन्हैया कुमार, उत्तम कुमार सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

भाजपा गजराजगंज मंडल की महिला मोर्चा की अध्यक्ष बनी अनिता कुमारी

आरा। भारतीय जनता पार्टी के गजराजगंज मंडल अध्यक्ष विरेन्द्र कुमार के द्वारा मंडल के महिला मोर्चा के अध्यक्ष का दायित्व बामपाली पंचायत के अख्तियारपुर निवासी वार्ड नंबर 11 की वार्ड सदस्या अनिता कुमारी को एवं मंडल के किसान मोर्चा के अध्यक्ष का दायित्व मसाढ़ निवासी अखिलेश कुमार सिंह को दिया गया। इस अवसर पर दोनों मंडल अध्यक्षों ने पार्टी के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए गजराजगंज मंडल अध्यक्ष विरेन्द्र जी को हार्दिक धन्यवाद दिया एवं पार्टी के लिए तन मन धन से हर पल साथ रहने का वादा किया। दोनों मंडल अध्यक्षों को संदेश विधानसभा प्रभारी संतोष चंद्रवंशी, पुर्व जिला महामंत्री भगवान सिंह, किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामदिनेश यादव, मंडल मंत्री चुनमुन कुमार, मंडल मिडिया प्रभारी विकास सिन्हा समेत मंडल के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने हार्दिक बधाई एवं पार्टी को मजबूत करने हेतु शुभकामनाएं दी।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने विद्यालय का किया निरीक्षण

आरा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार भोजपुर के सचिव सह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आदित्य सुमन द्वारा गुरुनानक अभ्यासार्थ मध्य विद्यालय मौला बाग, आरा का निरीक्षण किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस पर शिक्षा के अधिकार नियम के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार भोजपुर द्वारा नामांकन कराए गए सभी बच्चे आते हैं। विद्यालय द्वारा बच्चों को किताब पेंसिल आदि मुहैया कराया गया है। प्राचार्य द्वारा यह भी बताया गया कि बच्चे पढ़ाई को लेकर काफी उत्साहित हैं एवं सभी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। सचिव ने बच्चों के माता-पिता से भी उनके झुग्गी झोपड़ी में जाकर मुलाकात की, जिस पर उनके माता-पिता द्वारा बताया गया कि वह अपने बच्चों को पढ़ाई में रुचि की ओर देखकर काफी प्रसन्न है।

शहीद अकली देवी स्मृति सेवा संस्थान से जुड़े लोगों की बैठक

आरा। शहीद अकली देवी स्मृति सेवा संस्थान के प्रधान कार्यालय में शहीद अकली देवी स्मृति सेवा संस्थान से जुड़े लोगों की बैठक संस्था के अध्यक्ष यादव रामसकल सिंह भोजपुरिया के अध्यक्षता में हुआ। बैठक के संचालन संस्था के सचिव बबन पंडित ने किया। बैठक मे 24 सितम्बर 2023 को 1942के अमर शहीद अकली देवी के शहादत स्मृति दिवस समारोह मनाने का निर्णय लिया गया।बैठक को सम्बोधित करते हुए यादव रामसकल सिंह भोजपुरिया ने कहा कि शहीद अकली देवी आजादी के लड़ाई में अहम भूमिका निभाई थी खास कर पउ। महिलाओं में संघर्ष के लिए उत्साह भरती थी अंग्रेजो के साथ लड़ते हुए15सितम्बर1942को लसाडी गांव में शहीद हो गई थी उनके साथ और11वीर शहीद हुए थे जलियांवाला बागके बादसबसे बड़ा घटना है।बैठक में शामिल लोगों में कोषाध्यक्ष विनोद कुमार नन्दजी पासवानउपेन्द्र पासवान गुप्तेश्वर शर्मा सुमेश्वरबैठा रामेश्वर पंडित श्रीभगवान पासवान नरेंद्र सिंह प्रकाश कुमार मनोज पासवान चन्दन पासवान कमलेश पासवान जितेंद यादव तुलसी यादव सहित कई लोग शामिल थे।

भोजपुर सड़क हादसे में बाइक सवार महिला समेत दो जख्मी

आरा। आरा-मोहनिया नेशनल हाइवे पर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के बभनियांव गांव के समीप मंगलवार की शाम सड़क हादसे में बाइक सवार महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसके बाद परिजन द्वारा उन्हें जगदीशपुर रेफरल अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मियों में धनगाई थाना क्षेत्र के बचरी गांव निवासी ओकिन्दर सिंह की 45 वर्षीया पत्नी रामावती देवी एवं टाउन थाना क्षेत्र के बराहबतरा मोहल्ला निवासी रूपन गोड़ का 18 वर्षीय पुत्र जितेंद्र कुमार है। इधर जख्मी जितेंद्र कुमार के दोस्त गौतम कुमार ने बताया कि वह अपने रिश्तेदार महिला रामावती देवी का दवा लेने के लिए बाइक से बचरी गांव से आरा आ रहा था। उसी दौरान बभनियांव गांव के समीप विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात वाहन ने उसे चकमा दे दिया। जिसके कारण उसकी बाइक का नियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए जगदीशपुर रेफरल अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है।

जिला पदाधिकारी ने डेंगू की रोकथाम को लेकर की समीक्षा

प्रात: किरण संवाददता

गया। जिला पदाधिकारी गया डॉ॰ त्यागराजन एसएम ने समाहरणालय सभागार में डेंगू की रोकथाम के लिये किये जा रहे उपायों को लेकर समीक्षा बैठक की है। इस बैठक में डीएम ने डेंगू के बढ़ते मामले और उसकी रोकथाम के लिये किये जा रहे कार्यों की पूरी निगरानी रखे और अलर्ट मोड में काम करे। उन्होंने कहा कि एंटी लार्वा छिड़काव नियमित रूप से हर जगह करवाये।

डीएम ने निर्देश देते हुये कहा कि अस्पतालों में बेडों की संख्या पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहे और मरीजों को इलाज में किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। ब्लड बैंक में प्लेटलेट्स की उपलब्धता सुनिश्चित करायें ताकि मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। सभी प्रखंडों/ नगर निकायों एवं शहरी क्षेत्रों में डेंगू रोधी दवा का छिड़काव नियमित रूप से करायें। डेंगू रोधी दवा के छिड़काव में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं हो, इसे सुनिश्चित करवाये। सभी जगह साफ-सफाई की पूरी व्यवस्था रखें। लोगों को जागरूक करने के लिये व्यापक प्रचार- प्रसार करायें। माइकिंग एवं अन्य प्रचार माध्यमों का उपयोग कर लोगों को डेंगू से बचाव के लिये सचेत करें। नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि नगर निगम के तमाम टैक्स कलेक्टर, जमादार, वार्ड पार्षद, अभियंताओं का रोस्टर बनाकर उन्हें दायित्व दे कि उनके क्षेत्र में प्रॉपर फोगिंग हो।डीएम ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट रहे और अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल अस्पताल सहित सभी प्रखंडों के अस्पतालों में सभी जरुरी चीजों का इंतजाम रखें। अस्पतालों में बेड, चिकित्सक और दवा की कोई कमी नहीं हो। प्रखंडों में भी विशेषकर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी इस पर नजर बनाये रखें ताकि कोई मामला सामने आने के बाद तुरंत इलाज की व्यवस्था की जा सके। इसपर स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अगले तीन दिनों के अंदर जियो टैगिंग फोटो उपलब्ध करावे, जिससे स्पष्ट रहे कि उनके क्षेत्र में लगातार अच्छी गुणवत्ता के साथ फागिंग की जा रही है।डीएम ने कहा कि जिले में पितृपक्ष मेला इसी माह में आयोजित है लाखों लाख तीर्थ यात्री दूसरे राज्यों एवं देश से आते हैं। इसलिए फूल अलर्ट में रहकर पूरी तत्परता से डेंगू पर नियंत्रण रखना है। विष्णुपद मेला क्षेत्र के लिए डेडीकेटेड टीम रखकर फागिंग की व्यवस्था की जा रही है।

जिला पदाधिकारी ने नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि मेला क्षेत्र के विभिन्न गलियों, विभिन्न वेदी स्थल, तालाब, नदी के समीप फागिंग पर विशेष टीम लगाकर दवा का छिड़काव करावे। इसके साथ ही पितृपक्ष मेला अवधि में सभी आवासन स्थल पर फॉगिंग की पूरी व्यवस्था रखें। कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बोधगया को निर्देश दिया मंदिर के बाहरी परिसर के समीप के साथ-साथ गलियों में भी अच्छी तरीके से फॉगिंग करवाये।इस बैठक में नगर आयुक्त गया नगर निगम, सिविल सर्जन गया, अधीक्षक मगध मेडिकल, सभी नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी,डीपीएम स्वास्थ्य सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

सीएम भला पीएम कहां से बन सकते हैं : सम्राट चौधरी

प्रात: किरण संवाददता

गया।बिहार भाजपा के प्रदेश सम्राट चौधरी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि नीतीश कुमार मेमोरी लॉस सीएम है और मेमोरी लॉस सीएम भला पीएम कहां से बन सकते हैं, जो बातें वे कहते हैं, वह तो उन्हें याद नहीं रहती, अब जनता के सामने मुख्यमंत्री गृह मंत्री को खोजने में लगे हुए हैं। इसलिए वह पीएम बनने के लायक नहीं है। दरअसल, सम्राट चौधरी शामिल होने के लिए गया पहुंचे थे, जहां गया जिले में विभिन्न जगहों पर कार्यकताओं ने गाजे-बाजे के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया है। इस कार्यक्रम में शामिल भाजपा नेता मनीष पंकज ने कहा कि सम्राट चौधरी के आगमन को लेकर कार्यकताओं में खासा उत्साह है। जगह-जगह पर उनका स्वागत किया गया है। आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा की ही जीत होगी। इसके लिए अभी से हमलोगों ने चुनावी तैयारी शुरू कर दी है।

प्रदेश अध्यक्ष ने सम्राट चौधरी को गदा देकर किया स्वागत

प्रात: किरण संवाददता

गया। गया शहर के राजेंद्र आश्रम मोड़ पर शिव मंदिर के पास भाजपा नेता मनीष पंकज मिश्रा, राणा रंजीत सिंह, मुन्ना यादव, कुंदन सिंह, महेश यादव, संजय यादव, मुन्ना यादव,कारू सिंह, इन्दु प्रजापत, गीता कुमारी, रेणु प्रजापत , खुशबू कुमारी,निशा कुमारी,गोपाल सिंह, बबलु कुमार, बिक्की वर्णवाल समेत हजारों समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी का भव्य स्वागत किया गया है। इस अवसर पर 11 बजे से ही महिलाओं एवं पुरुषों के साथ साथ ढोल नगाड़े बजाकर उनका इन्तजार कर रहे थे। इस अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सह भाजपा नेता मनीष पंकज मिश्रा द्वारा अंग वस्त्र, विष्णु चरण चिन्ह के साथ साथ पितल का गदा देकर स्वागत किया गया है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मनीष पंकज मिश्रा, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राणा रंजीत सिंह ने कहा कि वर्तमान जनविरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए एवं जंगल राज से मुक्ति के लिए सम्राट चौधरी जी जैसे हनुमान की जरूरत बिहार को है। ओर आने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में इनके नेतृत्व में जीतकर देश के साथ साथ बिहार में भी जीत का परचम लहराया जाएगा।

भाजपा ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने किया मुख्यमंत्री के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

प्रात: किरण संवाददता

आरा : अखगांव मे मुख्यमंत्री का पुतला दहन भाजपा ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ताओ ने किया। भोजपुर जिला के संदेश प्रखंड के अखगांव बाजार पर भारतीय जनता पाटी के ओबीसी मोर्चा के नेतृत्व मे बिहार सरकार के मुखिया नीतीश कुमार का पुतला दहन किया गया। मिली जानकारी के अनुसार यह कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी के ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष ऋतुराज जी के अध्यक्षता मे किया गया। वही ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष ऋतुराज ने बताया कि ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बलराम मंडल जी के आदेशानुसार हम सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ द्वारा राज्य सरकार नीतीश कुमार के द्वारा जातीय आधारित जनगणना कराने के बाद महिनो बीत जाने के बाद अभी तक सूची तैयार कर आम पब्लिक के बीच नही जारी किये जाने पर हम लोग आज नीतीश कुमार का पुतला दहन किये है। बिहार सरकार आम जनता के हजारो करोड रूपया को बर्बाद कर भाजपा के उपर गलत ओरोप लगा रहा है जबकी हम लोग जातीय आधारित जनगणना का कही भी विरोध नही किये है बिहार सरकार से हमलोग जातीय आधारित जनगणना के सूची को जल्द-से-जल्द आमजनों के बीच जारी किया जाए। वही इस पुतला दहन कार्यक्रम उपस्थित प्रवक्ता संतोष सिंह, जिला उपाध्यक्ष शेखर गुप्ता,जिला महामंत्री हरेन्द्र सिंह चन्द्रवंशी, मंत्री रोहित गुप्ता,मंडल अध्यक्ष लवकुश पंडित, राकेश शर्मा,अभय सिंह, विणा, विभा देवी,शान्ती देवी, श्याम प्रकाश बिंद,राणावत जी, आदि सदस्य सम्मिलित हुए।

पितामहेश्वर, गोदवारी घाट का डीएम व पूर्व मंत्री ने किया निरीक्षण

प्रात: किरण संवाददता

गया। जिला पदाधिकारी, गया डॉ॰ त्यागराजन एसएम द्वारा पितृपक्ष मेला 2023 के सफल आयोजन हेतु की जा रही तैयारी को लेकर पितामहेस्वर, गोदावरी एवं अक्षयवट वेदी स्थल का निरीक्षण किया गया है मोक्ष भूमि गया जी की धरती पर पितरों की मुक्ति की कामना लेकर आने वाले देश विदेश से लाखो लाख तीर्थयात्रियों द्वारा गया के विभिन्न प्रमुख विधियों पर पिंडदान का कार्य किया जाता है। गया के प्रमुख वेदियो में प्रेतशिला , रामशिला, देवघाट , अक्षय वट , गोदावरी, पिता महेश्वर, विष्णुपद सहित 54 वेदियों पर विशेष रूप से श्रद्धालुओं द्वारा पिंडदान तर्पण करने आते हैं। इस वर्ष पितृपक्ष मेला का आयोजन 28 सितंबर से 14 अक्टूबर तक निर्धारित है। उक्त पितृपक्ष मेला के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक कार्य निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण कर ले। पिता महेस्वर वेदी स्थल निरीक्षण के दौरान बताया गया कि पितृपक्ष मेला में 01 अक्टूबर को अत्यधिक पिंडदानी यहां तर्पण करने आते हैं। इस तिथि में यहां और अधिक मैन पावर के साथ समुचित सभी आवश्यक व्यवस्था करवाने का निर्देश डीएम ने सभी संबंधित पदाधिकारी को दिया है। पिता महेस्वर कुंड की सफाई के लिये डीएम ने कहा कि जाल के माध्यम से पानी के ऊपर यत्र तत्र को साफ करवाये, इसके साथ ही फिटकिरी भी देखर पानी के गंदगी को हटवाए। कुंड के सीढ़ियों में लगे काई को साफ करवाये, कुंड में पानी के इनलेट एवं आउटलेट के बारे में जानकारी लेने पर बताया गया कि आउटलेट की पाइप जाम है, डीएम ने अविलंब ठीक करवाने को कहा है इसके साथ ही पर्याप्त संख्या में टॉयलेट एवं पानी की व्यवथा रखने को कहा, परिसर में बने चेंजिंग रूम को रंगा पुताई एवं दरवाजा का लॉक सिस्टम दुरुस्त करवाने का निर्देश दिया है इसके साथ ही पूरे परिसर में रोशनी की पूरी व्यवस्था करवाने को कहां गया है। आवश्यकता पड़ने पर त्वरित गति से टेंपरेरी टॉयलेट की भी व्यवस्था करें। जहां भी गंदगी है उसे तुरंत साफ करवाये।जिला पदाधिकारी में कार्यपालक अभियंता आईसीडी को निर्देश दिया कि पिता महेश्वर से परम ज्ञान निकेतन स्कूल की ओर जाने वाले सड़क को मरम्मत करवाये। पिता महेश्वर घाट से मंदिर के आगे तक के गलियों को समतल करवाये। गोदावरी सरोवर वेदी स्थल का निरीक्षण किया गया है। गया कि पितृपक्ष मेला के पहला तिथि में जो पिंडदानी पुनपुन घाट नही जाते वह यहां गोदावरी सरोवर में पिंडदान करने आते हैं। डीएम ने सरोवर के गंदगी को जाल से साफ करवाने को कहा है। सरोवर के बगल में झाड़ियों को साफ करवाने को कहा गया है यात्रियों की सुविधा के लिये यहाँ पर्याप्त नल का टैप लगवाने को कहा साथ ही अस्थायी टॉयिलेट एवं चेंजिंग रूम एवं सरोवर के बाहरी परिसर से लेकर पीछे के साइड तक पूरा रौशनी की व्यवस्था एवं सड़क के किनारे अतिरिक्त स्ट्रीट लाइट लगवाने को कहा गया है। गलियों में फैले पाइप को कवर करवाने को कहा। पूरे गुणवत्ता के साथ सफाई करवाने को कहा।इसके बाद अक्षयवट वेदी स्थल का निरीक्षण किया गया है। टूटे टाइल्स को तेजी से ठीक करवाने को कहा गया है। सफाई की पूरी व्यवस्था रखने को कहा गया है। पानी जा जमाव न हो इसके लिये ड्रैनेज सिस्टम को दुरुस्त रखने को कहा है। नालियों के उबड़ खाबड़ को देख कर डीएम ने पूरी लेबलिंग करवाने को कहा, जिससे यात्रियों को कोई दिक्क्त न हो। यहां भी टॉयलेट, पेयजल एवं चेंजिंग रूम की पूरी व्यवस्था करवाने को कहा है।इस निरीक्षण के क्रम में नगर विधायक डॉ॰ प्रेम कुमार, नगर आयुक्त नगर निगम, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, पुलिस उपाधीक्षक नगर, वरीय उप समाहर्ता अभिषेक कुमार, नोडल पदाधिकारी पितृपक्ष मेला दिवाकर कुमार, नगर निगम के तमाम अभियंता, विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों एव अभियंता गण उपस्थित थे।

लोकसभा में एनडीए गठबंधन का सफाया तय : इंडिया

अरवल। युवा राजद जिला अध्यक्ष प्रवीण यादव के द्वारा अपने आवास पर मछली भोज का आयोजन किया गया।भोज में इंडिया गठबंधन के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। एक तरफ सीट बंटवारे को लेकर दिल्ली में इंडिया गठबंधन के समन्वय समिति की बैठक चल रही थी तो दूसरी तरफ अरवल में इंडिया गठबंधन के नेता लोकसभा चुनाव में एक जुट होकर इंडिया गठबंधन को जीताने का दम्भ भर रहे थे। राजद, जदयू,कांग्रेस, सीपीआई और भाकपा माले के प्रदेश,जिला प्रखंड स्तर के नेता और कार्यकर्ता भोज में शामिल हुए और आगामी चुनाव में एकजुटता के साथ मजबूती से इंडिया गठबंधन के पक्ष में माहौल बनाने का संकल्प लिया। इंडिया गठबंधन के नेता आपसी मतभेद और द्वेष को भुलाकर आने वाले चुनाव में इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान करने का संकल्प लिया और एनडीए गठबंधन को मात देने की बात कही। गठबंधन के नेताओं ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन का सफाय तय है मोदी सरकार की चूले हिलाने के लिए गठबंधन बनी है और इस गठबंधन के बढ़ते जनादेश को देख कर एनडीए गठबंधन और मोदी सरकार घबराई हुई है। भोज में राजद के पूर्व विधायक रविंद्र सिंह ने कहा कि इंडिया गठबंधन को मजबूत करने के लिए हम लोग कृत संकल्पित हैं और एक साथ बैठकर कदम से कदम मिलाकर एनडीए गठबंधन को उखाड़ फेंकने की रणनीति पर चर्चा की उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार को जीताने के लिए हम लोग मजबूती के साथ कार्य कर रहे हैं। राजद नेता रामाशीष रंजन ने कहा कि देश की दशा और दिशा बदलने वाली है। देश की जनता अब जा चुकी है महंगाई बेरोजगारी से त्रस्त जनता तय कर चुकी है आने वाले चुनाव में एनडीए को करारी शिकस्त देने के लिए जनता तैयार बैठी है।जदयू के नेताओं ने कहा की गठबंधन बनने के बाद उपचुनाव के नतीजे से भाजपा घबरा गई है। उसे अंदाजा हो गया है कि बिहार में उसका क्या हस्र होने वाला है। वही माले नेताओं ने कहा कि देश से तानाशाही की सरकार को खत्म करने के लिए हम लोग एकजुट है। नरेंद्र मोदी की सरकार देश से संविधान मिटाना चाहती है और नफरत फैला कर एक दूसरे को लड़वाना चाहती है। वहीं कांग्रेस नेताओं ने कहा कि आने वाले चुनाव में एनडीए की हार तय है और इसका असर अभी से ही दिखने लगा है छत्तीसगढ़ में भाजपा के कार्यक्रम में भीड़ नहीं पहुंच रही है जिसको लेकर अमित शाह का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया। राजद द्वारा आयोजित भोज में जदयू से जितेंद्र पटेल, मंजू वर्मा, निरंजन कुशवाहा, भाकपा माले से जितेंद्र यादव, अशरफुल होदा, रविंद्र सिंह, आरजेडी से रामाशीष रंजन,सबा करीम, अलख पासवन,रवि रंजन , कांग्रेस से मदन यादव समेत दर्जनों इंडिया गठबंधन के नेता और पदाधिकारी शामिल हुए।

लोजपा (रा) नेता स्व. सत्येंन्द्र पंडित का तीसरी पुण्यतिथि मनी

प्रात: किरण संवाददता

अरवल। सदर प्रखंड अंतर्गत प्रसादी इंग्लिश बाजार में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के पूर्व जिला उपाध्यक्ष स्वर्गीय सत्येन्द्र पंडित की तीसरी पुण्यतिथि समारोह उनकी तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर पुण्यतिथि समारोह हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से श्रद्धा पूर्वक मनाई गई ।पुण्यतिथि समारोह की अध्यक्षता अरवल जिला लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने किया , उन्होंने पुण्यतिथि समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वर्गीय सत्येन्द्र पंडित एक नेक दिल इंसान थे वे मिलनसार एवं मृदुभाषी व्यक्तित्व के धनी थे । वे लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए समर्पित भाव से जीवन पर्यन्त कार्य करते रहे ।

पुण्यतिथि समारोह में जिला संगठन मंत्री रमेश रजक , जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र यादव , जिला महासचिव रामानन्द भगत , बिरेन्द्र कुमार सिंह , सुनील कुमार , जिला कार्यकारिणी सदस्य अमित कुमार , ओमप्रकाश सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मुख्य रूप से शामिल हुए ।

सोनवर्षा लक्ष्मीनारायण तोतद्री मठ में कृष्णजन्माष्टमी की धूम

प्रात: किरण संवाददता

चरपोखरी। प्रखंड के सोनवर्षा स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर तोतद्री मठ में कृष्ण जन्मोत्सव को लेकर पहले दिन से ही धूम मची हुई हैं।जहां जन्मोत्सव कार्यक्रम के हर रोज धार्मिक अनुष्ठान के साथ-साथ मंदिर के प्रकांड विद्वानों के द्वारा विधिवत रूप से भगवान गिरधर गोपाल की पूजा अर्चना की जा रही है इसको लेकर पूरे मठको रंग बिरंगी रौशनी से सजाया गया है इसकी भव्यता देखते ही बन रही है 7 सितंबर से शुरू हुए श्री कृष्ण जन्मोत्सव में आज बुधवार को देर रात श्री कृष्ण भगवान का छठीहार धूमधाम के साथ मनाया जाएगा पूरी कर ली गई है भोजपुर जिला ही नहीं बल्कि देश के विभिन्न कोने से श्रद्धालु भक्तों का आगमन शुरू हो गया है और सुबह से ही जहां महिलाएं सोहर गा रही हैं वहीं स्थानीय कलाकारों के द्वारा देर रात भजन संध्या की भी प्रस्तुति दी जाएगी मठ के मठाधीश स्वामीरंगनाथाचार्य जी महाराज की निर्देशन में चल रहे इस महोत्सव में हर रोज कीर्तन मंडली द्वारा कीर्तन की प्रस्तुति दी जा रही है वही श्रद्धालु भक्तों के लिए हर रोज भंडारे का आयोजन किया जा रहा है वही छठिहार को लेकर आज विशेष तरह की व्यवस्था मंदिर प्रांगण में की गई है वही श्री अयोध्या धाम हनुमान किला से पीठाधीश्वर श्री अर्जुन शास्त्री जी महाराज श्री अयोध्या धाम मंगल भवन पीठाधीश्वर स्वामी सुदर्शनाचार्य जी महाराज श्री साकेत पुरी संत निवास के पीठाधीश्वर श्री महंत जनार्दनाचार्य जी महाराज एवं देश के विभिन्न तीर्थ क्षेत्र से आए हुए संत महात्मा की उपस्थिति में यह आयोजन संपन्न होगा वही महाराज श्री ने इस कार्यक्रम में सभी भक्तों को शामिल होने का आमंत्रित किया है छठी हार के साथ 6 दिनों से चल रहे हैं इस महोत्सव का विधिवत रूप से गुरुवार को समापन हो जाए इस आशय की जानकारी मीडिया प्रभारी चंदन कुमार ने दी!

उप विकास आयुक्त सह उपाध्यक्ष जिला गंगा समिति की अध्यक्षता में हुई बैठक

प्रात: किरण संवाददता

आरा। जिला गंगा समिति भोजपुर के मासिक बैठक उप विकास आयुक्त सह उपाध्यक्ष जिला गंगा समिति भोजपुर की अध्यक्षता में आज किया आयोजित किया गया।

इस मौके सहायक परियोजना पदाधिकारी डीआरडीए भोजपुर, जिला समन्वयक जिला जल एवं स्वच्छता समिति भोजपुर, नोडल पदाधिकारी जिला गंगा समिति भोजपुर, जिला परियोजना पदाधिकारी जिला गंगा समिति भोजपुर के साथ कई विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इस बैठ में गंगा को अविरल और निर्बल बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा किया गया। उप विकास आयुक्त ने बताया कि गंगा किनारे स्थित गंगा ग्राम के गांव और पंचायत में आने वाले नाले को किसी भी कीमत पर गंगा नदी के जलस्तर में नहीं मिलने दिया जाएगा इसके लिए उन पंचायत और गांव में सोखते का निर्माण करने का आदेश दिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिले के जितने भी प्रमुख घटे हैं उन पर गंगा के जल स्तर की जानकारी के लिए मानक सूचना पट लगाए जाएंगे जिससे लोगों को जलस्तर का पता चलते रहेगा। साथ ही साथ गंगा घाट की साफ सफाई और जागरूकता के लिए भी वॉल पेंटिंग और पोस्टर लगाए जाएंगे। बैठक में उप विकास आयुक्त में रिवर फ्रंट के कार्य को गति देने के लिए कई विभागों को यथाशीघ्र दिए गए कार्यों की सूची वाद्य करने के लिए निर्देशित किया।

दलित,पिछड़ी,अति पिछड़ी और अल्पसंख्यक महिलाओं के प्रतिनिधित्व की गारंटी करो : क्यामुद्दीन अंसारी

प्रात: किरण संवाददता

भाकपा माले ने महिलाओं को गोद बंद करने के लिए आरा मे एक महत्वकांक्षी अभियान चला कर ऐपवा जैसे महिला संगठन की सदस्यता अभियान तेज कर दिया है.भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य व इंसाफ मंच के राज्य सचिव क्यामुद्दीन अंसारी के नेतृत्व मे गठित टीम ने अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एशोशिएशन (ऐपवा) का सदस्यता अभियान तेज गति से चलाया। महिलाओं को संगठीत करने के लिए महिलाओं की जगह -जगह बैठक व जनसम्पर्क किए जैसे छोटकी मुसहर टोली अनाईठ, पोखरा मुसहर टोली अनाईठ, अनाईठ गांव, रेलवे लाइन झोपड़पट्टी,बहिरो लख,नवादा मुहल्ला वार्ड 39,41.दूधकटोरा,अबरपुल, भलुहीपुर, मिराचक,बेगमपुर,धरहरा नहर का इलाका प्रमुख है। भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी ने महिलाओं को संगठित करने के लिए उन्हें संबोधित करते हुए महिला आंदोलन के मुद्दे को उनके बीच रखते थे .महिलाओं के साथ होने वाले भेद-भाव,संविधान प्रदत्त महिला अधिकारो पर हम वे,महिला आरक्षण बिल संसद मे पारित नहीं कराने के लिए भाजपा सरकार की कड़ी आलोचना की तथा उक्त कानून के पास होने पर दलित, आदिवासी,अति पिछड़ा, पिछड़ी जाति और अल्पसंख्यकों के प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के सवाल भी उठाए.

महिलाओं को संबोधित करते हुए भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने बिल किस बानों के मुद्दे के साथ साथ भाजपा सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह के महिला पहलवानो के यौन उत्पीड़न का सवाल पुरजोर तरिके से उठाए.स्कीम वर्कर्स,आंगनबाड़ी,आशा कर्मी,रसोइया,एवं स्वंसहायता समुह के महिलाओं के मद्दे भी उठाए। इन मुद्दो पर महिला आंदोलन विकसित करने के सवाल उठाने पर बड़ी संख्या मे महिलाए ऐपवा का सदस्यता स्विकार कर सदस्य बनी है।भाकपा माले के इस अभियान मे सामिल थे भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य व इंसाफ मंच के राज्य सचिव क्यामुद्दीन अंसारी, बालमुकुंद चौधरी, संगिता सिंह, विकास कुमार, अहमद जी, मनोज कुमार यादव, रौशन पासवान, कृष्ण रंजन गुप्ता, हरिशंकर सिंह, मो।खालिक साहब, सुरेन्द्र कुशवाहा, अमित कुमार मालाकार, धनंजय सिंह, सोने लाल गुप्ता, मो.खुर्शीद प्रमुख थे।

दीवार उठाने के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट व फायरिंग

आरा। भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के छोटकी हरदिया गांव में मंगलवार के दोपहर दीवार उठाने के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान के पक्ष द्वारा हवाई फायरिंग कर दी गई। हालाकि फायरिंग के दौरान किसी प्रकार की कोई हताहत नहीं हो पाई। जबकि मारपीट के दौरान एक पक्ष का युवक युवक मामूली रुप से जख्मी हो गया। जिसके बाद उसका इलाज जगदीशपुर अनुमंडलीय अस्पताल में कराए गया। घटना को लेकर गांव एवं आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही जगदीशपुर थाना इंचार्ज राजकिशोर सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए हैं। जानकारी के अनुसार जख्मी युवक जगदीशपुर खाना क्षेत्र के छोटकी हरदिया गांव निवासी बताया जा रहा है। घटना के संबंध में बताए जाता है कि दो पट्टीदारों के बीच जमीन को लेकर कुछ दिनों से विवाद चला आ रहा है। मंगलवार की दोपहर एक पक्ष द्वारा उसी जमीन पर दीवार उठाया जा रहा था। तभी दूसरे पक्ष द्वारा उसे मना किया जाना लगा। लेकिन एक पक्ष लोग नहीं माने। जिसके बाद दूसरे पक्ष द्वारा उस दीवार को गिरा दिया गया। जिसको लेकर दोनों पक्ष आपस में भीड़ गए और लाठी-डंडे भी चलाई। उस बीच एक पक्ष द्वारा हवाई फायरिंग कर दी। लेकिन फायरिंग के दौरान किसी प्रकार की कोई हताहत नही हुई। वही मारपीट में एक पक्ष का एक युवक मामूली रुप से जख्मी हो गया। जिसके बाद उसके इलाज जगदीशपुर अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया। वही इस मामले में जगदीशपुर थाना इंचार्ज राजकिशोर सिंह ने बताया कि दो पक्षों के बीच दिवार धरने के विवाद को लेकर मारपीट हुई थी और मारपीट के दौरान दोनों पक्ष लाठी-डंडा लेकर आपस में भीड़ गए थे। तभी तक द्वारा फायरिंग कर दी गई। इसके बाद जख्मी युवक को इलाज के लिए जगदीशपुर अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने देखा उसे गोली एवं छर्रा लगने की बातों से साफ इनकार किया है।

आरा में मालगाड़ी के चपेट में आने से अज्ञात युवक की मौत

आरा। दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर आरा रेलवे स्टेशन के पश्चिमी ओवर ब्रिज के समीप मंगलवार की देर शाम मालगाड़ी के चपेट में आने से एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान वह मालगाड़ी की चपेट में आ गया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। घटना की सूचना पाकर आरा रेल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भेज दिया। इसके पश्चात पुलिस शव की पहचान करने एवं मामले की छानबीन में जुट गई है। वही घटना के संबंध में बताया जाता है कि मंगलवार की देर शाम अज्ञात युवक रेलवे ट्रैक पर बैठा हुआ था। उसी दौरान डाउन लाइन पर मालगाड़ी आ गई।

सेंसेक्स
67466.99 पर बंद
निफ्टी
20070.00 पर बंद

सोना
58,604
चांदी
71,511

पत्नी के पैसे से खर्चा चला, पुराने कंप्यूटर से शुरुआत...

नौकरी डाटकाम के मालिक की कहानी

नई दिल्ली, एजेंसी। कहते है कि हर सफल आदमी के पीछे एक औरत का हाथ होता है। आपने भी कई बार ये बात सुनी और पढ़ी होगी, लेकिन अगर किसी पति को ये ताना सुनने को मिले कि वो अपनी पत्नी की सैलरी पर खर्च चलाता है तो इसे बर्दाश्त कर पाना आसान नहीं होता। संजीव बिकचंदानी को अपने रिश्तेदारों से, दोस्तों से कई बार इस तरह की बातें सुनने को मिली, लेकिन संजीव ने कभी इन बातों को अपने काम पर हावी नहीं होने दिया। जिस लक्ष्य में जुटे थे, पत्नी सुरभि ने उनका पूरा साथ दिया और कुछ सालों की मेहनत के दम पर आज उन्होंने 50 हजार करोड़ की कंपनी खड़ी कर दी। आज संजीव लोगों को नौकरियां दिला रहे हैं, लोगों की जोड़ियां बना रहे हैं। आज कहानी नौकरी डॉटकॉम और जीवनसाथी डॉटकॉम वेबसाइट चलाने वाली कंपनी इंफोएज के मालिक संजीव बिकचंदानी की।

सैकेंड हैंड कंप्यूटर और घर का टूटा गैराज

बिजनेस खड़ा करना इतना आसान नहीं होता। न तो बिजनेस चलाने का अनुभव न कोई कारोबारी रिश्ता, फिर भी संजीव ने हिम्मत जुटा। संजीव ने आईआईएम अहमदाबाद से अपनी पढ़ाई पूरी की। डिग्री लेने के बाद उन्होंने नामी कंपनी ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन में नौकरी कर ली। कॉलेज में ही उनकी मुलाकात सुरभि से हुई। दोनों ने शादी कर दी। सुरभि भी अच्छी कंपनी में काम करती थी। शादी के बाद साल 1990 में संजीव ने अपना बिजनेस करने का फैसला किया। जब उन्होंने ये बात अपनी पत्नी से बताई तो उन्होंने पूरा साथ देने का भरोसा दिया। घर के खर्च सुरभि की सैलरी से चलने लगे और संजीव अपने काम में जुट गए। संजीव बिकचंदानी ने 1990 में इन्फो एज (इंडिया) की शुरुआत अपने पिता के गैराज में सेकेंड हैंड कंप्यूटर और घर के पुराने फर्नीचर के साथ की। सुरभि को मिलने वाली सैलरी से घर का पूरा खर्च चलाना आसान नहीं था, लेकिन दोनों ने मुश्किल हालात का सामना करने की ठान ली। बिजनेस शुरू होने के कई सालों बाद तक इनकम की शुरुआत नहीं हुई।

7 साल बाद मिली सफलता

इस बीच संजीव को अपने रिश्तेदारों, दोस्तों से काफी बार सुनने को मिला कि उन्हें नौकरी कर लेना चाहिए। मजाक में ही सही दोस्त उन्हें ताने मार देते कि वो पत्नी की कमाई पर जी रहे हैं, लेकिन संजीव ने इस बातों का असर अपने काम पर कभी नहीं पड़ने दिया। बिजनेस को खड़ा करने में उन्हें अपनी पत्नी का पूरा साथ मिली।

संजीव की कंपनी इन्फो एज इंडिया का मार्केट कैप 57,500 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। फोर्ब्स के मुताबिक संजीव बिकचंदानी की कुल संपत्ति 2.3 बिलियन डॉलर यानी करीब 19,000 करोड़ रुपये से अधिक है। आज संजीव की पहचान जानी-मानी हस्तियों में होती है।

इंजीनियरिंग कंपनी को मिला 1012 करोड़ का ऑर्डर

नई दिल्ली, एजेंसी। इंजीनियरिंग कंपनी केईसी इंटरनेशनल लिमिटेड के शेयरों में आज बुधवार को गजब की तेजी देखने को मिल रही है। कंपनी के शेयर 11.23 प्रतिशत चढ़कर 52 वीक के नए हाई 739 रुपये पर पहुंच गए। कंपनी के शेयरों में इस तेजी के पीछे एक बड़ा ऑर्डर है। दरअसल, केईसी इंटरनेशनल लिमिटेड को मंगलवार को 1,012 करोड़ रुपये का ऑर्डर हाथ लगा है। केईसी इंटरनेशनल लिमिटेड ने मंगलवार को कहा कि उसे अपने बिजनेस पोर्टफोलियो के अलग-अलग सेक्टर्स में 1,012 करोड़ रुपये के नए ऑर्डर मिले हैं। स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, कंपनी के सिविल बिजनेस डिवीजन ने भारत के भीतर डेटा सेंटर और एफएमसीजी सेक्टर में काम करने वाले नए ग्राहकों से ऑर्डर हासिल किया है। इन परियोजनाओं में पश्चिमी भारत में एक डेटा सेंटर का निर्माण और दक्षिणी भारत में एक प्रसिद्ध वैश्विक एफएमसीजी कंपनी के लिए मैन्युफैक्चरिंग सुविधा की स्थापना शामिल है। ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन (टीएंडडी) सेगमेंट ने भारत और अमेरिका दोनों में परियोजनाएं हासिल की हैं। इनमें एक मौजूदा निजी ग्राहक से भारत में 765 केवी ट्रांसमिशन लाइन का पर्याप्त ऑर्डर, साथ ही अमेरिका में टावरों, हार्डवेयर और खंभों की आपूर्ति शामिल है। केईसी इंटरनेशनल के केबल डिवीजन ने भारत और विदेशों दोनों में विभिन्न प्रकार के केबल की आपूर्ति के लिए ऑर्डर हासिल किए हैं। केईसी इंटरनेशनल के एमडी और सीईओ विमल केजरीवाल ने कहा कि सिविल कारोबार प्रमुख ग्राहकों को जोड़ने के साथ अपने ग्राहक आधार में विविधता लाना जारी रखता है।

भारत में डाटा ने पूरी प्रक्रिया को लोकतांत्रिक बना दिया: केवी कामत

नई दिल्ली, एजेंसी। नेशनल बैंक फॉर फइनेंसिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंटके चेयरमैन केवी कामत ने भारत में डाटा क्रांति को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि आज जिस तरह भारत में डाटा उपलब्ध है, यह साफ तौर पर लोकतांत्रिक है, जिसने पूरी प्रक्रिया को लोकतांत्रिक बना दिया है। कामत ने कहा, आज हाथ में पकड़ने वाले डिवाइस में हमें जो कनेक्टिविटी मिलती है और हमारे यहां डाटा की जो उपलब्धता है, साथ ही जिस कीमत पर डाटा उपलब्ध है। अगर चार-पांच साल पहले किसी ने मुझसे कहा होता कि भारत डाटा का सबसे बड़ा उपभोक्ता होगा, तो मैं कहता कि यह मुमकिन ही नहीं है। लेकिन आज यह पूरी तरह लोकतांत्रिक है। डाटा ने पूरी प्रक्रिया को ही लोकतांत्रिक बना दिया है।

गडकरी ने बयान ने उड़ा दी टाटा, महिंद्रा की नींद, हुआ तगड़ा नुकसान

नई दिल्ली, एजेंसी। नितिन गडकरी ने डीजल गाड़ियों को लेकर एक बयान दिया, जिसके बाद ऑटो कंपनियों को तगड़ा झटका लगा। केंद्रीय सड़क और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की ओर से एक बयान आया। उन्होंने कहा कि वो डीजल गाड़ियों पर 10 फीसदी एक्सट्रा टैक्स लगाने के लिए वित्त मंत्री से सिफारिश करेंगे, हालांकि थोड़ी देर बाद ही उनकी ओर से सफाई भी दे दी गई कि फिलहाल सरकार के पास ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। लेकिन इस बीच ऑटो कंपनियों के शेयर में सुनामी आ गई। नितिन गडकरी के इस बयान के बाद टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों को बड़ा झटका लगा। मंगलवार को टाटा मोटर्स के शेयर में 2.19 फीसदी की गिरावट आई तो वहीं महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में भी कल और आज भी गिरावट देखने को मिली। टाटा मोटर्स के शेयरों में मंगलवार को आई गिरावट के कारण कंपनी का मार्केट कैपिटलाइजेशन (एमकैप) 2,10,838.56 करोड़ तक गिर गया। टाटा मोटर्स के निवेशकों को इससे सीधे-सीधे 6,344.75 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचा है। वहीं शेयरों में आई गिरावट के चलते महिंद्रा के मार्केट कैपिटलाइजेशन में घटकर 1,88,145.91 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जिसके कंपनी के निवेशकों को 8,592.78 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। इसके अलावा मंगलवार को अशोक लीलैंड-आयशर मोटर्स के शेयर में भी 1.5 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखी गई है।नितिन गडकरी ने अपने बयान पर सफाई देते हुए कहा कि डीजल गाड़ियों पर अतिरिक्त टैक्स लगाने का सरकार का कोई प्रस्ताव नहीं है। जिसका असर आज ऑटो शेयरों पर दिखा है। कल गिरने के बाद आज टाटा मोटर्स के शेयरों में सुधार आया है। हालांकि महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में आज फिर से गिरावट देखने को मिली। महिंद्रा के शेयर -13.15 अंक गिरकर 1544.45 पर कारोबारलकर रहे हैं। वहीं टाटा मोटर्स के शेयर्स 5.20 अंक की तेजी के साथ 626.20 अंक पर कारोबार कर रहे हैं।

अमेरिकी सेब, अखरोट पर अतिरिक्त शुल्क हटाने से घरेलू उत्पादकों पर कोई असर नहीं पड़ेगा: सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार ने मंगलवार को कहा कि अमेरिकी सेब, अखरोट और बादाम के आयात पर अतिरिक्त जवाबी शुल्क हटाने से घरेलू उत्पादकों पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि विपक्षी दल खासकर कांग्रेस विषय की पूरी समझ के बिना ही इस विषय का राजनीतिकरण कर रही है। सेब पर 50 प्रतिशत का नियमित शुल्क और 50 रुपए प्रति किलोग्राम का न्यूनतम आयात मूल्य है। गोयल ने कहा, ''हमने अभी जवाबी शुल्क हटा दिया है...इस कदम का घरेलू सेब उत्पादकों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। कीमतों पर भी कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। उपभोक्ताओं को अधिक विकल्प मिलेंगे। इससे पहले वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव पीयूष कुमार ने कहा कि अमेरिकी सेब और अखरोट पर 50 प्रतिशत और 100 प्रतिशत का 'सबसे तरजीही देश (एमएफएन) का शुल्क लागू रहेगा क्योंकि केवल 20 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क हटाया गया है। उन्होंने कहा कि सेब, अखरोट और बादाम पर एमएफएन शुल्क में कोई कटौती नहीं की गई है, जो अब भी अमेरिकी मूल के उत्पादों सहित सभी आयातित उत्पादों पर लागू है।

इंडिया बनाम भारत विवाद के बीच ब्लू डार्ट का बड़ा एलान, कंपनी बदलेगी अपनी सेवा का नाम

नई दिल्ली, एजेंसी। सियासी गलियारों में देश का नाम इंडिया से बदलकर भारत करने को लेकर जारी विवाद के बीच लॉजिस्टिक कंपनी ब्लू डार्ट ने बड़ा एलान किया है। कंपनी ने अब अपनी प्रीमियम सेवा डार्ट प्लस का नाम बदलकर भारत प्लस कर दिया है। ब्लू डार्ट ने बुधवार को कंपनी फाइलिंग में बताया कि यह कूटनीतिक बदलाव से ब्लू डार्ट की मौजूदा यात्रा में एक मील का पत्थर है। यह भारत की वृहद जरूरतों की सेवा के लिए हमारी अटल प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

ब्लू डार्ट ने अपने फैसले की वजह बताते हुए कहा, यह कदम हमारे उपभोक्ताओं की लगातार विकसित होती जरूरतों के साथ कदमताल करने की प्रक्रिया के लिए लक्षित है।कंपनी ने कहा कि वह सभी हितधारकों को इस बदलाव वाली यात्रा से जुड़ने का न्योता देती है, जिससे हम भारत को पूरी दुनिया और दुनिया को भारत से जोड़ना जारी रख रहे हैं। दरअसल राष्ट्रपति की ओर से 9 सितंबर को जी-20 कार्यक्रम के दौरान भारत मंडपम में आयोजित होने वाले डिनर के निमंत्रण पत्र में द प्रेसिडेंट ऑफ भारत की ओर से न्योता भेजा गया है। इसी निमंत्रण पत्र पर छपे भारत शब्द को लेकर अब सियासत होने लगी है। राजनीतिक पार्टियों का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश के नाम पर भी हमला कर रही है। ब्लू डार्ट का यह कदम भारत बनाम इंडिया की इसी बहस के बीच आया है।

BLUE DART
DHL

संसद के विशेष सत्र में भी भारत को लेकर चर्चा के आसार

जी-20 में इस तरह भारत के नाम का इस्तेमाल शुरू होने के साथ ही उस बहस को भी जोर मिला है, जिसमें इंडिया का नाम बदलकर भारत करने की बात कही जा रही है। कुछ ही दिन पहले केंद्र सरकार ने संसद का विशेष सत्र बुलाने का एलान किया था। इसके बाद से ही यह अटकलें लगने लगीं कि केंद्र सरकार अंतरराष्ट्रीय स्तर के समारोह में इंडिया की जगह भारत नाम का इस्तेमाल शुरू करने वाला है और संसद में भी इंडिया नाम को बदलकर स्थायी तौर पर भारत किया जा सकता है।

खुल गया इस वायर कंपनी का आईपीओ

नई दिल्ली, एजेंसी। आईपीओ मार्केट में एक और कंपनी अपना इश्यू लेकर आई है। आज यानी 13 सितंबर से आरआर काबेल का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुल गया है। निवेशक 15 सितंबर तक इस आईपीओ में बोली लगा सकेंगे। आईपीओ खुलने से पहले ग्रे मार्केट में कंपनी का शेयर 218 रुपये के प्रीमियम पर ट्रेड करता दिखा था। हालांकि, आज जीएमपी में गिरावट आई है। कंपनी ने अपने आईपीओ में 938-1035 रुपये का प्राइस बैंड तय किया है। निवेशक एक लॉट में 14 शेयरों के लिए बोली लगा सकेंगे। आरआर काबेल इंडियन कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल इंडस्ट्री की एक प्रमुख कंपनी है। यह कंपनी वायर, केबल्स और फास्ट मूविंग इलेक्ट्रिकल गुड्स का कारोबार करती है। यह भारत में 20 वर्षों से कारोबार कर रही है।आरआर काबेल के आईपीओ में 50 फीसदी शेयर क्वालिफाइड इंस्टीच्युशनल बायर्स के लिए रिजर्व हैं। वहीं, 15 फीसदी शेयर नॉन-इंस्टीच्युशनल इंवेस्टर्स के लिए रिजर्व हैं। इसी तरह आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 35 फीसदी शेयर रिजर्व हैं। आरआर काबेल का शेयर अनलिस्टेड मार्केट में 150 रुपये के प्रीमियम पर ट्रेड करता दिखा। इस तरह जीएमपी को देखते हुए यह शेयर स्टॉक एक्सचेंजों पर 14.49 फीसदी के प्रीमियम के साथ 1185 रुपये पर लिस्ट हो सकता है।एक्सिस कैपिटल, एचएसबीसी सिक्योरिटीज और कैपिटल मार्केट्स (इंडिया), सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स इंडिया और जेएम फाइनेंशियल इस इश्यू के बुक-रनिंग लीड मैनेजर हैं। आरआर काबेल के आईपीओ के तहत शेयरों का अलॉटमेंट 21 सितंबर तक पूरा हो सकता है। इसके अलावा, कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग 26 सितंबर 2023 तक हो सकती है।

चर्चिल के लंदन स्थित ओल्ड वॉर ऑफिस में खुलेगा हिंदुजा ग्रुप का नया लग्जरी होटल 26 सितंबर को होगा ओल्ड वॉर ऑफिस का उद्घाटन

मुंबई, एजेंसी। अरबों डॉलर के कारोबार वाले और 109 साल पुराने बहुराष्ट्रीय समूह, हिंदुजा ग्रुप ने ब्रिटेन के द्वितीय विश्व युद्ध के समय के प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल के ओल्ड वॉर ऑफिस (ओडब्ल्यूओ) को होटल के रूप में फिर से चालू करने के लिए विश्व प्रसिद्ध रैफल्स होटल एंड रिसॉर्ट्स के साथ सहयोग किया। लंदन के बीचोबीच स्थित इस ब्रांड-न्यू लग्जरी होटल का 26 सितंबर को उद्घाटन किया जाएगा। प्रोजेक्ट की निगरानी करने वाले संजय हिंदुजा ने कहा, जब हम व्हाइटहॉल आए, तो टीम इस राजसी भवन के आकार और सुंदरता को देखकर दंग रह गई। उन्होंने आगे बताया, इसे इसके पूर्व गौरवमयी रूप में वापस लाने और इसकी विरासत को संजोए रखते हुए इसमें नई जान डालने में कोई कसर नहीं छोड़ी गई है। ओल्ड वॉर ऑफिस (ओडब्ल्यूओ) में रैफल्स लंदन के साथ, हम एक ऐसी विरासत के निर्माण की उम्मीद करते हैं जो न केवल सदाबहार बल्कि नायाब भी हो। हिंदुजा परिवार ने आठ साल पहले डाउनिंग स्ट्रीट के सामने, व्हाइटहॉल पर ऐतिहासिक इमारत का अधिग्रहण किया था और इमारत को लग्जरी आवास, रेस्तरां और स्पा के साथ असाधारण स्थान में बदलने के लिए रैफल्स होटल के साथ समझौता किया था। ओल्ड वॉर ऑफिस, मूल रूप से 1906 में बनकर तैयार हुआ। ब्रिटिश वास्तुकार विलियम यंग ने इसे डिजाइन किया था। यहाँ पहले व्हाइटहॉल का ओरिजिनल महल था। विंस्टन चर्चिल और डेविड लॉयड जॉर्ज जैसे प्रभावशाली राजनीतिक और सैन्य नेतृत्वकर्ताओं के ब्रिटेन में पद संभालने के दौरान यह इमारत दुनिया के स्वरूप को बदल देने वाली घटनाओं की गवाह बनी। इसकी भव्य वास्तुकला ने इस इमारत को जेम्स बॉन्ड फिल्मों और हाल ही में द क्राउन नेटफ्लिक्स सीरीज के लिए पृष्ठभूमि भी बनाया है।

इंश्योरेंस कंपनी ने लॉन्च किया अनोखा सेविंग प्लान, मिलेगा करीब 7 पर्सेंट तक ब्याज

नई दिल्ली, एजेंसी। अगर आप किसी टर्म डिपॉजिट में निवेश किए बिना 6 से 7 पर्सेंट के बीच का ब्याज पाना चाहते हैं तो यह खबर आपके लिए है। इंडियाफर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने अपने ग्राहकों के लिए एक सिंगल प्रीमियम प्रोडक्ट लॉन्च किया है। इस प्रोडक्ट का लक्ष्य अपने ग्राहकों को अलग-अलग पीरियड पर 6.30 पर्सेंट से 6.70 पर्सेंट का कम्युलेटिव ब्याज देना है। यानी कि इस प्रोडक्ट को खरीदकर आप अपनी आर्थिक सुरक्षा को सुनिश्चित कर सकते हैं। आइए जानते हैं इस प्लान के बारे में विस्तार से। बता दें कि यह प्लान 5-30 साल की अवधि के लिए उपलब्ध है। हालांकि, इसके बावजूद कंपनी फिक्स्ड डिपॉजिट के साथ प्रतिस्पर्धा से बचने के लिए 15 साल और उससे अधिक अवधि के प्लान को बेचने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। ऐसा इसलिए क्योंकि इसकी बिक्री का बड़ा हिस्सा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सहित दूसरे बैंकों से आता है।

रिटायरमेंट के बाद पैसे की नो टेंशन

इंडियाफर्स्ट लाइफ गारंटीड सिंगल प्रीमियम प्लान एक नॉनलिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेटिंग,पर्सनल, सिंगल प्रीमियम बचत योजना है जो पॉलिसीधारकों को 30 वर्षों तक गारंटीड रिटर्न देती है। बता दें कि इसका उद्देश्य उन लोगों के लिए है जो रिटायरमेंट और लीगेसी प्लानिंग के लिए बचत करना चाहते हैं।

मोबीक्विक ने आपके पैसों के बेहतर प्रबंधन के लिए लेंस को लॉन्च किया

गुरुग्राम/मुंबई, एजेंसी। अग्रणी डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्ममोबीक्विक ने लेंस को लॉन्च कर दिया है। मोबीक्विक का यह प्रॉडक्टयूजर्स या उपयोगकर्ताओं को उनके पैसे के बारे में जानकारी देते हुएउनकी वित्तीय सेहत को सुधारने में मदद करेगा। लेंस उद्योग में अपनीतरह का पहला वित्तीय प्रॉडक्ट है।यह अकाउंट एग्रीगेटर फ्रेमवर्क का इस्तेमाल करते हुए यूजर्स को सुरक्षितऔर प्रभावी तरीके से सभी वित्तीय संस्थानों के साथ आंकड़ों को साझाकरने में मदद करता है। लेंस, उन्नत तकनीक और डेटा साइंस काइस्तेमाल करते हुए जटिल वित्तीय आंकड़ों को आसान बनाने का कामकरता है। इससे पहले यह काफी जटिल हुआ करता था और इसे करनेके लिए काफी मेहनत करनी होती थी, जो अब बेहद आसान हो गई है।मोबीक्विक लेंस की क्षमता को लेकर उत्साहित इसकेसह-संस्थापक और सीईओ बिपिन प्रीत सिंह ने कहा, लेंस जागरूकताऔर आपके अपने पैसों पर नियंत्रण समेत वित्तीय सेहत की बुनियादीजरूरत को पूरा करता है। हमारा शोध बताता है कि किसी व्यक्ति केलिए उसकी वित्तीय आमदनी, खर्च और लेनदेन की निगरानी मुश्किलहोती है।

प्रधानमंत्री बीपीसीएल की बीना रिफाइनरी में 49,000 करोड़ रुपये के पेट्रोकेमिकल्स काम्लेक्स और रिफाइनरी एक्सपैंशन प्रोजेक्ट का शिलान्यास करेंगे

भोपाल । प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी 14 सितंबर को मध्य प्रदेश के बीना स्थित भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) की बीना रिफाइनरी में पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास कर भारत के औद्योगिक विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित करेंगे। 49,000 करोड़ रुपये की यह अभूतपूर्व परियोजनाभारत के पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण निवेश है। यह पहल आत्मनिर्भर भारत मिशन के ही अनुरूप है, क्योंकि यह पेट्रोकेमिकल उत्पादों की कमी को पूरा करेगी, जिसके परिणामस्वरूप आयात प्रतिस्थापन के माध्यम से वार्षिक विदेशी मुद्रा की बचत होगी।

यह परियोजना पांच साल की अवधि में पूरा होने की उम्मीद है। यह परियोजना निर्माण चरण के दौरान अनुमानित 15,000 रोजगार अवसरों के सृजन के साथ क्षेत्र में रोजगार और कौशल विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगी। इससे प्रस्तावित डाउनस्ट्रीम पेट्रोकेमिकल पार्क और सहायक व्यवसायों के साथ एक लाख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा करके क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में उल्लेखनीय वृद्धि होने की भी उम्मीद है। इसमें 1.2 एमएमटीपीए एथिलीन क्रैकर कॉम्प्लेक्स, डाउनस्ट्रीम एथिलीन और प्रोपलीन आधारित पेट्रोकेमिकल संयंत्रों का निर्माण और बीपीसीएल की बीना रिफाइनरी क्षमता का 7.8 एमएमटीपीए से 11 एमएमटीपीए तक पर्याप्त विस्तार शामिल है। नेफ्था, एलपीजी, केरोसीन आदि सहित कैप्टिव फीडस्टॉक का सर्वोत्तम उपयोग करने के लिए एथिलीन क्रैकर कॉम्प्लेक्स को बीना रिफाइनरी के साथ एकीकृत किया जाएगा, जिससे इसकी दक्षता और स्थिरता में वृद्धि होगी। पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स कई ग्रेड के लगभग 2.2 एमएमटीपीए पेट्रोकेमिकल का उत्पादन करने के लिए तैयार है। यह परियोजना रैखिक कम घनत्व पॉलीथीन (एलएलडीपीई), उच्च घनत्व पॉलीथीन (एचडीपीई), और पॉलीप्रोपाइलीन (पीपी) सहित आवश्यक पॉलिमर उत्पादों के उत्पादन के लिए रणनीतिक रूप से स्थित है।

CURTAIN RAISER PRESS CONFERENCE
Foundation Stone Laying
Petrochemical Complex Bina Refinery
Venue: Darbar Hall, Hotel Jehan Numa Palace, Bhopal
Date: 12th September 2023

चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग द्वारा ओकाया ईवी एक्सक्लुज़िव डीलरशिप का उद्घाटन किया

भोपाल। जाने-माने इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता ओकाया ईवी ने भोपाल में अपने नए एक्सक्लुज़िव डीलरशिप की भव्य ओपनिंग की घोषणा की है। जिसका उद्घाटन श्री विश्वास सारंग, माननीय चिकित्सा शिक्षा मंत्री, मध्य प्रदेश द्वारा किया गया। यह नया सेंटर उपभोक्ताओं को इलेक्ट्रिक वाहनों का उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करेगा। यह सेंटर स्थायी परिवहन एवं आधुनिक टेक्नोलॉजी के प्रति ओकाया ईवी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस एक्सक्लुज़िव सेंटर में आने वाले आगंतुक इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की दुनिया का अनूठा अनुभव पा सकेंगे, यहां उन्हें ओकाया ईवी के विविध प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को प्रत्यक्ष रूप से देखने और अनुभव करने का मौका मिलेगा। ओकाया ईवी के स्कूटर पोर्टफोलियो में फास्ट सीरीज़ प्रोडक्ट लाईन में हाई-स्पीड एवं लो-स्पीड मॉडल जैसे फास्ट एफ4, फास्ट एफ3, एफ2बी और एफ2टी शामिल हैं। वहीं लो-स्पीड सेगमेन्ट में क्लासिक प्लस और फ्रीडम मॉडल शामिल हैं।

OKAYA
ELECTRIC VEHICLES

उल्लेखनीय है कि ओकाया के ईवी प्रोडक्ट्स आधुनिक एलएफपी (लिथियम फैरो फॉस्फेट) बैटरी टेक्नोलॉजी के साथ आते हैं, जो उर्जा दक्षता, टिकाउपन एवं पर्यावरण संरक्षण के नए मानक स्थापित करते हैं। एलएफपी बैटरी सुरक्षा को भी सुनिश्चित करती है, जो ओकाया ईवी के नैतिक मूल्यों के अनुरूप है। आधुनिक ड्राइवर असिस्टेन्ट सिस्टम से लेकर क्रैश टेस्ट मूल्यांकन तक, ओकाया के ईवी सुनिश्चित करते हैं कि उपभोक्ता सुरक्षा के साथ समझौता किए बिना आत्मविश्वास के साथ इलेक्ट्रिक परिवहन का आनंद उठा सकें।

भोपाल में ओकाया ईवी डीलरशिप अब आम जनता के लिए खुली है, जहां से आगंतुक परिवहन के हरित एवं सुरक्षित भविष्य की दिशा में अपनी नई यात्रा की शुरूआत कर सकते हैं।

कहीं का नहीं रहा पाकिस्तान

अब हॉकी ओलिंपिंक क्वालीफायर की मेजबानी छिनी, गर्त में गया नेशनल गेम

कराची (एजेंसी)। इंटरनेशनल हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) को बड़ा झटका देते हुए ओलिंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट की मेजबानी के अधिकार को वापस ले लिए हैं। ओलिंपिक क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट अगले साल जनवरी में पाकिस्तान में आयोजित होने वाला था, लेकिन पीएचएफ और पाकिस्तान खेल बोर्ड (पीएसबी) के बीच अंदरूनी कलह के कारण एफआईएच ने देश से मेजबानी का अधिकार वापस ले लिया। पीएचएफ के एक सूत्र ने कहा, 'एफआईएच ने हमारे मेजबानी अधिकार को वापस लेते हुए यह स्पष्ट कर दिया है कि खेल बोर्ड और सरकार आयोजन की सफल मेजबानी के लिए पीएचएफ के साथ सहयोग करने को तैयार नहीं हैं।' एफआईएच का फैसला पाकिस्तान हॉकी के लिए एक बड़ा झटका है, जिसे एक दशक से अधिक समय के बाद किसी अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम की मेजबानी का अधिकार मिला था। पीएचएफ ने पहले ही कहा था कि ओलिंपिक क्वालीफायर जनवरी में लाहौर में आयोजित होगा। पीएचएफ में हस्तक्षेप की पीएसबी की कोशिशों के कारण अराजकता की स्थिति पैदा हो गई।

आज श्रीलंका -पाकिस्तान फाइनल में जगह बनाने उतरेंगी

कोलंबो(एजेंसी)। चोटों से जूझ रहा पाकिस्तान और अपने कुछ खिलाड़ियों के उत्साहजनक प्रदर्शन से आत्मविश्वास हासिल करने वाला श्रीलंका एशिया कप एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने के लिए गुरुवार को यहां एक दूसरे का सामना करेंगे। पाकिस्तान और श्रीलंका दोनों के दो-दो अंक हैं और इस तरह से गुरुवार को होने वाला मैच एक तरह से नॉकआउट मैच बन गया है जिसमें जीत दर्ज करने वाली टीम 17 सितंबर को होने वाले फाइनल में जगह बनाएगी।

भारत मंगलवार को सुपर चार के मैच में श्रीलंका को 41 रन से हराकर पहले ही फाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुका है। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम अभी चार अंक लेकर शीर्ष पर है। पाकिस्तान की टीम चोटिल खिलाड़ियों की समस्या से जूझ रही है और पूरी संभावना है कि उसके प्रमुख तेज गेंदबाज हारिस रऊफ और नसीम शाह श्रीलंका के खिलाफ मैच में नहीं खेल पाएंगे।

पाकिस्तान ने इन दोनों खिलाड़ियों के बैकअप के रूप में शाहनवाज दहानी और जमान खान को टीम से जोड़ा है। बाईस वर्षीय जमान 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने में सक्षम हैं। पाकिस्तान की चिंता केवल चोटिल खिलाड़ियों को लेकर ही नहीं है। उसके बल्लेबाज भी अभी तक टूर्नामेंट में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उसकी टीम ने मुल्तान में एशिया कप के पहले मैच में नेपाल के खिलाफ छह विकेट पर 342 रन बनाए थे लेकिन इसके बाद उसके बल्लेबाज बड़ा स्कोर बनाने के लिए जूझते रहे।

बल्लेबाजी में पाकिस्तान की टीम काफी हद तक दोनों सलामी बल्लेबाजों फखर जमां और इमाम-उल-हक तथा कप्तान बाबर आजम पर निर्भर है। अगर उसे श्रीलंका के खिलाफ जीत दर्ज करनी है तो मोहम्मद रिजवान और सलमान आगा जैसे बल्लेबाजों को भी उपयोगी योगदान देना होगा। इफ्तिखार अहमद ने नेपाल के खिलाफ शतक जड़कर लंबे शॉट खेलने की अपनी काबिलियत का अच्छा नमूना पेश किया था लेकिन उन्हें मजबूत टीमों के खिलाफ अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने की जरूरत है।

श्रीलंका एक ऐसी ही मजबूत टीम है जो पाकिस्तान को कड़ी चुनौती देने के लिए तैयार है। लीग चरण में पाकिस्तान ने श्रीलंका को सात विकेट से हराया था लेकिन अतीत का परिणाम गुरुवार को होने वाले मैच में खास मायने नहीं रखेगा। बांग्लादेश को हराने और भारत को कड़ी चुनौती पेश करने के बाद श्रीलंका ने दिखा दिया है कि अपने कुछ प्रमुख खिलाड़ियों की अनुपस्थिति के बावजूद उसकी टीम अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम है।

टूर्नामेंट शुरू होने से पहले श्रीलंका के प्रमुख खिलाड़ी वानिंदु हसरंगा, दुष्मंथा चमीरा और लाहिरू कुमारा चोटिल होने के कारण बाहर हो गए थे। इसके बाद श्रीलंका को टूर्नामेंट में अपनी युवा टीम उतारनी पड़ी। लेकिन डुनिथ वेलालगे, मथीशा पथिराना और महेश तीक्ष्णा ने प्रभावशाली प्रदर्शन करके टीम को खिताब का दावेदार बना दिया।

श्रीलंका की टीम अपने तेज गेंदबाजों विशेषकर कासुन रजिता से प्रदर्शन में निरंतरता चाहेगी। रजिता ने अभी तक चार मैचों में इतने ही विकेट लिए हैं लेकिन उन्होंने लगभग छह रन प्रति ओवर की दर से रन दिए हैं। श्रीलंका के स्पिनरों ने भारत के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था और उसकी टीम फिर से उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगी। पिच से भी स्पिनरों को मदद मिल रही है और ऐसे में दोनों टीमों के धीमी गति के गेंदबाजों की भूमिका अहम हो जाएगी।

संभावित प्लेइंग 11

पाकिस्तान – फखर जमान, इमाम-उल-हक, बाबर आजम (कप्तान), मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), इफ्तिखार अहमद, आगा सलमान, शादाब खान, मोहम्मद नवाज, नसीम शाह, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ

श्रीलंका –पथुम निसांका, दिमुथ करुणारत्ने, कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), सदीरा समरविक्रमा, चैरिथ असलांका, धनंजय डी सिल्वा, दासुन शनाका (कप्तान), डुनिथ वेललागे, महीश थीक्षाना, लाहिरू कुमारा, कसुन राजिथा/मथीशा पथिराना

समय – दोपहर 3 तीन बजे।

कोहली-रोहित के विकेट लेने वाले डुनिथ वेलालगे बोले, 'मैं बहुत खुश हूं'

कोलंबो (एजेंसी)। एशिया कप सुपर चार के मैच में भारत के शीर्ष क्रम को झकझोरने वाले श्रीलंका के बाएं हाथ के स्पिनर डुनिथ वेलालगे ने कहा कि उन्हें विराट कोहली और रोहित शर्मा के बड़े विकेट लेकर बहुत खुशी मिली। वेलालगे ने 40 रन देकर पांच विकेट लिए जिससे श्रीलंका ने भारत को 213 रन पर समेट दिया था। भारत ने हालांकि श्रीलंका को 172 रन पर आउट करके 41 रन से जीत दर्ज की और एशिया कप के फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

वेलालगे ने कोहली और रोहित के अलावा हार्दिक पंड्या, शुभमन गिल और केएल राहुल के विकेट लिए। वेलालगे ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, 'मेरे लिए विराट कोहली नंबर एक बल्लेबाज हैं। मैं बहुत खुश हूं कि मैंने उन दोनों (कोहली और रोहित) के बड़े विकेट लिए। मैंने अपने 'बेसिक्स' और खुद पर भरोसा रखा।

इस 20 वर्षीय गेंदबाज ने कहा कि उन्होंने भारत के अनुभवी बल्लेबाजों के सामने 'विकेट टू विकेट' गेंदबाजी करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा, 'भारत ने बहुत अच्छी शुरुआत की थी और उसके बल्लेबाज क्रीज पर पांव जमा चुके थे। मैंने केवल विकेट टू विकेट गेंदबाजी करने पर ध्यान दिया। हमने तीन ओवरों में तीन विकेट हासिल करके भारत को दबाव में ला दिया था।

वेलालगे ने बाद में बल्लेबाजी में भी प्रभाव छोड़ा तथा 46 गेंद पर 42 रन बनाए। उन्होंने धनंजय डिसिल्वा के साथ सातवें विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी करके श्रीलंका की उम्मीद जगा दी थी। उन्होंने कहा, 'मैंने केवल उनका साथ देने का प्रयास किया। हम किसी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहते थे। हमारी रणनीति भारत के स्कोर के करीब पहुंचना था।

श्रीलंका को अब गुरुवार को पाकिस्तान का सामना करना है जिसमें जीत दर्ज करने वाली टीम 17 सितंबर को होने वाले फाइनल में भारत से भिड़ेगी। वेलालगे को उम्मीद है कि उनकी टीम फाइनल में जगह बनाने में सफल रहेगी। उन्होंने कहा, 'हमने अभी तक जो चार मैच खेले हैं उनमें से तीन में जीत दर्ज की है। अच्छी बात यह है कि हमें अभी एक और मैच खेलना है। हमारे पास फाइनल में जगह बनाने का एक और मौका है और उम्मीद है कि हम इस मैच में जीत दर्ज करने में सफल रहेंगे।

एशियन जूनियर शतरंज

आयुष समेत पाँच भारतीय ख़िताबी दौड़ में

जमशेदपुर (एजेंसी)। भारत में चल रही एशियन जूनियर शतरंज चैंपियनशिप में 7 एशियाई देशो के 58 खिलाड़ी भाग ले रहे है और 9 राउंड के इस टूर्नामेंट में अब तक छह राउंड खेले जा चुके है जिसके बाद भारत के आयुष शर्मा , श्रीहरी एलआर, रोहित कृष्णा , अस्वथ आर और ऋत्विक कृष्णा 4.5 अंको के साथ सयुंक्त दूसरे स्थान पर चल रहे है साथ ही ख़िताबी दौड़ में शामिल है । 5 अंको के साथ फीडे के आलेक्सी ग्रेबनेव सबसे आगे चल रहे है उन्होने छठे राउंड में भारत के मनीष अंटो को पराजित किया और अब अगले राउंड में उनका सामना भारत के आयुष शर्मा से होगा जिन्होने छठे राउंड में श्रीलंका के दिलशान लियांगे को पराजित किया । छठे राउंड के अन्य प्रमुख परिणामों में भारत के अस्वथ आर नें हमवतन कुशाग्र मोहन को ,इन्डोनेशिया के तरिगान गिल्बर्ट नें भारत के हर्षवर्धन जीबी को और भारत के ऋत्विक कृष्णन नें हमवतन हरी माधवन को मात दी ।

वनडे में सबसे तेज 150 विकेट लेने वाले भारतीय स्पिनर बने कुलदीप यादव

कोलंबो (एजेंसी)। अपनी कातिलाना गेंदबाजी की बदौलत भारत को आसानी से एशिया कप 2023 के फाइनल में पहुंचने में मदद करने वाले कुलदीप यादव एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में सबसे तेज गति से 150 एकदिवसीय विकेट के आंकड़े को छूने वाले भारतीय स्पिनर बन गए हैं। चाइनामैन गेंदबाज ने मंगलवार को एशिया कप के सुपर फोर मुक़ाबले में श्रीलंका के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की। मैच में कुलदीप ने 9.3 ओवर में 4.52 की इकोनॉमी रेट से 43 रन देकर चार विकेट लिए। उन्होंने मध्यक्रम के बल्लेबाज सदीरा समरविक्रमा और चैरिथ असलांका के महत्वपूर्ण विकेट लिए। बाद में उन्होंने कासुन राजिथा और मथीशा पथिराना को भी सस्ते में निपटा कर भारत की जीत का मार्ग प्रशस्त कर दिया। अब तक 88 एकदिवसीय मैचों में कुलदीप के नाम 25.64 की औसत से 150 विकेट हैं जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 6/25 है। उन्होंने एकदिवसीय में भारत के लिए सात बार चार विकेट और दो बार पांच विकेट लिए हैं। वह तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के बाद इस आंकड़े तक पहुंचने वाले दूसरे सबसे तेज भारतीय हैं, जिन्होंने 80 मैचों में 150 विकेट हासिल किए। साथ ही, कुलदीप इस मुकाम को छूने वाले सबसे तेज भारतीय स्पिनर बन गए हैं। कुलदीप 150 एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय विकेट तक पहुंचने वाले चौथे सबसे तेज स्पिनर हैं, उनसे ऊपर श्रीलंका के अजंता मेंडिस (84 मैच), राशिद खान (80 मैच) और सकलैन मुश्ताक (78 मैच) हैं। चार मैचों में नौ विकेट के साथ कुलदीप मौजूदा टूर्नामेंट में अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने मौजूदा टूर्नामेंट में सोमवार को पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ भी पांच विकेट लिए थे।

एशियाई खेलों के लिए नहीं जाएंगे तिलक वर्मा ! विश्व कप टीम में शामिल होने के चांस बढ़े

नईदिल्ली (एजेंसी)। टीम इंडिया के उभरते सितारे तिलक वर्मा अब एशियाई खेलों के लिए चीन नहीं जाएंगे। खेलों के लिए ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी में टीम बनी थी जिसमें तिलक वर्मा का भी नाम था। लेकिन चीन रवाना होने से पहले ही तिलक वर्मा का रोक लिया गया है। हालिया घटनाक्रम से संकेत मिलता है कि वह आगामी विश्व कप में रिजर्व खिलाड़ी के रूप में शामिल हो सकते हैं। यह निर्णय श्रेयस अय्यर को कवर प्रदान करने के लिए एक रणनीतिक कदम के रूप में लिया गया है। अय्यर लगातार पीठ की समस्या से जूझ रहे हैं। विश्व कप 2023 टीम की घोषणा में शामिल नहीं होने के बावजूद, संजू सैमसन, प्रसिद्ध कृष्णा और युजवेंद्र चहल जैसे खिलाड़ी भी रिजर्व के रूप में दावेदार हैं। तिलक शुरूआत में विश्व कप 2023 टीम का हिस्सा नहीं थे, लेकिन उनके लिए परिस्थितियां अचानक बदली हैं। वेस्टइंडीज में अपने पदार्पण के बाद से तिलक वर्मा के प्रदर्शन ने ध्यान और प्रशंसा अर्जित की है। केवल सात मैचों में उन्होंने एक अर्धशतक बनाया और 138.09 की स्ट्राइक रेट के साथ रन बनाए थे।बता दें कि 3 अक्टूबर से एशियाई खेल 2023 होने हैं। भारतीय टीम क्वार्टर फाइनल में भाग लेने के लिए तैयारी कर रही है। क्वार्टर फाइनल में जीत उन्हें 5 अक्टूबर को सेमीफाइनल में पहुंचाएगी और 7 अक्टूबर को संभावित स्वर्ण पदक मैच होगा। वहीं, विश्व कप 2023 की बात करें तो टीम इंडिया का पहला मुकाबला 8 अक्टूबर को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होना है। यदि तिलक वर्मा को एशियाई खेलों के लिए चुना जाता है, तो वह विश्व कप के महत्वपूर्ण उद्घाटन मैच में भाग नहीं ले पाएंगे।

डच सांसद को धमकी देने वाले पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर खालिद लतीफ को हुई 12 साल की सजा

करांची (एजेंसी)। पाकिस्तान क्रिकेटर दुनिया में कहीं भी हो, किन्हीं कारणों के चलते हमेशा चर्चा में रहते हैं। इस बार पाकिस्तान का पूर्व क्रिकेटर चर्चा में आया है जिसने डच सांसद को जान से मारने की धमकी दे डाली थी। इस केस में पाक क्रिकेटर खालिद लतीफ के विरोध में फैसला आया है। कोर्ट ने उन्हें धमकाने के लिए 12 साल जेल की सजा सुनाई है। उन पर डच नेता गीर्ट वाइल्डर्स के खिलाफ हिंसा भड़काने का मामला दर्ज किया गया था। फैसला एक डच अदालत ने सुनाया है। लतीफ अभी पाकिस्तान में रहता है और वह मुकदमे में शामिल नहीं हुआ।

अदालत ने लतीफ के कार्यों को नीदरलैंड के एक राजनेता गीर्ट वाइल्डर्स के खिलाफ हत्या, राजद्रोह और धमकी के लिए उकसाना माना। 2018 में लतीफ ने वाइल्डर्स की हत्या के लिए इनाम की पेशकश करते हुए एक वीडियो पोस्ट किया था। यह वीडियो वाइल्डर्स द्वारा मुस्लिम पैगंबर मुहम्मद के व्यंग्यचित्रों को दर्शाने वाली एक कार्टून प्रतियोगिता की घोषणा के बाद सामने आया, जिसे बाद में रद्द कर दिया गया।

बता दें कि 37 साल के खालिद लतीफ को स्पॉट फिक्सिंग घोटाले में शामिल होने के कारण 2017 में क्रिकेट से 5 साल का प्रतिबंधित कर दिया गया था। लतीफ ने 2010 की एशियाई खेलों के दौरान पाकिस्तानी क्रिकेट टीम का नेतृत्व भी किया था।

श्रीलंका के खिलाफ मैच के बाद बोले केएल राहुल

मैं इन दोनों भूमिकाओं के लिए तैयार था

कोलंबो (एजेंसी)। चोट से उबरने के बाद वापसी करने वाले केएल राहुल ने कहा कि उन्हें भारतीय टीम के अंतिम एकादश में जगह मिलने की उम्मीद थी तथा वह बल्लेबाज और विकेटकीपर की भूमिकाओं को निभाने के लिए पूरी तरह से तैयार थे। राहुल ने एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ सुपर चार के मैच में वापसी की और नाबाद 111 रन बनाए। यह मार्च के बाद भारत की तरफ से उनका पहला मैच था। इसके बाद उन्होंने विकेटकीपर का जिम्मा भी संभाला। श्रीलंका के खिलाफ अगले मैच में भी उन्होंने दोनों भूमिकाएं बखूबी निभाई।

राहुल ने भारत की श्रीलंका के खिलाफ 41 रन की जीत के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'मैं पिछले दो मैचों में अपने प्रदर्शन से खुश हूं। शुरू में मैं थोड़ा नर्वस था लेकिन कुछ गेंदों का सामना करने के बाद मैं अच्छा महसूस करने लगा था।ज राहुल ने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैबिलिटेशन के दौरान कड़ी मेहनत की थी जिससे उन्हें सफल वापसी करने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा, 'मैं सोच रहा था कि मुझे अंतिम एकादश में जगह मिल जाएगी और मैंने उसी तरह से तैयारी की थी। मुझे पूरा विश्वास था कि मैं टीम की तरफ से अपनी भूमिकाओं को अच्छी तरह से निभा सकता हूं।ज इस 31 वर्षीय खिलाड़ी को टीम प्रबंधन ने स्पष्ट तौर पर बता दिया था कि उन्हें मध्यक्रम के बल्लेबाज के साथ ही विकेटकीपर की भूमिका भी निभानी होगी। राहुल ने कहा, 'टीम प्रबंधन ने मुझे मेरी भूमिकाओं के बारे में बता दिया था कि मुझे मध्यक्रम में बल्लेबाजी करनी होगी और विकेटकीपर की भूमिका भी निभानी होगी।

राहुल ने कहा कि टीम प्रबंधन के स्पष्ट संदेश के बाद उन्होंने एनसीए में विकेटकीपिंग का भी पर्याप्त अभ्यास किया था। उन्होंने कहा, 'मैं पिछले दो वर्षों से विकेटकीपर की भूमिका निभा रहा हूं। इसलिए मेरे लिए यह नई चीज नहीं है। मैंने 2019 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विकेटकीपिंग शुरू की थी जब ऋषभ पंत चोटिल हो गए थे। एनसीए में कोच के साथ मैंने अपनी विकेटकीपिंग पर भी काम किया था। उम्मीद है कि मैं अपनी दोनों भूमिकाओं को अच्छी तरह से निभाता रहूंगा।

राहुल ने इस साल वनडे में भारत की तरफ से सर्वाधिक विकेट लेने वाले कुलदीप यादव की प्रशंसा भी की जिन्होंने अपनी तकनीक में कुछ बदलाव के बाद बेहतर गेंदबाज के रूप में वापसी की है। राहुल ने कहा, 'मैं वास्तव में उसकी गेंदबाजी का पूरा आनंद ले रहा हूं। उसने अपनी गेंदबाजी में कुछ बदलाव किए हैं जिससे उसको अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। हम खेल के बीच में बल्लेबाज को आउट करने की रणनीति को लेकर बात करते रहते हैं। पिछले दोनों मैचों में उसकी लय भी शानदार थी।

एशिया कप में सबसे सफल गेंदबाज बने रवींद्र जडेजा, इरफान पठान को पछाड़ा

कोलंबो (श्रीलंका) (एजेंसी)। भारतीय स्पिनर रवींद्र जडेजा वनडे प्रारूप में एशिया कप में भारत के लिए अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। मंगलवार को आर प्रेमदासा स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ सुपर फोर स्टेज मैच में जडेजा इस मुकाम पर पहुंचे। उन्होंने मैच में 33 रन देकर दो विकेट लिए। भारतीय बाएं हाथ के स्पिनर ने 18 पारियों में 24 विकेट लिए हैं।

जडेजा ने इस मामले में इरफान पठान को पछाड़ दिया है जिन्होंने 12 पारियों में 22 विकेट लिए हैं। वहीं 9 पारियों में 19 विकेट के साथ कुलदीप यादव भी दौड़ में हैं। जडेजा कुल मिलाकर एशिया कप में पांचवें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। मुथैया मुरलीधरन 24 पारियों में 30 विकेट के साथ चार्ट में सबसे आगे हैं।

भारत के गेंदबाजी आक्रमण ने मिलकर श्रीलंका के 13 एकदिवसीय मैचों की अजेय श्रृंखला को समाप्त कर दिया और एक मैच शेष रहते एशिया कप 2023 के फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। मंगलवार को आर प्रेमदासा स्टेडियम में मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका 172 रन पर ढेर हो गई। जहां दोनों ओर से स्पिनरों ने खेल पर अपना दबदबा बनाया, वहीं तेज गेंदबाजों ने भी सह-मेजबानों पर भारत की 41 रनों की जीत में भूमिका निभाई।

इससे पहले खेल में जुझारू डुनिथ वेलालेज और चैरिथ असलांका ने भारत के शीर्ष क्रम में सेंध लगाकर श्रीलंका को मेन इन ब्लू को 213 रन पर समेटने में मदद की। यंगस्टर वेललेज ने एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की क्योंकि उन्होंने अपना पहला 5 विकेट हासिल किया और अकेले ही मजबूत भारतीय बल्लेबाजी लाइनअप को ध्वस्त कर दिया जिसमें रोहित शर्मा, शुबमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल और हार्दिक पंड्या जैसे शीर्ष बल्लेबाजों के विकेट शामिल थे।

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में महिला हॉकी टीम का पहला मैच थाईलैंड से, 27 अक्टूबर को होगा मुकाबला

नई दिल्ली

भारतीय महिला हॉकी टीम एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में अपने अभियान की शुरुआत 27 अक्तूबर को थाईलैंड के खिलाफ करेगी। हॉकी इंडिया ने मंगलवार को इस प्रतियोगिता के कार्यक्रम की घोषणा की। इसके अनुसार टूर्नामेंट की शुरुआत मलयेशिया और जापान के बीच होने वाले मैच से होगी जबकि भारत का सामना पहले दिन ही थाईलैंड से होगा। यह दिन का तीसरा मैच होगा।

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में दक्षिण कोरिया, मलयेशिया, थाईलैंड, जापान, चीन और भारत की टीमें भाग लेंगी। यह प्रतियोगिता पांच नवंबर तक चलेगी। भारतीय टीम अभी अच्छी फॉर्म में है। उसने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीता था जबकि पिछले साल स्पेन में एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप में खिताब हासिल किया था। भारत ने 2016 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी जबकि 2018 में वह उप विजेता रहा था।

रोहित ने कहा लक्ष्य बचाना आसान नहीं था

हार्दिक और कुलदीप की गेंदबाजी की सराहना की

कोलंबो (एजेंसी)। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मंगलवार को एशिया कप सुपर फोर मुकाबले में श्रीलंका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के लिए ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या की सराहना की। रोहित शर्मा ने उपकप्तान हार्दिक पंड्या के गेंदबाजी की तारीफ की है। पांच ओवर में 14 रन देकर उन्होंने एक विकेट लिया। रोहित ने हार्दिक की गेंदबाजी को लेकर कहा, 'हार्दिक ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी गेंदबाजी पर कड़ी मेहनत की है। यह रातोंरात नहीं होता और यह देखना सुखद है। ऐसा लग रहा था जैसे वह हर गेंद पर विकेट ले रहे हों। लक्ष्य बचाना आसान नहीं था क्योंकि अंत में पिच आसान हो गई। हमें एक लाइन पकड़कर बॉलिंग की। मुझे लगता है कि हमने काफी अच्छा प्रदर्शन किया।

हार्दिक पंडया ने अपनी गेंदबाज़ी से महीश तीक्ष्णा (2) का विकेट चटकाया जिनका शानदार कैच मिड आन पर स्थानापन्न खिलाड़ी सूर्यकुमार यादव ने डाइव लगाते हुए लिया। हार्दिक के साथ-साथ कुलदीप ने एक बार फिर चार विकेट लेकर सुर्खियां बटोरीं और वह मोहम्मद शमी के बाद दूसरे सबसे तेज 150 वनडे विकेट लेने वाले खिलाड़ी बन गए।

रोहित ने कुलदीप की सराहना करते हुए कहा, 'कुलदीप पिछले एक साल से काफी अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। उन्होंने अपनी लय पर काफी मेहनत की है। इस जीत के साथ, भारत ने मेजबान श्रीलंका को 41 रनों से हरा कर शानदार ढंग में फाइनल में प्रवेश कर लिया है। भारत शुक्रवार को बंगलादेश के खिलाफ एक और मैच खेलेगा।

संक्षिप्त समाचार

अचानक टला शाह का दौरा, दंतेवाड़ा से परिवर्तन यात्रा का श्रीगणेश, बघेल सरकार पर रमन का तीखा वार

दंतेवाड़ा , एजेंसी। भाजपा ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले से अपनी परिवर्तन यात्रा की शुरुआत की। यह यात्रा बस्तर होते हुए राज्य के सभी जिलों से होकर गुजरेगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस यात्रा को हरी झंडी दिखाने वाले थे, लेकिन कुछ वजहों से आखिरी समय में उनकी यात्रा रद्द कर दी गई। अमित शाह की गैर मौजूदगी में भाजपा के राज्य प्रभारी ओम माथुर ने दंतेवाड़ा शहर के प्रसिद्ध मां दंतेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद यात्रा को हरी झंडी दिखाई। परिवर्तन यात्रा रथ में पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, नारायण चंदेल सवार थे। परिवर्तन यात्रा दंतेवाड़ा जिले से जगदलपुर पहुंचेगी। सनद रहे साल 2013 के चुनाव में कांग्रेस ने परिवर्तन यात्रा निकाली थी लेकिन जीत नहीं पाई थी। हालांकि इसका लाभ उसे 2018 में मिला। दंतेवाड़ा से शुरू हुई इस यात्रा का समापन बिलासपुर में होगा। विपक्षी दल भाजपा ने सूबे में दो परिवर्तन यात्राओं की योजना बनाई है। अगली यात्रा को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा 15 सितंबर को जशपुर में हरी झंडी दिखाएंगे। दोनों यात्राओं में भाजपा की ओर से कुल 84 सार्वजनिक बैठकें और 85 स्वागत सभाएं और सात रोड शो आयोजित किए जाएंगे। दोनों यात्राएं कुल 87 विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेंगी। इन यात्राओं के तहत कुल 2,989 किलोमीटर का सफर तय किया जाएगा। बाद में ये यात्राएं बिलासपुर में समाप्त होंगी। राज्यसभा सांसद सरोज पांडे ने कहा जैसा कि नाम से स्पष्ट है, सूबे को कांग्रेस पार्टी और भूपेश बघेल सरकार से बदलाव की जरूरत है। इस सरकार ने मतदाताओं से किए गए लगभग 36 वादे पूरे नहीं किए है। इस मौके पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व सीएम रमन सिंह ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि बघेल सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है और राज्य के लोगों को लूट रही है। भूपेश बघेल सरकार ने अपने पांच साल के शासनकाल में भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं किया है। ये हम नहीं कह रहे वरन प्रवर्तन निदेशालय की जांच में खुलासा हुआ है। इस सरकार ने चावल, कोयला, शराब, डीएमएफ, गौठान आदि में घोटाला किया है।

विहिप ने विपक्षी गठबंधन से सनातन पर अपना एजेंडा स्पष्ट करने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी। विश्व हिंदू परिषद ने विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन की बैठक से पहले विपक्षी दलों की बैठक को हिंदू द्रोहियों की जमातों का जमावड़ा बताते हुए मांग की है कि इन दलों को सामूहिक रूप से यह स्पष्ट करना चाहिए कि आखिर सनातन धर्म को लेकर इनका एजेंडा क्या है? क्या ये सभी मिलकर वाकई सनातन को नेस्तनाबूद करने में जुट गए हैं? विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने एक्स (पहले ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा, कुछ हिंदू द्रोहियों की जमातों का आज दिल्ली में जमावड़ा है। उन्हें अब सामूहिक रूप से स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वे सभी मिलकर वाकई सनातन को नेस्तनाबूद करने में जुट गए हैं!! यदि नहीं, तो जो ऐसी मानसिकता रखते हैं, उन्हें क्या वे अपना मित्र बनाए रखने में स्वयं को गौरवान्वित समझते हैं!

हिमाचल में बाढ़ प्रभावित परिवारों से मिलीं प्रियंका गांधी

शिमला, एजेंसी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी आज हिमाचल प्रदेश के दौरे पर पहुंची हैं। प्रियंका ने हिमाचल में पिछली महीने बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित लोगों से मुलाकात की। कांग्रेस महासचिव ने मुलाकात के बाद मीडिया से बात करते हुए केंद्र सरकार से हिमाचल त्रासदी को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की अपील की है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, स्थिति बहुत दर्दनाक है, बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। लोग पीड़ित हैं। हम अनुरोध कर रहे हैं कि अगर केंद्र सरकार इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित कर दे तो ये स्थानीय लोगों लिए फायदेमंद होगा। इनका जीवन फिर से पटरी पर लौट आएगा। राज्य सरकार वह सब कुछ कर रही है जो वह कर सकती है लेकिन कुछ चीजें केवल केंद्र सरकार की मदद से ही की जा सकती हैं। मुझे यकीन है कि वे मदद करेंगे। मुझे नहीं लगता कि ऐसी आपदा पर कोई पॉलिटिक्स करना करना चाहता है। प्रियंका गांधी ने हिमाचल जलप्रलय के बारे में कहा कि हालात बेहद ही दयनीय हैं। लोगों का जीवन बेपटरी हो गया है। सोशल मीडिया पर फोटो और वीडियो में जो कुछ दिख रहा था उससे भी गंभीर स्थिति है। राज्य सरकार पुनर्वास कार्यक्रम चला रही है। लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। प्रियंका आज सुबह कुल्लू के भुंतर हवाई अड्डे पहुंची। अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने स्थानीय महिलाओं से फूल लिए और कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय उत्पादकों से सेब उत्पादन, परिवहन और बक्सों की दरों को लेकर चर्चा की। कांग्रेस नेता ने हाल हीं में आरोप लगाया था कि अडाणी समूह की खरीद मूल्य जारी करने के बाद हिमाचल प्रदेश में सेब की पेटियां एक तिहाई दरों पर बेची जा रही हैं। उन्होंने सवाल उठाया था कि प्रधानमंत्री उनके लिए कुछ क्यों नहीं कर रहे हैं?

संसद के विशेष सत्र से पहले नए संसद भवन पर फहराया जाएगा तिरंगा !

नई दिल्ली, एजेंसी। अमृत काल को लेकर मोदी सरकार द्वारा बुलाए गए संसद के विशेष सत्र से एक दिन पहले नए संसद भवन पर देश का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेंगे। सरकार ने 18 से 22 सितंबर के दौरान संसद का यह विशेष सत्र बुलाया है। इससे एक दिन पहले 17 सितंबर को नए संसद भवन पर तिरंगा फहराए जाने की तैयारी की जा रही है। आपको बता दें कि, 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा का भी दिन है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भी है। बताया जा रहा है कि 17 सितंबर को उपराष्ट्रपति एवं राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ एवं लोक सभा स्पीकर ओम बिरला संसद के नए भवन के गजद्वार पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराएंगे। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेंगे। आपको बता दें कि अमृत काल को लेकर सरकार द्वारा बुलाए गए संसद के विशेष सत्र के पहले दिन 18 सितंबर को संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही संसद के पुराने भवन में उसी तरह से शुरू होगी जैसे कि पहले हुआ करती थी और विशेष सत्र के दूसरे दिन यानी 19 सितंबर से दोनों सदनों की कार्यवाही नए भवन में हो सकती है। बताया जा रहा है कि विशेष सत्र के दूसरे दिन 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी के अवसर पर पूजा करने के बाद नए संसद भवन में कामकाज शुरू हो जाएगा।

पुतिन कर रहे थे किम जोंग का गर्मजोशी से स्वागत, उधर यूक्रेन ने कर दिया मिसाइल अटैक

मास्को, एजेंसी। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने देश के सुदूरवर्ती पूर्वी अमूर क्षेत्र में स्थित वोस्तोचनी कॉस्मोड्रोम में उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन से बुधवार को मुलाकात की। यह मुलाकात दर्शाती है कि अमेरिका के साथ जारी टकराव के बीच दोनों नेताओं के हित कैसे एक हो रहे हैं। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती ने बिना कोई विस्तृत जानकारी दिए बताया कि किम उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग से अत्याधुनिक सुविधाओं और भारी हथियारों से लैस ट्रेन से लाई गई लिमोजीन के जरिये वोस्तोचनी कॉस्मोड्रोम पहुंचे। एजेंसी के मुताबिक, कॉस्मोड्रोम में मौजूद पुतिन ने उत्तर कोरियाई नेता का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उनसे हाथ मिलाया और कहा कि उन्हें किम को देखकर बहुत खुशी हो रही है। रूस की सरकारी मीडिया ने बताया कि किम ने व्यस्तता के बावजूद उन्हें रूस आने का निमंत्रण देने के लिए पुतिन का आभार जताया। सरकारी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, दोनों नेता कॉस्मोड्रोम का निरीक्षण करने के बाद बातचीत शुरू करेंगे। दोनों नेताओं की बैठक से कुछ देर पहले उत्तर कोरिया ने समुद्र में दो बैलिस्टिक मिसाइल दागी हैं। उधर, यूक्रेन ने भी रूस के कब्जे वाले क्रीमिया के सेवस्तोपोल में एक नौसैनिक शिपयार्ड पर मिसाइल अटैक कर दिया। इस हवाई हमले में कम से कम 24 रूसी नौसैनिक घायल हो गए हैं। शिपयार्ड में बड़े पैमाने पर आग लग गई। इससे पूरा आसमान धुआं-धुआं हो गया।

त्योहार का मजा किरकिरा; केजरीवाल सरकार के पटाखा बैन वाले फैसले पर व्यापारी नाराज

नईदिल्ली , एजेंसी। दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार ने पर्व-त्योहारों से ठीक पहले पटाखों पर प्रतिबंध लगा दिया है। लेकिन केजरीवाल सरकार के इस फैसले से पटाखों के व्यापारी खुश नजर नहीं आ रहे हैं। उनका कहना है कि इसकी वजह से उन्हें हर साल नुकसान उठाना पड़ रहा है। जामा मस्जिद, पहाड़गंज और चांदनी चौक जैसे इलाकों के पटाखा व्यवसाई इस बात को लेकर चिंतित हैं कि इस फैसले से उन्हें व्यापार में नुकसान होगा। इस व्यापारियों के स्टाफ भी इस बात को लेकर परेशान हैं कि अब उन्हें वार्षिक बोनस भी नहीं मिल सकेगा।

ठंड के महीनों में प्रदूषण का स्तर बढ़ने को लेकर चिंतित दिल्ली सरकार ने पटाखों पर बैन का निर्णय लिया है। सोमवार को केजरीवाल कैबिनेट में पर्यावरण मंत्री गोपी राय ने पटाखों के निर्माण, बिक्री, संचय और इसे फोड़ने पर पाबंदी का ऐलान किया था। जामा मस्जिद मार्केट में पिछले 40 साल से पटाखे की दुकाने के मालिक राम दास ने कहा कि पिछले पांच सालों के दौरान इन प्रतिबंधों का उनके जीवन पर खासा असर पड़ा है और आजीविका प्रभावित हुई है।

न्यूज एजेंसी पीटीआई से बातचीत में राम दास ने कहा कि भारतीय सरकार को देश में पटाखों के निर्माण पर पूर्ण तरीके से प्रतिबंध का ऐलान करना चाहिए ताकि हम किसी अन्य व्यापार की तरफ रूक कर सकें। इससे हम हर साल होने वाले नुकसान से बच सकेंगे। बता दें कि दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में पटाखों पर जो बैन लगाया है उसमें पटाखों की ऑनलाइन बिक्री पर बैन भी शामिल है। दिल्ली पलूशन कंट्रोल कमेटी ने साल 2021 और 2022 में पटाखा जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया था। व्यापारी ने कहा कि इस साल भी इस तरह का प्रतिबंध लागू है। पहाड़गंज के एक वेंडर तरूण सहगल ने कहा कि पटाखों पर बैन से ना सिर्फ उनके जीने के साधनों पर असर पड़ा है बल्कि इससे त्योहारों का मूड भी खराब होता है। उन्होंने न्यूज एजेंसी से बातचीत में कहा, मेरे पास छह से सात ऐसे कर्मचारी हैं जिनके पास अपने बच्चों की फीस देने तक के पैसे नहीं है।

केंद्र सरकार ने पिछले एक साल में गैर-लौह स्क्रैप की बिक्री से कुल मिलाकर, 511.3 करोड़ रुपये कमाए

नईदिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार ने गैर लौह स्क्रैप के निपटान के लिए 15 सितंबर से तीसरा विशेष अभियान शुरू करने का निर्देश सभी सरकारी विभागों और लोक उपक्रमों को दिया है। स्वच्छता अभियान को बल और लंबित मुकदमों के भार को कम करने के मकसद से शुरू किए गए इस तीसरे अभियान से सरकार ने 400 करोड़ रुपये की कमाई का लक्ष्य रखा है। इसके अलावा कबाड़ निपटान से सरकारी महकमों के कार्यालयों और परिसरों में जगह खाली कराया जा सकेगा। एक शीर्ष अधिकारी के मुताबिक,लक्ष्य के अनुसार इस बार स्क्रैप के निपटान से अर्जित होने वाली राशि पिछले वर्ष के विशेष अभियान 2.0 के दौरान जुटाई गई राशि 370.10 करोड़ रुपये से अधिक है। उन्होंने इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि मंगलवार को आयोजित नोडल अधिकारियों की बैठक के दौरान सार्वजनिक उपक्रमों, बैंकों समेत सभी मंत्रालयों और अन्य निकायों को 400 करोड़ रुपये के राजस्व लक्ष्य से अवगत करा दिया गया है। इसी तरह के दो विशेष अभियानों के तहत केंद्र सरकार ने पिछले एक साल में गैर-लौह स्क्रैप की बिक्री से कुल मिलाकर, 511.3 करोड़ रुपये कमाए हैं। यानी तीसरे अभियान तक केंद्र सरकार कुल 900 करोड़ से ज्यादा की कमाई स्क्रैप निपटान से कर लेगी।

तीसरे विशेष अभियान में 400 करोड़ रुपये की कमाई का लक्ष्य हासिल करने के अलावा सरकारी दफ्तरों में 100 लाख वर्ग फुट की जगह खाली कराने का भी लक्ष्य रखा गया है, जो स्क्रैप की वजह से उपयोग में नहीं है। इससे पहले दूसरे विशेष अभियान में 90 लाख वर्ग फुट जगह मुक्त करायी गई थी।

बॉलीवुड एक्ट्रेस अलीशा खान की मां की करतूत, धोखाधड़ी से बेची सेना की जमीन

नईदिल्ली , एजेंसी। फर्जीवाड़ा करके सेना की जमीन बेचने के मामले में सिहानी गेट पुलिस ने बॉलीवुड अभिनेत्री अलीशा खान की मां परवीन बेगम को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला गाजीउद्दीन की वंशज है। गाजीउद्दीन को ही गाजियाबाद को बसाने वाला माना जाता है। महिला के खाते में जमीन की खरीद-फरोख्त के 47 लाख रुपये आए थे। इस मामले में यह दूसरी गिरफ्तारी है, जबकि फर्जीवाड़े में शामिल रहे कई आरोपी अभी फरार हैं।

कार्यवाहक एसीपी नंदग्राम रितेश त्रिपाठी ने बताया कि उप निबंधक पंचम गाजियाबाद नवीन राय ने 28 जून को थाना सिहानी गेट में मजीद उर्फ समीर मलिक निवासी हबीब कॉलोनी जस्सीपुरा, ओमपाल निवासी प्रताप विहार व नीरज गर्ग निवासी राजनगर के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच-पड़ताल के बाद पुलिस ने मजीद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मजीद से की गई पूछताछ और साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मंगलवार को फिरदौस बिल्डिंग रमतेराम रोड निवासी परवीन बेगम को गिरफ्तार किया है। परवीन बेगम कई फिल्मों में अभिनय कर चुकी बॉलीवुड अभिनेत्री अलीशा खान की मां है। एसीपी का कहना है कि विजय नगर थानाक्षेत्र के मिर्जापुर गांव में खसरा नंबर-529 की भूमि है। संबंधित भूमि पर वर्तमान में सघन आबादी बसी है। इस भूमि के पास सैन्य भूमि खाली पड़ी है। आरोपी मजीद ने खसरा नंबर-529 की 18 हजार 710 वर्ग मीटर भूमि लगभग 10.50 करोड़ रुपए में समीर मलिक को बेची थी। समीर के पक्ष में विगत 17 अगस्त 2022 में रजिस्ट्री की गई थी। बैनामे में भूमि को खाली दिखाया गया था। बैनामे के समय सैन्य भूमि का मानचित्र पेश किया गया था, जबकि खसरा नंबर-529 पर भूमि खाली नहीं है। इस प्रकार धोखाधड़ी कर सेना की 23 करोड़ रुपए से ज्यादा की भूमि को बेचा गया था। जिसमें ओमपाल और नीरज गर्ग गवाह बने थे। एसीपी का कहना है कि परवीन बेगम ने जमीन अपने नाम कराने के लिए वर्ष 2016 और 2019 में एसडीएम के नाम प्रार्थना-पत्र दिए थे। खसरा नंबर-529 के अभिलेख परवीन खान के पास थे, जिसमें यह भूमि वर्ष 1931 में इस्लामिया वक्फ बोर्ड की दर्शाई गई थी। जिसके चलते इस जमीन का विक्रय करना संभव नहीं था। योजना के तहत परवीन बेगम ने मजीद को अपने साथ मिलाकर जमीन का पट्टा फर्जी तरीके से मजीद के नाम कर दिया था।

बुंदेलखंड में नोएडा के तर्ज पर एक नई टाउनशिप ही बसाई जाएगी

लखनउ, एजेंसी। कभी यूपी और देश के पिछड़े हिस्सों में शुमार रहे बुंदेलखंड में औद्योगिक विकास की बयार बहाने की तैयारी योगी आदित्यनाथ सरकार ने कर ली है। मंगलवार को कैबिनेट मीटिंग में बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण के गठन को मंजूरी दी गई। यूपी सरकार के सूत्रों का कहना है कि नोएडा के तर्ज पर एक नई टाउनशिप ही बसाई जाएगी। इसके तहत कुल 33 गांवों की 35 हजार एकड़ जमीन का अधिग्रहण होगा। यूपी के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि इसके पहले चरण की शुरुआत झांसी के 33 गांवों की जमीन पर टाउनशिप बसाने से होगी। उन्होंने कहा, यह फैसला लिया गया है कि नोएडा जैसी औद्योगिक टाउनशिप बुंदेलखंड में बसाई जाए। नोएडा का गठन 1976 में हुआ था। कुल 6,312 करोड़ रुपये खर्च करके जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा और अगले वित्त वर्ष में इसके लिए 5000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। इसके बाद शेष राशि भी जल्द जारी होगी। इसके अलावा 5000 करोड़ रुपये की रकम लोन के तौर पर जारी की जाएगी। यह रकम चीफ मिनिस्टर इंडस्ट्रियल एरिया एक्सपैंशन और न्यू इंडस्ट्रियल एरिया प्रमोशन स्कीम के तहत दिया जाएगा।

योगी के मंत्री ने कहा कि यूपी के विकास के लिए यह फैसला हुआ है। इससे हम 1 ट्रिलियल डॉलर की इकॉनमी का लक्ष्य हासिल करने की ओर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार के पास ग्राम सभा की 8000 एकड़ जमीन पहले से ही उपलब्ध है। खन्ना ने पूरा प्लान समझाते हुए कहा, इससे झांसी का बड़े पैमाने पर विकास हो सकेगा। झांसी में एक नया एयरपोर्ट भी बनने वाला है। एक्सप्रेसवे पहले से तैयार हो चुका है। नेशनल हाईवे 27 पर बन रही टाउनशिप को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से भी कनेक्ट किया जाएगा।

चहेतों को भर्ती करने के लिए सरकार के इशारे पर बार-बार बदले जाते हैं नियम : सैलजा

अंबाला, एजेंसी। पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार नहीं चाहती कि प्रदेश में क्लास-वन व टू अफसरों की भर्तियां निष्पक्ष हों। चहेतों को एडजस्ट करने के लिए बार-बार भर्तियां के नियम बदले जाते हैं। जिससे भर्तियां कोर्ट में अटक जाती हैं ऐसे में पढ़े-लिखे युवा अफसर बनने से वंचित रह जाते हैं। नकारा हो चुके हरियाणा लोक सेवा आयोग को तुरंत प्रभाव से भंग कर देना चाहिए।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि कितना बड़ा दुर्भाग्य है कि प्रदेश में क्लास-1 व 2 के 32 प्रतिशत पद खाली पड़े हैं। स्वीकृत पद 68714 में से 21951 खाली पड़े हैं। पिछले साढ़े 6 साल के दौरान सिर्फ 13990 पदों को भरने के लिए विज्ञापन जारी किए गए, लेकिन इनमें से सिर्फ 4376 पदों पर ही भर्ती की जा सकी है। जबकि, एचपीएससी इस अवधि के दौरान 155 करोड़ रुपए खर्च कर चुका है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहाकि एचपीएससी पर कोर्ट के अंदर 473 केस चल रहे हैं, जिनमें से 70 प्रतिशत केस 2018 के बाद की भर्तियों को लेकर हैं। इनमें नॉन एचसीएस से आईएएस, एचसीएस, पीजीटी, एडीओ, डीडीए, एटीपी, वेटरनरी सर्जन, असिस्टेंट प्रोफेसर, असिस्टेंट इंजीनियर, डिप्टी डायरेक्टर हॉर्टिकल्चर समेत अनेक भर्तियां शामिल है। ये भर्तियां विज्ञापन जारी होने के बाद नियम बदलने, पुरानी भर्तियों का पैटर्न बदलने, भर्ती परीक्षा लेने के बाद भी भर्ती नियम में बदलाव करने, प्रश्न पत्र से हिंदी मीडियम हटाने के कारण अटकी हुई हैं।

कुमारी सैलजा ने कहा कि एचपीएससी अपने गलत कारनामों के लिए अरसे से सुर्खियों में बना हुआ है। कभी इनकी भर्तियों को हाई कोर्ट या तो रद्द कर देता है या फिर स्टे कर देता है। कभी बाहरियों को नौकरियां बांटने के मामले सामने आते हैं तो कभी भर्तियों की एवज में नोटों से भरे सूटकेस मिलने पर चर्चाओं में आता है। इसके अलावा भर्ती परीक्षा में प्रश्नों का दोहराव भी सामने आ चुका है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जो आयोग न तो निष्पक्ष भर्ती कर सकता है और न ही खाली पड़े पदों को भर सकता है, तो फिर उसे भंग करने में ही भलाई है। आयोग के चेयरमैन और सदस्यों को अब तुरंत प्रभाव से हटाते हुए नए सिरे से आयोग का गठन करना चाहिए।

हांगकांग में महिला व्लॉगर का खुलेआम यौन शोषण

विक्टोरिया, एजेंसी। हांगकांग में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को एक दक्षिण कोरियाई महिला पर्यटक से छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। महिला शहर में अपनी यात्रा का लाइव-स्ट्रीमिंग कर रही थी। यह हैरान कर देने वाली घटना कैमरे में भी कैद हुई है। महिला के हाथ पर मौजूद कैमरे में दिख रहा है कि शख्स मना करने के बाद भी महिला से लगातार छेड़छाड़ कर रहा है। वह महिला को जबरदस्ती पकड़कर चूमने लगता है। जब महिला चिल्लाई तो वह भाग निकला। वीडियो में महिला काफी परेशान दिख रही है। छेड़छाड़ के दौरान महिला को चोट भी आई।

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, घटना हांगकांग की है। यहां एक दक्षिण कोरियाई महिला पर्यटक सेंट्रल एरिया में एक ट्राम स्टॉप पर इंतजार कर रही थी, तभी एक अजनबी उसके पास आता है और रास्ता पूछने लगा। बातचीत सौहार्दपूर्ण ढंग से शुरू हुई, लेकिन जल्द ही महिला शख्स से परेशान होने लगती है। वह आदमी बार-बार महिला के करीब आने की कोशिश करता है, उसे छूने का प्रयास करता है।

महिला पर्यटक इस दौरान कैमरे से लाइव स्ट्रीमिंग भी कर रही थी। शख्स की हरकत महिला के कैमरे में कैद हुई है। वीडियो में दिख रहा है कि महिला उससे दूर जाने की कोशिश करती है,लेकिन वह शख्स महिला को बार-बार छूने की कोशिश करता है। वीडियो में दोनों की बातचीत भी सुनाई दे रही है। शख्स महिला का हाथ पकड़कर कहता है, सुनो, मेरे साथ आओ। मैं अकेला हूं। उधर, महिला बार-बार नहीं, नहीं, नहीं चिल्लाते हुए उसका हाथ अपने ऊपर से हटाने की कोशिश करते दिख रही है।

महिला शख्स को जवाब में कहती है, मैं अकेली नहीं हूं, महिला व्लॉगर उस व्यक्ति को लगातार दूर धकेलने की कोशिश करते हुए चिल्लाती। इसके बाद वह महिला को जबरदस्ती पकड़कर चूमने लगता है। जब महिला मदद के लिए चिल्लाई तो आरोपी मौके से भाग निकला। घटना के बाद, व्लॉगर ने मकाऊ की यात्रा की, जहां उसने एक अन्य लाइवस्ट्रीम पर अपनी आपबीती साझा की, और हमले के दौरान लगी चोटों को भी दिखाया।

वीडियो ने सोशल मीडिया पर बड़े पैमाने पर आक्रोश फैलाया है, कई यूजर्स ने महिला व्लॉगर की सुरक्षा के बारे में चिंता जताई है। सोशल मीडिया पर कुछ यूजर्स ने दावा किया है कि वीडियो में दिख रहा शख्स अमित जरियाल है। एससीएमपी की एक रिपोर्ट के अनुसार, वेटर के रूप में कार्यरत इस व्यक्ति को मंगलवार को कैनेडी टाउन में बेलचर्स स्ट्रीट से हिरासत में लिया गया। आरोपी को अभद्र हमला करने और महिला से छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

क्वांटस ने कोविड के दौरान अवैध रूप से 1,700 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला- कोर्ट

कैनबरा, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के उच्च न्यायालय ने बुधवार को सर्वसम्मति से उस फैसले को बरकरार रखा जिसमें कहा गया था कि फ्लैग कैरियर क्वांटास ने नवंबर 2020 में कोविड-19 महामारी के दौरान देश भर के 10 हवाई अड्डों पर 1,700 कर्मचारियों को अवैध रूप से नौकरी से निकाल दिया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, देश की सर्वोच्च अदालत के फैसले में पाया गया कि क्वांटास ने ऑस्ट्रेलिया के फेयर वर्क एक्ट का उल्लंघन किया है, जो कर्मचारी अधिकारों की रक्षा करता है। हवाईअड्डों पर सामान संभालने वालों और सफ़ाईकर्मियों की बर्खास्तगी ऐसे समय में हुई जब देश ने अपनी सीमाएं बंद कर दी थीं और व्यापार गिर रहा था। अदालत ने माना कि हालांकि क्वांटास के पास इस कदम के लिए ठोस व्यावसायिक कारण हैं, इसने कर्मचारियों को संरक्षित औद्योगिक कार्रवाई और सौदेबाजी में शामिल होने के उनके अधिकारों से वंचित कर दिया। बुधवार को एक बयान में बताया गया, क्वांटास ने महामारी के दौरान 1,700 लोगों को नौकरी से निकालने के लिए माफी मांगी, लेकिन साथ में यह भी कहा कि यह कोविड के दौरान एक आवश्यक वित्तीय उपाय था। बीबीसी ने बयान के हवाले से कहा, जैसा कि हमने शुरू से कहा है, हमें आउटसोर्सिंग के फैसले से प्रभावित सभी लोगों पर पड़े व्यक्तिगत प्रभाव पर गहरा अफसोस है और हम दिल से माफी मांगते हैं। अदालत के फैसले का कई लोगों ने स्वागत किया। ट्रांसपोर्ट वर्कर्स यूनियन ने कहा कि यह निष्कर्ष इस बात का प्रमाण है कि पूरे क्वांटास बोर्ड को एक कार्यकर्ता प्रतिनिधि सहित नए निदेशकों द्वारा प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए।

लाखों खर्च कर इंसान से कुत्ता बने शख्स की नई ख्वाहिश, बोला- अब प्यार की तलाश

न्यूयॉर्क, एजेंसी। एक जापानी व्यक्ति जिसने खुद को कुत्ता बनाने के लिए 14,000 डॉलर खर्च कर डाले, दुनिया अब इसे टोको नाम से जानती है। अब इसने अपनी नई ख्वाहिश शेयर की है। इसकी इच्छा है कि वह जानवरों की तरह नहीं जीना चाहता। अब वह प्यार चाहता है और फिल्म स्टार बनना भी।

न्यूयॉर्क टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में जापानी शख्स टोको ने कहा, मैंने खुद को कोली कुत्ता नस्ल बनना चुना क्योंकि मुझे उन्हें पालना पसंद है। दूसरी बात, क्योंकि अगर यह स्वाभाविक रूप से बड़े आकार की नस्ल नहीं होती, तो किसी द्वारा पोशाक के रूप में पहने जाने पर यह अस्वाभाविक रूप से असंगत नहीं लगती। टोको ने आगे कहा कि कोली का लंबा फर मानव शरीर को छिपाने में मदद करता है।

फिल्म स्टार बनना चाहता हूं: टोको ने फिल्म स्टार बनने की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छा होगा अगर मैं अपने हुनर का उपयोग कर सकूं और एक फिल्म में कुत्ते के रूप में प्रदर्शित होने का अवसर पा सकूं। टोको ने खुलासा किया कि वह लंबे समय से एक जानवर के रूप में जीना चाहता था, लेकिन अपने सपने को हकीकत में बदलने की हिम्मत नहीं थी। उसने कहा, लगभग ढाई साल पहले...मैंने वास्तव में कई कंपनियों से कुत्ते की पोशाक बनाने की इच्छा के बारे में बात की थी। उनके प्यारे परिधान को किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा बनाने में छह महीने लगे। टोको ने इस गर्मी में पहली बार सार्वजनिक रूप से परिधान पहना और उनकी पहली सैर का वीडियो बड़े पैमाने पर वायरल हुआ। वह अब पोशाक पहनकर बाहर जाने में सहज हैं।

प्यार पाना चाहता है टोको: टोको अब एक मादा कुत्ते से प्यार पाना चाहता है। उसका कहना है कि मुझे लगता है कि अगर ऐसा कुछ होता तो बहुत अच्छा होता, उन्होंने एक महिला के साथ रोमांस के बारे में बात करते हुए कहा, जो उनकी तरह एक कुत्ते की तरह तैयार होना चाहेगी। मैं उनसे मिलना चाहूंगा।

टोको ने स्वीकार किया कि पूरे दिन चारों तरफ चलना शारीरिक रूप से थका देने वाला होता है, लेकिन मेरे अंदर उत्साह इसे करने लायक बनाता है। उन्होंने कहा, कठिन या शारीरिक रूप से असहज होने के बजाय, इस अनुभव से मुझे मिलने वाली आनंद की भावनाएं अधिक मजबूत हैं।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129